राष्ट्रीय मुख्यधारा PRESS
PRINT | WEB | VIDEO
बोकारो, शुक्रवार
14.02.2025
पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/
वर्ष : 12, अंक : 14
हिन्दी दैनिक
mukhyadhara.daily@gmail.com
+91 8873 319 159
RNI : JHAHIN/2014/54374

# राष्ट्रीय मुख्यधारा

www.rashtriyamukhyadhara.com
अख़बार भी, आन्दोलन भी



राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

# नीला अंबर, रिमझिम फुहार: अमेरिका में ट्रंप से पहले कुदरत ने किया पीएम मोदी का वेलकम

**एजेंसी। वॉशिंगटन**





नीला आसमान, रिमझिम बारिश और लहराते तिरंगे के बीच पीएम मोदी आज अमेरिका पहुंचे। विमान से उतरते वक्त नजारा ऐसा था, मानो ट्रंप से पहले कुदरत ही स्वागत में उतरा हो। आज सुबह जब पीएम मोदी वाशिंगटन पहुंचे तो उनके स्वागत में आसमान भी पानी बरसा रहा था। बूंदाबांदी और नीले आसमान के तले अमेरिका और भारत का झंडा लहरा रहा था। तभी पीएम मोदी का विमान लैंड किया। प्रधानमंत्री मोदी जब अमेरिका के जॉइंट एंड्रयूज बेस पहुंचे तो यहां भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। उनकी एक झलक पाने के लिए भारतीय समुदाय के कई लोग ठंडी हवाओं और बारिश में भी डटे रहे। पिछले महीने ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति पद संभालने के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली द्विपक्षीय वार्ता होगी। आज उनकी मुलाकात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से होगी। पीएम मोदी शायद साउथ एशिया के पहले राष्ट्राध्यक्ष होंगे, जो डोनाल्ड ट्रंप से सबसे पहले मिल रहे हैं।पीएम मोदी की मेजबानी खुद डोनाल्ड ट्रंप करेंगे। पीएम मोदी की यह यात्रा ऐसे वक्त में हो रही है, जब यूक्रेन-रूस जंग को लेकर शांति की कवायदें जारी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी दो दिवसीय अमेरिकी दौरे पर व्यापार, रक्षा और ऊर्जा सहयोग जैसे मुद्दों पर ट्रंप से बातचीत करेंगे। इतना ही नहीं, एच1 वीजा, आतंकवाद, भारत-प्रशांत क्षेत्र, और अमेरिका में छिपे गैंगस्टर जैसे मुद्दों पर भी बात हो सकती है। ट्रंप की वापसी के बाद पीएम मोदी की यह पहली यात्रा है। पीएम मोदी अमेरिकी राजधानी शहर के बीचों-बीच अमेरिकी राष्ट्रपति के अतिथि गृह ब्लेयर हाउस में ठहरे हैं। इधर, ट्रंप की टैरिफ नीति से दुनिया भर में उथल-पुथल मची हुई है। ऐसे में मोदी की प्राथमिकता भारत के खिलाफ वाशिंगटन के किसी भी एक्शन को रोकने की होगी। भारत-अमेरिका संबंधों पर नजर रखने वाले लोगों का मानना है कि दोनों पक्षों की ओर से हाई टैरिफ से बचने और समग्र व्यापार क्षेत्र का विस्तार करने के लिए एक व्यापार समझौते को देखने के विकल्प की संभावना तलाशने की संभावना है। अपनी बैठक में दोनों नेता मोटे तौर पर व्यापार, निवेश, ऊर्जा, रक्षा, प्रौद्योगिकी और आव्रजन जैसे क्षेत्रों में भारत-अमेरिका सहयोग को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। हालांकि, यह देखना दिलचस्प होगा कि पीएम मोदी और ट्रंप के बीच बैठक से किस तरह के व्यापक संकेत मिलते हैं। दोनों नेता अपनी निजी घनिष्ठता के लिए जाने जाते हैं। ट्रंप के पहले कार्यकाल में भी गजब की केमिस्ट्री दिखी थी।

## अमेरिका पहुंचते ही तुलसी गबार्ड ने की मोदी से मुलाकात



**वॉशिंगटन।** पूर्व सैन्य कर्मी हैं और वह डेमोक्रेटिक पार्टी से कांग्रेस (अमेरिकी संसद) की सदस्य रह चुकी तुलसी गबार्ड खुद को हिंदू बताती हैं, उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकत की। पीएम मोदी ने इस मुलाकात की जानकारी देते हुए एक्स पर लिखा, वाशिंगटन डीसी में यूएसए की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड से मुलाकात की। उन्हें नियुक्ति की बधाई दी। भारत-यूएसए मैत्री के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की, जिसकी वे हमेशा से प्रबल समर्थक रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका की यात्रा पर हैं और भारतीय समयानुसार गुरुवार तड़के अमेरिकी राजधानी पहुंचे। उन्होंने एक्स पर लिखा, "कुछ समय पहले वॉशिंगटन डीसी पहुंचा हूं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने को लेकर ख़ुश हूं। भारत और अमेरिका के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी बनाने को लेकर उत्साहित हूं। हम दोनों देश अपने लोगों और अपनी धरती के बेहतर भविष्य के लिए मिलकर काम करते रहेंगे। 4 घंटे पहलेअमेरिकी ख़ुफ़िया विभाग की प्रमुख तुलसी गबार्ड से मोदी की मुलाक़ात, क्या हुई बात? भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका में तुलसी गबार्ड से मुलाक़ात की। तुलसी गबार्ड को अमेरिका की डायरेक्टर ऑफ़ नेशनल इंटेलिजेंस बनाए जाने की पुष्टि की गई। पीएम मोदी ने इसके लिए तुलसी गबार्ड को बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, "वॉशिंगटन डीसी में अमेरिका की डायरेक्टर ऑफ़ नेशनल इंटेलिजेंस तुलसी गबार्ड से मुलाक़ात की।

# पीएम मोदी को एयरपोर्ट तक विदा करने आए मैक्रों के अंदाज ने दुनिया को किया आकर्षित

**एजेंसी। पेरिस**



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खातिरदारी में कोई कसर नहीं छोड़ी। फ्रांस का दौरा पूरा होने के बाद जब पीएम मोदी के साथ एयरपोर्ट पर आए मैक्रों ने मोदी से हाथ मिलाया, गले मिले और विमान तक छोड़ा। राष्ट्रपति के इस अंदाज ने पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फ्रांस यात्रा का एक अनूठा पहलू यह रहा कि राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने उन्हें न सिर्फ खूब समय दिया बल्कि सम्मान भी दिया। पल-पल उनके साथ रहे। हर प्रोग्राम में उनके हमकदम बने रहे। पीएम मोदी के साथ हाथ मिलाया, उनके गले मिले और जब विदा करने का वक्त आया तो खुद उन्हें छोड़ने के लिए विशेष विमान तक पहुंचे। पीएम मोदी के लिए राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का यह गेस्चर खूब वायरल हो रहा है। इंडियंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। सामरिक मामलों के जानकारों का कहना है कि मैक्रों ने जिस तरह की दोस्ती दिखाई है, वैसा इससे पहले किसी भी नेता के साथ नहीं हुआ। वे पीएम मोदी को जताते नजर आए कि भारत के साथ उनका रिश्ता बेहद खास है। विजिट के पहले दिन जब डिनर का आयोजन किया गया तो राष्ट्रपति मैक्रों हर वक्त पीएम मोदी के साथ रहे। अगले दिन एआई एक्शन समिट में भी यह दोस्ती नजर आई। खुद मैक्रों ने एक्स पर इसका वीडियो शेयर किया। लिखा, पेरिस में आपका स्वागत है, मेरे मित्र नरेंद्र मोदी। इसमें पीएम मोदी और मैक्रों साथ-साथ नजर आ रहे हैं। एआई समिट में भी इमैनुएल मैक्रों भारत की तारीफ करते नजर आए। साथ ही ऐलान भी कर दिया कि भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर अगले इंटरनेशनल समिट की मेजबानी करेगा। तब पीएम मोदी ने भी उनकी तारीफ की। पीएम मोदी ने कहा, यह सिर्फ एक बिजनेस इवेंट नहीं है- यह भारत और फ्रांस के सबसे ब्राइटेस्ट माइंड का संगम है। पीएम मोदी ने तब भारत और फ्रांस के बीच गहरे विश्वास और साझा मूल्यों को दुनिया के सामने रखा। बताया कि किस तरह फ्रांस और भारत मिलकर डेमोक्रेटिक वैल्यूज, इनोवेशन और लोगों की सेवा के लिए काम कर रहे हैं। दोनों के बीच सिर्फ लोकतांत्रकि मूल्य ही नहीं जुड़े हैं, हमारे बीच गहरा भरोसा भी है। यह हमारे लोगों के बीच संबंध है। मैक्रों और पीएम मोदी के बीच खास रिश्ता उस वक्त भी दिखा, जब दोनों नेता एक ही विमान से मार्सिले तक गए। राष्ट्रपति मैक्रों ने उतरते ही मार्सिले में पीएम मोदी के लिए डनिर की मेजबानी की।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान के संघर्ष विराम उल्लंघन को भारत ने किया खारिज

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने पाकिस्तान सीमा पर किसी भी तरह के संघर्ष विराम उल्लंघन से इनकार किया है। बॉर्डर पर दोनों ओर से भारी-कैलिबर हथियारों से गोलीबारी का कोई आदान-प्रदान नहीं हुआ है। नियंत्रण रेखा पर छोटी-मोटी घटनाएं अभूतपूर्व नहीं हैं। उचित स्तर पर पाकिस्तानी सेना के समक्ष चिंता व्यक्त की गई है। सेना का यह बयान उस समय आया है, जब बुधवार शाम को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तानी सेना की ओर से संघर्ष विराम का उल्लंघन किए जाने की जानकारी मिली। ख़बरों में बताया गया कि पाकिस्तानी सैनिकों ने बिना उकसावे के गोलीबारी की, जिसके बाद भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया। भारतीय पक्ष में किसी के हताहत होने या नुकसान की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। सेना ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम बरकरार है और भारत और पाकिस्तान सेनाओं के बीच सहमति के अनुसार इसका पालन किया जा रहा है। नियंत्रण रेखा पर क्रॉस-लाइन फायरिंग की कुछ छिटपुट घटनाओं और नियंत्रण रेखा पर एक संदिग्ध आईईडी विस्फोट के कारण तनाव को स्थापित तंत्र के माध्यम से निपटाया जा रहा है। भारी-कैलिबर हथियारों से गोलीबारी का कोई आदान-प्रदान नहीं हुआ है। नियंत्रण रेखा पर छोटी-मोटी घटनाएं अभूतपूर्व नहीं हैं। उचित स्तर पर पाकिस्तानी सेना के समक्ष चिंता व्यक्त की गई है। दरअसल, जम्मू जिले की नियंत्रण रेखा पर मंगलवार को अखनूर सेक्टर में दोपहर करीब 3.50 बजे भट्टल क्षेत्र में एक चौकी के पास एक संदिग्ध आईईडी विस्फोट हुआ था।

### परीक्षा पे चर्चा का तीसरा एपिसोड : उपकरण के रूप में उपयोग करें एआई, लेकिन तकनीक से परे जीवन का भी लें आनंद

**नई दिल्ली।** परीक्षा पे चर्चा (पीपीसी)-2025 के तीसरे एपिसोड में गुरुवार को टेक्नीकल गुरुजी के नाम से मशहूर गौरव चौधरी और एडलवाइस म्यूचुअल फंड की एमडी और सीईओ राधिका गुप्ता ने विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग की बुनियादी बातों से परिचित कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण के लिए अपने दैनिक जीवन में एआई को एक उपकरण के रूप उपयोग करने का सुझाव दिया। साथ ही चेताया कि यदि हर चीज के लिए हम उस पर निर्भर हो जाएंगे तो हमारी क्रिएटिविटी प्रभावित होगी। इसलिए तकनीक से परे जीवन का आनंद भी लें। इस मौके पर टेक्नीकल गुरुजी ने छात्रों को तकनीक का प्रभावी ढंग से उपयोग करने को लेकर मार्गदर्शन किया, यह सुनिश्चित करते हुए कि यह उनकी पढ़ाई में बाधा बनने के बजाय उनकी सबसे बड़ी ताकत बने। उन्होंने स्मार्ट स्टडी ऐप्स, डिजिटल नोट्स और ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म के लाभों पर प्रकाश डाला, जिससे छात्रों को अपनी शैक्षणिक यात्रा में तकनीक को एकीकृत करने में मदद मिली। उन्होंने छात्रों को एआई पर पूरी तरह निर्भर रहने के बजाय इसे एक उपकरण के रूप में उपयोग करने की सलाह दी और उन्हें तकनीक से परे वास्तविक जीवन के अनुभवों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। राधिका गुप्ता ने एआई, डेटा साइंस और कोडिंग के बढ़ते महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि कैसे प्रौद्योगिकी की भूमिका का विस्तार जारी रहेगा, जिससे छात्रों के लिए इसे समझना और सही तरीके से उपयोग करना आवश्यक हो जाएगा।

# वित्त मंत्री ने लोकसभा में पेश किया नया आयकर विधेयक-2025



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में बहुप्रतीक्षित नया आयकर विधेयक-2025 पेश कर दिया। नए आयकर विधेयक को सलेक्ट कमेटी के पास भेज दिया गया है। इसके साथ ही लोकसभा की कार्यवाही 10 मार्च सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने लोकसभा में नया आयकर विधेयक-2025 को पेश करते हुए कहा, "हम आयकर धाराओं की संख्या घटाकर 536 कर रहे हैं।" उन्होंने कहा कि आयकर विधेयक में अध्यायों की संख्या में कमी के साथ-साथ महत्वपूर्ण बदलाव किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस विधेयक का उद्देश्य 64 साल पुराने आयकर अधिनियम में बड़े पैमाने पर बदलाव करना है। नया आयकर विधेयक-2025 भारत की मौजूदा आयकर प्रणाली और वैधानिक प्रावधानों में एक क्रांतिकारी बदलाव के रूप में लाया गया है, जो 21वीं सदी की प्रगति और आर्थिक वास्तविकताओं के अनुरूप पुराने आयकर अधिनियम, 1961 को निरस्त करता है।

**जेपीसी पर विपक्ष का लोकसभा में हंगामा, स्पीकर ने कहा- सभी विषयों को रिपोर्ट में शामिल किया गया।** राज्यसभा के बाद लोकसभा में भी गुरुवार को वक्फ संशोधन विधेयक पर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट को पेश करने के दौरान विपक्ष ने हंगामा किया। विपक्ष ने आपत्ति जताई कि उनके कई साथियों के असहमति नोट को रिपोर्ट में शामिल नहीं किया गया है। इसपर लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि इस संबंध में जिन भी विषयों को उनके समक्ष उठाया गया है उसे रिपोर्ट के एनक्चर (अनुलग्नक) में शामिल किया गया है। हालांकि विपक्ष ने इस मुद्दे पर सांकेतिक बाहिर्गमन किया। जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने रिपोर्ट को लोकसभा में पेश किया। इसके बाद विपक्ष के नेता हंगामा करते हुए सदन के बीचों-बीच आ गए। इसपर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि विपक्ष के नेताओं ने आपत्ति जताई है कि उनके विमत (असहमति भरे नोट) शामिल नहीं किए गए हैं। वे अपनी पार्टी की ओर से आग्रह करते हैं कि लोकसभा अध्यक्ष कार्यप्रणाली के तहत जो जोड़ना चाहें जोड़ें, उनकी पार्टी को कोई आपत्ति नहीं है।


### लोकसभा: बजट सत्र का पहला भाग समाप्त, कार्यवाही 10 मार्च तक स्थगित



**नई दिल्ली।** लोकसभा में बजट सत्र का प्रथम चरण आज पूरा हो गया और कार्यवाही 10 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा अध्यक्ष ने सत्र के प्रथम भाग को उत्पादक बताया और सभी से आगे भी सहयोग की अपेक्षा की। प्रथम भाग के अंतिम दिन आज लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट पेश की गयी। आयकर विधेयक भी पेश किया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्यवाही के पूरा होने पर सदन को अवगत कराया कि इस भाग की उत्पादकता 112 प्रतिशत रही। सदन ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर 17 घंटे 23 मिनट की सार्थक चर्चा की। इसमें 173 सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान कार्यवाही देर रात्रि तक भी चली। वहीं बजट पर 16 घंटे 13 मिनट चर्चा हुई। इसमें 170 सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। उन्होंने अपेक्षा जताई की आगे भी सदस्य सहयोग करते रहेंगे।

# वक्फ बिल पर हंगामें के बीच जेपीसी रिपोर्ट राज्यसभा में पेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**



वक्फ बिल पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट को भारी हंगामे के बीच राज्यसभा में पेश किया गया है, जिसे उच्च सदन ने स्वीकार भी कर लिया है। विपक्षी दलों ने इस बिल को अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर हमला करार देते हुए इसे वापस लेने की मांग की है। वहीं लोकसभा में विपक्ष के जोरदार हंगामें के चलते सदन की कार्यवाही दोपहर 02 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। संसद में आज गुरुवार को दिन काफी अहम है, क्योंकि आज ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण नया इनकम टैक्स बिल पेश करेंगी। संसद के बजट सत्र के पहले भाग का आज आखिरी दिन भी है। बताया जा रहा है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया जाने वाला 622 पेज का नया बिल 60 साल पुराने इनकम टैक्स एक्ट 1961 की जगह लेगा। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया और नारेबाजी करते हुए वेल में पहुंच गए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शांति बनाए रखने की अपील की, लेकिन हंगामा जारी रहने के कारण सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। राज्यसभा में गुरुवार को वक्फ बोर्ड बिल पर जेपीसी की रिपोर्ट पेश की गई है। भाजपा सांसद मेधा कुलकर्णी ने यह रिपोर्ट पेश की है, जिसे उच्च सदन ने स्वीकार कर लिया है। इसे लेकर संसद में आज विपक्ष के तेवर तीखे नजर आ रहे हैं। आज की कार्यवाही के बाद संसद के बजट सत्र का पहला भाग संपन्न होने जा रहा है, और दूसरा 10 मार्च से 4 अप्रैल तक चलेगा। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने जेपीसी की रिपोर्ट पर गंभीर संवैधानिक खामियों का हवाला देते हुए सरकार से पुनर्विचार करने की अपील की। वहीं, जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने बताया कि रिपोर्ट तैयार करने में सभी संबंधित पक्षों से बातचीत की गई और 14 धाराओं में 25 संशोधन स्वीकार किए गए हैं। विपक्ष का आरोप है कि यह बिल अल्पसंख्यकों के अधिकारों को सीमित करने का प्रयास है।

### वक्फ पर जेपीसी की पूरी रिपोर्ट पेश की गई, विपक्ष की आपत्तियां गलतः किरेन रिजिजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने राज्यसभा में पेश की गई वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट में विपक्ष की आपत्तियों को शामिल नहीं किए जाने के आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया के तहत पूरी रिपोर्ट को पेश किया गया है। केवल समिति और अध्यक्ष के बारे में की गई टिप्पणियों को अध्यक्ष ने अपने अधिकार का उपयोग कर हटाया है। रिजिजू ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि आज वक्फ संशोधन विधेयक से संबंधित रिपोर्ट को दोनों सदनों में पेश किया जाना था।

### पाकिस्तानी सेना ने की सीमा पर गोलीबारी, भारत ने दिया जवाब 6 को किया ढेर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में एलओसी पर पाकिस्तानी सेना ने सीजफायर का उल्लंघन किया है। सीमा पार से गोलीबारी की लेकिन भारतीय सेना ने भी इसका मुंह तोड़ जवाब दिया। पाकिस्तानी सेना के जवानों ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पार गोलीबारी कर दी। इसका भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया। इसमें पाकिस्तान को बड़ा नुकसान हुआ। उसके 6 जवान मारे गए हैं कई घायल भी हुए हैं। सुरक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। अधिकारियों ने बताया कि कृष्णा घाटी सेक्टर में पाकिस्तान की ओर से सीजफायर का उल्लंघन किया गया, जब एक दिन पहले ही जम्मू जिले के अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध आतंकवादियों की ओर से किए गए आईईडी विस्फोट में एक कैप्टन सहित दो भारतीय सैन्यकर्मियों की जान चली गई थी।

# मौसम के अनुकूल बनी पहली वंदे भारत ट्रेन

**एजेंसी। श्रीनगर**

## 17 फरवरी को पीएम मोदी दिखाएंगे हरी झंडी



कश्मीर जाने वाले यात्रियों के लिए भारतीय रेलवे ने एक बड़ी सौगात दी है। कटरा से श्रीनगर के बीच पहली वंदे भारत ट्रेन शुरू होने जा रही है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 फरवरी को करेंगे। यह ट्रेन विशेष रूप से कश्मीर के ठंडे मौसम को ध्यान में रखते हुए डिजाइन की गई है और माइनस 30 डिग्री सेल्सियस तापमान में भी सुचारू रूप से चलने में सक्षम होगी। फिलहाल, दिल्ली से श्रीनगर जाने वाले यात्रियों को पहले कटरा पहुंचना होगा, फिर वहां से वंदे भारत ट्रेन के जरिए श्रीनगर तक का सफर तय करना होगा। इस ट्रेन को शुरुआती चरण में कटरा से श्रीनगर के बीच चलाया जाएगा और बाद में इसका विस्तार जम्मू तक किया जाएगा।

**किन स्टेशनों पर रुकेगी ट्रेन? :** यात्रा के दौरान यह ट्रेन रियासी, बक्कल, दुग्गा, सावलकोट, संगलदान, सुंबेर, खारी, बनिहाल, काजीगुंड, सदुरा, अनंतनाग, बिजबेहरा, पंजगाम, अवंतीपोरा, रत्निपोरा, काकापोरा और पंपोर जैसे प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी। यात्रियों को मिलेगी फ्लाइट जैसी सुविधा, लेकिन सस्ते में कटरा से श्रीनगर की दूरी यह ट्रेन ढाई से तीन घंटे में पूरी करेगी। ट्रेन में सिर्फ चेयर कार कोच होंगे, जिनमें सामान्य चेयर कार और एग्जीक्यूटिव क्लास चेयर कार शामिल हैं। यात्री अब महंगे फ्लाइट टिकटों और बड़े सामान की सीमा की चिंता किए बिना आरामदायक सफर का आनंद ले सकेंगे।

### रेलवे की नई सौगात से पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

विशेषज्ञों का मानना है कि इस ट्रेन से जम्मू-कश्मीर में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और यात्रियों को अधिक सुविधाजनक यात्रा का विकल्प मिलेगा। साथ ही, इस ट्रेन के जरिए कश्मीर घाटी को बाकी भारत से बेहतर कनेक्टिविटी भी मिलेगी।

# राष्ट्रपति ने युवा प्रोबेशनर्स से नागरिक-केंद्रित, कुशल और पारदर्शी शासन प्रणाली बनाने का प्रयास करने का किया आग्रह



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को भारतीय सिविल लेखा सेवा सहित विभिन्न युवा प्रोबेशनर्स से खुद को उन्नत प्रौद्योगिकियों और कौशल से अवगत रखने और अधिक नागरिक-केंद्रित, कुशल और पारदर्शी शासन प्रणाली बनाने का प्रयास करने का आग्रह किया। भारतीय सिविल लेखा सेवा, भारतीय डाक और दूरसंचार (वित्त और लेखा) सेवा, भारतीय रेलवे प्रबंधन सेवा (लेखा) और भारतीय डाक सेवा के प्रोबेशनर्स के एक समूह ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात की। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि युवा अधिकारियों के पास अपने कामकाज के माध्यम से राष्ट्र के विकास और समृद्धि में सीधे योगदान करने का अवसर है, चाहे वह सार्वजनिक वित्त का प्रबंधन हो या पूरे देश में निर्बाध कनेक्टिविटी और संचार सुनिश्चित करना हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जैसे-जैसे भारत नवाचार और डिजिटल पहलों पर ध्यान केंद्रित करते हुए सतत और समावेशी विकास की ओर बढ़ रहा है, आप जैसे युवा सिविल सेवकों के पास महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि एक मजबूत सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली अच्छे शासन की नींव है। आप जिन सेवाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं, उनके पास एक सुदृढ़ वित्तीय प्रबंधन प्रणाली सुनिश्चित करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। दुनिया भर में, देश और संस्थान सार्वजनिक सेवा वितरण को बढ़ाने के लिए एकीकृत वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली विकसित कर रहे हैं, साथ ही लेखांकन, लेखा परीक्षा और बजट के लिए वैश्विक मानक भी स्थापित कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि युवा प्रोबेशनर्स ऐसे समय में अपनी सेवा में शामिल हुए हैं जब देश डिजिटल परिवर्तन का अनुभव कर रहा है। प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली, ई-बिल और डिजिटल ऑडिट सहित सरकार की प्रमुख पहलों ने शासन प्रणाली में प्रभावशीलता को काफी हद तक बढ़ाया है। ये पहल डिजिटल रूप से समावेशी वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि लोगों में सेवा वितरण में अधिक गति और दक्षता के साथ-साथ पारदर्शिता और जवाबदेही में वृद्धि की अपेक्षा लगातार बढ़ रही है।

### राहुल समेत कांग्रेस सांसदों ने संसद भवन परिसर में किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी के अन्य अनेक सांसदों ने गुरुवार को संसद भवन परिसर में मछुआरों तथा आदिवासियों के मुद्दों को लेकर प्रदर्शन किया है। केरल के तटीय और वन सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले समुदायों की जिंदगी बचाने का संदेश देते हुए प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस के सांसदों ने अपने हाथों में बैनर व तख्तियां ले रखीं थीं। संसद की कार्यवाही शुरू होती उससे पहले ही संसद भवन परिसर में मछुआरों तथा आदिवासियों के मुद्दे को लेकर कांग्रेस के अनेक सांसदों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ ही कांग्रेस महासचिव एवं वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी और अन्य सदस्यों ने हिस्सा लिया।

# मार्च में धरती पर वापस लौटेगी सुनीता विलियम्स, नासा ने बता दी तारीख



**वाशिंगटन।** अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर जल्द ही धरती पर वापस आने वाले है। नासा ने बताया कि मार्च के बीच में उन्हें वापस लाया जाएगा। दोनों अंतरिक्ष यात्री बीते 8 महीने से स्पेस स्टेशन में फंसे हुए हैं। इसके पहले दोनों अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी के लिए मार्च अंत या अप्रैल की समय सीमा तय की गई थी। उन्हें स्पेसएक्स के कैप्सूल से वापस लाया जाएगा। सुनीता पिछले साल 5 जून को बुच विल्मोर के साथ आईएसएस पर पहुंची थीं। उन्हें एक सप्ताह के बाद लौटना था। दोनों बोइंग के नए स्टारलाइनर कैप्सूल के टेस्ट के लिए गए थे, लेकिन इसमें खराबी आने के बाद दोनों आईएसएस पर ही रुक गए। इसके बाद से दोनों वहीं फंसे हुए हैं। इसके पहले नासा ने सुनीता और विल्मोर को फरवरी 2025 में एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट से वापस लाने की जानकारी दी थी। हालांकि ऐसा नहीं हो सका। मस्क अंतरिक्ष में फंसी सुनीता को वापस लाएंगे अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने स्पेस एक्सके मस्क से अंतरिक्ष में फंसी सुनीता और उनके सहयोगी बुच विल्मोर को वापस लाने का काम सौंपा है।


## संक्षिप्त समाचार

### शब-ए-बारात की छुट्टी 14 फरवरी को



**एजेंसीः रांची।** झारखंड सरकार ने शब-ए-बारात पर 14 फरवरी को छुट्टी की घोषणा की है। कार्मिक, प्रशानिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने इससे संबंधित आदेश गुरुवार को जारी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि 14 अक्टूबर 2024 में जारी अधिसूचना के तहत वर्ष 2025 में विभिन्न पर्वों और अवसरों पर झारखंड राज्य सरकार के अधीन सभी कार्यालयों के लिए अवकाश घोषित किया गया है। इस अधिसूचना में आंशिक संशोधन करते हुए शब-ए-बारात के अवसर पर 14 फरवरी 2025 (शुक्रवार) को कार्यपालक आदेश के तहत अवकाश घोषित किया जाता है।

### निर्माणाधीन बिल्डिंग से गिरकर मजदूर की मौत



**एजेंसीः रांची।** पुंदाग ओपी क्षेत्र के लाजपत नगर रोड नंबर 4 में निर्माणाधीन बिल्डिंग से गिरकर गुरुवार को एक मजदूर की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार मजदूर निर्माणाधीन बिल्डिंग के ऊपर काम कर रहा था। इसी दौरान वह अनियंत्रित होकर नीचे गिर गया। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने बताया कि पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 14 फरवरी को रहेंगी स्थगित

**एजेंसीः रांची।** राज्य भर में झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की ओर से ली जा रही मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शुक्रवार को स्थगित रहेंगी। राज्य सरकार ने मुस्लिम समुदाय के त्योहार शब ए बारात पर होनेवाले अवकाश के चलते इन परीक्षाओं को स्थगित किया है। अवकाश को लेकर उपर्युक्त दोनों परीक्षाओं में लिये जाने वाले पेपर की परीक्षा अगली तिथि चार मार्च को होगी। शुक्रवार को जिन पेपर की परीक्षाएं होनी थी उनमें जनजातीय भाषा खडिया, खोरठा, कुरमाली, नागपुरी और पंच परगनिया की परीक्षा शामिल हैं। उल्लेखानीय है कि ये परीक्षाएं 11 फरवरी से शुरू हैं और तीन मार्च तक होनेवाली थी, लेकिन अब ये परीक्षाएं चार मार्च तक चलेंगी। अवकाश के कारण राज्य के सभी सरकारी कार्यालय शुक्रवार को बंद रहेंगे। अवकाश को लेकर कार्मिक विभाग ने गुरूवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

### राज्यपाल से छात्र संघ के अध्यक्ष ने की भेंट



**एजेंसीः रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को आदिवासी छात्र संघ के अध्यक्ष सुशील उरांव ने राज भवन में भेंट। इस दौरान उन्होंने राज्य के विश्वविद्यालयों में कुरमाली, कुड़ुख, मुंडारी, हो तथा संथाली भाषा की पढ़ाई के लिए पहल करने का आग्रह किया।वहीं दूसरी ओर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के प्रिंस आजवानी ने राज भवन में राज्यपाल से भेंट की और गोवंश की रक्षा के लिए पहल करने का आग्रह किया।

### मौसम के तापमान में जारी रहेगा उतार चढ़ाव

**एजेंसीः रांची।** रांची और आसपास के इलाकों में गुरुवार को मौसम के तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव दर्ज किया गया। तापमान में पिछले तीन चार दिनों से बढोत्तरी हो रही थी। लेकिन गुरुवार को उत्तर, उत्तरी -पश्चिमी हवा के चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि फिलहाल तापमान में उतार चढ़ाव जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर उत्तरी- पश्चिमी हवाओं के कारण आनेवाले दो तीन दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की जाएगी। इसके बाद तापमान में फिर से बढोत्तरी होगी। वहीं गुरुवार को रांची में अधिकतम तापमान 30.3 डिग्री और न्यूतनतम तापमान 15.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बुधवार की तुलना में गुरुवार को रांची में न्यूनतम तापमान में एक डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। इसीप्रकार जमशेदपुर में 33.3 और 15.5, डालटेनगंज में 33.5 और 13.5, बोकारो में 32.5 और 12.1, चाईबासा में 34.4 और 13.2 तथा देवघर में अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री और न्यूतनतम तापमान 13.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### स्वास्थ्य के क्षेत्र में खूंटी को मिला तीन करोड़ का पुरस्कार

**एजेंसीः खूंटी।** स्वास्थ्य और पोषण क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन करने पर नीति आयोग ने खूंटी जिले को तीन करोड़ की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया है। खूंटी जिले में स्वास्थ्य एवं पोषण क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन रहा। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत नीति आयोग शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, बुनियादी ढांचा, कृषि, वित्तीय समावेशन और कौशल विकास जैसे पांच प्रमुख क्षेत्रों में प्रगति की निगरानी करता है। इन क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले को प्रोत्साहन के रूप में अतिरिक्त संसाधन दिए जाते हैं, ताकि विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी तरीके से संचालित किया जा सके। खूंटी जिले ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य एवं पोषण में उल्लेखनीय प्रगति की है। उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे जिले के लिए गर्व का क्षण है। यह पुरस्कार जिला प्रशासन के प्रयासों का परिणाम है। पुरस्कार राशि का उपयोग जन कल्याणकारी योजनाओं को गति देने और क्षेत्र में जीवन स्तर को बेहतर एवं सुदृढ़ बनाने के लिए किया जाएगा। उन्होंने जिला प्रशासन की टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि नीति आयोग की ओर से निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य करने और विकास में पारदर्शिता बनाए रखने का प्रमाण है।

### छात्रों के शिकायत पर की थी निर्माण में अनियमितता की जांच : मंत्री

**एजेंसीः पलामू।** रांची में गर्वनर संतोष गंगवार से मिलने के बाद मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने गुरूवार को पलामू में कहा कि नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय में भवन निर्माण में बरती गयी अनियमितता की जांच कई छात्र संगठनों की शिकायत पर की गयी थी। उन्होंने कहा कि लगभग 125 करोड़ रूपये की लागत से नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय का भवन निर्माण किया गया है। लेकिन निर्माण में अनियमितता बरती गई है। छात्रों की शिकायत पर वे 11 फरवरी को विश्वविद्यालय के निर्मित भवन को देखने गये थे। उन्होंने पाया कि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक तथा एकेडमिक भवन में लगाये गए खिड़की-दरवाजे की गुणवत्ता संभवतः तय मानकों के अनुरूप नहीं है। एकेडमिक भवन की खिड़कियों में ग्रिल नहीं लगायी गयी है। परिणाम स्वरूप सुरक्षा खतरों से इनकार नहीं किया जा सकता है। विश्वविद्यालय के निरीक्षण के क्रम में कुलसचिव शैलेश कुमार मिश्रा उपस्थित थे। उन्होंने मंत्री को बताया कि निर्मित भवनों में पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है। विश्वविद्यालय प्रशासन के द्वारा प्रशासनिक और एकेडमिक भवन को हस्तगत कर लिया गया। एकेडमिक भवन में पेयजल की सुविधा नहीं रहने के कारण सभी कक्षाओं का अध्ययन कार्य नहीं हो रहा है। वहां छात्र संगठन से जुड़े कुछ लोगों ने मुझे यह भी बताया कि निर्मित भवन की दीवार में हल्की दरारें भी आ गयी हैं। शंका उत्पन्न करने वाली बात यह है कि बिना पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराये, भवन में लगाये गए दरवाजे-खिड़की में घटिया सामग्री तथा प्राक्कलन में उल्लेखित कार्यों का सत्यापन किए बिना कुलसचिव के द्वारा भवन को हैंडओवर क्यों लिया गया।

## भाजपा ने एकलव्य प्रशिक्षण और शिक्षा प्रोत्साहन योजना पर हेमंत सरकार को घेरा

**एजेंसीःरांची**




भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने अक्टूबर 2023 में झारखंड सरकार के उच्च शिक्षा विभाग की ओर से जारी दो निविदाओं एकलव्य प्रशिक्षण योजना और मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना की स्थिति पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने वर्ष 2023 में इन दोनों योजनाओं की घोषणा की थी, जिनका उद्देश्य झारखंड के 35 हजार छात्रों को लाभ पहुंचाना था। इन योजनाओं के तहत छात्रों के लिए यूपीएससी, जेपीएससी, बैंक पीओ, मेडिकल, इंजीनियरिंग, एसएससी, होटल मैनेजमेंट, मास कम्युनिकेशन, रेलवे बोर्ड आदि जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मुफ्त कोचिंग की व्यवस्था की गई थी। इसके अलावा, छात्रों को हर महीने 2500 रुपये की आर्थिक सहायता देने का प्रावधान भी था। साह ने गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि इन दोनों योजनाओं के लिए लगभग 350 करोड़ का बजट डेढ़ साल पहले ही स्वीकृत किया गया था लेकिन, हैरानी की बात है कि आज तक इस पर कोई कार्य नहीं हुआ। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि बिना किसी स्पष्ट कारण के इतनी महत्वपूर्ण योजना को रोककर झारखंड के हजारों छात्रों के भविष्य को अंधकार में क्यों धकेला गया। उन्होंने आशंका जताते हुए पूछा कि यदि इन योजनाओं के लिए बजट स्वीकृत हो चुका था तो क्या छात्रों के लिए निर्धारित फंड किसी अन्य योजना में डायवर्ट कर दिया गया। उन्होंने सरकार से यह भी स्पष्ट करने को कहा कि क्या ये योजनाएं पूरी तरह बंद कर दी गई हैं या आगामी बजट में इन्हें पुनः शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आमतौर पर छात्र हर वर्ष अप्रैल में नए सत्र के साथ कोचिंग शुरू करते हैं। यदि सरकार ने मार्च तक इन योजनाओं को लागू नहीं किया, तो फिर ये योजनाएं केवल कागजों तक ही सीमित रह जाएंगी और धरातल पर कभी उतर नहीं पाएंगी। इससे हजारों छात्रों का भविष्य प्रभावित होगा। यदि सरकार ने जल्द कोई ठोस निर्णय नहीं लिया, तो छात्रों का शैक्षिक भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। उन्होंने सरकार से अपील की कि शिक्षा से जुड़ी योजनाओं को राजनीतिक खींचतान से दूर रखते हुए तुरंत लागू किया जाए।

## घर में लगी आग,दंपति की जलकर मौत



**एजेंसीःरांची**

रांची के सोनाहातू थाना क्षेत्र अंतर्गत डिबाडीह गांव बने एक घर में आग लगने से दंपति की जिंदा जलने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार घटना बुधवार देर रात की है। डिबाडीह गांव में बाइक मकैनिक का काम करने वाले रंजीत साहू (46) और उनकी पत्नी मीना देवी (42) की आग में जलकर मौत हो गई है। घटना के समय घर में केवल पति-पत्नी ही मौजूद थे। गांव वालों ने बताया कि मृत रंजीत साहू का बेटा पंक्चर की दुकान चलाता है और वो रात के समय उसी दुकान में था, इसलिए उसकी जान बच गई। सोनाहातू थाना प्रभारी चंदन कुमार ने गुरुवार को बताया कि बाइक का काम करने वाले रंजीत साहू और उनकी पत्नी मीना देवी की घर में लगी आग की चपेट में आकर मौत हो गई है। जानकारी मिलने पर दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। बताया जा रहा है कि मृतक बाइक मिस्त्री रंजीत साहू खुदरा में लाकर पेट्रोल और डीजल भी बेचता था। रात में जब शॉर्ट सर्किट की वजह से घर में आग लगी तो वहां रखे पेट्रोल और डीजल की वजह से आग ने भयावह रूप ले लिया। इस बीच रंजीत और उसकी पत्नी को भागने का मौका नहीं मिला और दोनों की जलकर मौत हो गई।

## कई लोगों ने ली झामुमो की सदस्यता

**एजेंसीःरांची**



झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली के तत्वावधान में गुरवार को रांची महानगर अंतर्गत डोरंडा बाजार के पास शिविर लगाकर सदस्यता अभियान चलाया गया। झामुमो के जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम की अध्यक्षता में चलाए गए सदस्यता अभियान में पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य उपस्थित हुए। इस अवसर पर रांची जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, अश्विनी शर्मा, डॉ हेमलाल कुमार मेहता, संध्या गुड़िया, सोनू मुंडा एवं पूर्व पार्षद नसीम गद्दी, अफरोज आलम, कलाम आजाद, साहिल हबीब, आदिल इमाम, पुष्पा बरदेवा, सोहेल खान, रमजान रजा, माइकल रुंडा, समेत अन्य महानगर के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। सदस्यता अभियान को सफल बनाने में मुख्य रूप से पूर्व पार्षद नसीम गद्दी और साहिल हबीब का अहम योगदान रहा। कार्यक्रम में पार्टी की सदस्यता लेने वालों में रंजन कुमार सहाय, डॉ तुलसी साहू, बसंत राम, बीबी सिन्हा, दिलीप सिंह, ओपी उपाध्याय, शांति कुजूर, शीला उरांव, समेत अन्य लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली। वहीं पार्टी से जुड़ने वाले सभी नए सदस्यों को जिला संयोजक मंडली के सदस्यों और जिला और रांची महानगर के वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी का पट्टा पहनाकर और सदस्यता रसीद देकर पार्टी की सदस्यता दिलाई। मौके पर झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम ने कहा कि हमारे सदस्यता अभियान की शुरूआत 18 जनवरी से हुई है। पार्टी की ओर से जब जब शिविर लगाया जा रहा है तो लोगों का हुजूम आ रहा है और लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। पार्टी का जो लक्ष्य है हम उससे ज्यादा सदस्य जोड़ेंगे। संयोजक मंडली के सदस्यों ने बताया कि पार्टी नेतृत्व ने 50 लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है और हम निश्चित ही इस लक्ष्य को पूरा करेंगे।

## एडीजी ने कर्मयोगी पोर्टल के निबंधन और प्रशिक्षण कराने के दिये निर्देश




**एजेंसीःरांची**

कर्मयोगी पोर्टल पर निबंधन और प्रशिक्षण कराने को लेकर एडीजी सुमन गुप्ता ने गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में समीक्षा बैठक की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में सभी जिले के एसएसपी और एसपी शामिल हुए। इस दौरान छह पाठ्यक्रमों को निश्चित रुप से पूर्ण कराने के लिए व्यापक समीक्षा की गयी। जिनमें सरकारी कर्मचारियों के लिए आचार संहिता, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम, उभरती प्रौद्योगिकियों का परिचय, साइबर स्पेस में सुरक्षित रहें, मिशन लाइफ पर ओरिएंटेशन मॉड्यूल और कार्यस्थल पर योग ब्रेक शामिल हैं। समीक्षा से स्पष्ट हुआ कि विगत एक सप्ताह के अंदर लगभग 3769 अनुसंधानकर्ताओं ने कर्मयोगी पोर्टल पर निबंधन किया है। जिले के एसपी, एसएसपी को यह स्पष्ट निर्देश दिया कि विशेष अभियान चलाकर इस पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण और कर्मयोगी पोर्टल पर सभी अनुसंधान पदाधिकारियों का शत प्रतिशत निबंधन निश्चित रुप से एक माह के अंदर पूरा कराएं।

## राष्ट्रपति के आगमन को लेकर रांची की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव

**एजेंसीःरांची**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शुक्रवार (14 फरवरी) को दो दिवसीय दौरे पर रांची आ रही हैं। वह बीआईटी मेसरा के प्लैटिनम जुबली कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी। इसके बाद 15 फरवरी को दिल्ली लौट जायेंगी। उनके रांची आगमन की तैयारी जोर-शोर से चल रही हैं। इसे लेकर रांची के ट्रैफिक व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। इस संबंध में गुरुवार को ट्रैफिक एसपी ने आदेश जारी कर दिया है।

**ये रहेगा बदलाव**

- 14 फरवरी को सुबह आठ बजे से रात्रि दस बजे तक शहर में बड़े वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।
- 4 फरवरी को दोपहर तीन बजे से रात के सात बजे तक तक शहर में छोटे मालवाहन वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।
- 14 फरवरी को दिन के तीन बजे से छह बजे तक कांके, रातु, काठीटांड, दलादली, कटहल मोड़ की ओर जाने वाले वाहन शहर से मेन रोड, लालपुर रोड, कांटाटोली रोड से होकर अपने गंतव्य स्थान तक जा सकेंगे।
- 14 फरवरी को दोपहर तीन बजे से शाम छह बजे तक एयरपोर्ट रोड, हिनू चौक, बिरसा चौक, अरगोड़ा चौक, सहजानंद चौक, किशोरगंज चौक, न्यू मार्केट चौक, हॉटलिप्स चौक, राजभवन मोड़ तक सड़क का उपयोग कम से कम करें।
- 14 फरवरी को कांके रोड, रातु रोड, कटहल मोड़, काठीटांड की ओर से शहर की ओर आने वाले सभी वाहन कांके रिंग रोड, लालपुर चौक, कांटाटोली रोड होते हुए शहर में प्रवेश कर सकते हैं। आवश्यकतानुसार अन्य मार्गों को अल्प समय के लिए डायवर्ट और स्टॉप किया जा सकता है।
- 15 फरवरी को कांके की ओर से शहर में प्रवेश करने वाले सभी छोटे वाहन सुबह 09:30 बजे से सुबह 11:00 बजे तक रिंग रोड से होकर पिस्का मोड़, पंड़रा होते हुए शहर में प्रवेश करेंगे।
- 15 फरवरी को रांची रेलवे स्टेशन जाने वाले सभी वाहन मेन रोड से होकर फ्लाई ओवर के नीचे से बहु बाजार होते हुए जा सकते हैं।
- 15 फरवरी को सुबह 09:30 बजे से दोपहर 01:30 बजे तक कांके रिंग रोड से नेवरी रिंग रोड तक सड़क्र का उपयोग कम से कम करें।
- 15 फरवरी को सुबह 09:30 बजे से 01:30 बजे तक नेवरी रिंग रोड से बीआईटी मोड़ तक सड़क का उपयोग कम से कम करें। बीआईटी मोड़ से बुटी मोड़, कांटाटोली चौक, फ्लाईओवर, सिरम टोली चौक, सुजाता चौक, डोरंडा थाना चौक, हिनू चौक तक सड़क का इस्तेमाल कम से कम करें।

**एयरपोर्ट जाने वाले यात्रियों के लिए आवश्यक सूचना**-14 फरवरी को एयरपोर्ट जाने वाले सभी यात्रियों से अपील है कि जिनकी फ्लाइट 04:00 बजे से 05:30 बजे के बीच है, वे 03:30 बजे तक एयरपोर्ट पहुंच जाए। वहीं 15 फरवरी को एयरपोर्ट जाने वाले यात्री, जिनकी फ्लाइट दिन के 11:00 बजे से 01:30 बजे के बीच है, वे 11:30 बजे तक एयरपोर्ट पहुंच जाने का कष्ट करें।

**मैट्रिक और इंटर परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक सूचना**-मैट्रिक और इंटर के परीक्षार्थी, जिनकी परीक्षा 15 फरवरी को प्रथम पाली में है, वह परीक्षा केंद्र सुबह 09:30 बजे तक पहुंच जाये। वहीं द्वितीय पाली के परीक्षार्थी सुबह 12:00 बजे तक एग्जाम सेंटर पर पहुंच जाये।

## राज्यपाल से वित्त मंत्री मंत्री राधाकृष्ण ने की मुलाकात



**एजेंसीःरांची**

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने गुरुवार को राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल से उन्होंने नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय मेदनीनगर (पलामू) के गुणवत्तापूर्ण भवन निर्माण नहीं होने के संदर्भ में अवगत कराया। उन्होंने विश्वविद्यालय के भवन के निम्न स्तर का होने, निर्माण स्थल पर पेयजल के लिए कोई व्यवस्था नहीं होने तथा दरवाजा-खिड़की नहीं होने का उल्लेख किया। कई कमियों के बावजूद उक्त भवन, विश्वविद्यालय की ओर से स्वीकार कर लिया गया। उन्होंने नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के निर्मित भवन की गुणवत्तापूर्ण जांच के लिए राज्यपाल से आग्रह किया। राज्यपाल ने इस विषय को गंभीरता से लेते हुए तीन सदस्यीय जांच दल गठित की है। यह समिति 17 एवं 18 फरवरी को प्रश्नगत योजना का सम्पूर्ण निरीक्षण करेगी तथा प्राक्कलन एवं निर्माण की गुणवत्ता के संबंध में जांच करते हुए अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

## अफीम की अवैध खेती के खिलाफ लोगों को किया गया जागरूक



**एजेंसीःखंटी**

जिला प्रशासन की ओर से गुरुवार को कर्रा बाज़ार समेत अन्य क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अवैध अफीम की खेती के दुष्प्रभावों से आमजनों एवं किसानों को अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को अवैध खेती को छोड़कर वैकल्पिक एवं लाभकारी फसलों की ओर प्रेरित करने का प्रयास किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि अवैध अफीम की खेती न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि यह समाज और स्वास्थ्य के लिए भी घातक है। किसानों को समझाया गया कि वे अफीम की खेती को छोड़कर ड्रैगन फ्रूट, टमाटर, बैगन, मूंग जैसी लाभकारी फसलों की खेती करें, जिससे उनकी आजीविका भी सुरक्षित रहे और समाज में सकारात्मक बदलाव आए। जिला प्रशासन खूंटी का यह अभियान स्थानीय किसानों को वैकल्पिक खेती की ओर प्रेरित करने एवं क्षेत्र में सतत कृषि विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। इस दौरान किसानों को सरकार की ओर से उपलब्ध कराई जा रही कृषि योजनाओं एवं तकनीकी सहायता की जानकारी भी दी गई।

## महिला से शारीरिक संबंध बनाकर 12 लाख ठगने वाला युवक गया जेल

**एजेंसीः पलामू**




पुलिस ने 24 वर्ष की तलाकशुदा महिला से शारीरिक संबंध बनाकर उसकी 12 लाख की संपत्ति ठग लेने के मामले में कांदू मोहल्ला के धीरज चंद्रवंशी (28) को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। महिला दिल्ली में रहकर काम करती है और उसका मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र में भी घर है। महिला का आरोप है कि धीरज के घर आना जाना होता था। नजदीकियां बढ़ने के कारण एक दिन धीरज उसे नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ यौन संबंध बनाया और उसकी अश्लील तस्वीर खींच ली। फोटो दिखाकर बदनाम करने एवं बेइज्जत करने की धमकी दी। अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर बार-बार यौन संबंध बनाया करता था। इसी बीच इसकी जानकारी उसके पति को हुई तो उसके पति ने उसे तलाक दे दिया। युवक के परिजनों ने साजिश एवं षड्यंत्र रचकर उसकी शादी धीरज से कर दी। सारे सामान भी रख लिए। उसके बैंक खाते में तीन लाख रूपए थे। धीरज ने धीरे-धीरे सारे पैसे ले लिए। उसकी मां सुनीता देवी ने समूह से चार लाख रुपए कर्ज ली थी, उसे भी दूसरे से कर्ज लेकर चुकता किया। गहना बेचकर धीरज ने बैटरी वाला टेंपो 55 हजार देकर फाइनेंस कराया और सारी कमाई रख लेता था। इसी बीच उसके पिता राजकुमार कैंसर रोग के कारण बीमार पड़े और उनका दिल्ली में रहकर इलाज करवाया। तीन लाख से अधिक इलाज में खर्च किया। राजकुमार की दिल्ली में मौत हुई। वहीं महिला ने बताया कि नौकरी करने के लिए दिल्ली चली गई। जब मैं धीरज को दिल्ली बुलाई तो उसके माता-पिता इनकार कर दिए और उसकी शादी के लिए लड़की देखने लगे। इसकी जानकारी होने पर दिल्ली से लौटी तो उन लोगों ने मुझे घर में घुसने नहीं दिया और मारपीट की। धीरज उसके साथ शराब पीकर दुर्व्यवहार करता था। धीरज है उसके परिजनों ने मिलकर उसकी 10 से 12 लाख रुपए के गहने सहित अन्य संपत्ति ठग ली है।

## संक्षिप्त समाचार

### रजिस्टर टू जमा करने का निर्देश, लंबित दाखिल-खारिज मामलों के शीघ्र निपटारे के आदेश

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारोः** कसमार अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार ने सभी राजस्व कर्मचारियों को रजिस्टर टू को अंचल कार्यालय में जमा करने का सख्त निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जमीन से जुड़ी जानकारी प्राप्त करने के लिए जब लोग मुख्यालय पहुंचते हैं, तो समय पर सही जानकारी नहीं मिल पाती, जिससे असुविधा होती है। इस समस्या के समाधान के लिए रजिस्टर टू को अनिवार्य रूप से अंचल कार्यालय में जमा करने के आदेश दिए गए हैं।

इसके साथ ही, अंचल अधिकारी ने दाखिल-खारिज मामलों के शीघ्र निपटारे पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि कोई भी आवेदन लंबित न रहे और सभी मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो और दाखिल-खारिज की प्रक्रिया तेजी से पूरी हो।

### सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 15 फरवरी से, 16548 विद्यार्थी होंगे शामिल

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो** : सीबीएसई नई दिल्ली द्वारा आयोजित 10वीं और 12वीं की परीक्षा 15 फरवरी से शुरू होगी, जिसमें 9412 विद्यार्थी मैट्रिक और 7136 विद्यार्थी इंटर की परीक्षा देंगे। परीक्षा के सफल संचालन के लिए बोकारो जिले में 20 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें डीपीएस, चिन्मय विद्यालय, डीएवी, सरस्वती विद्या मंदिर, होली क्रॉस, केंद्रीय विद्यालय आदि शामिल हैं।

सिटी कोऑर्डिनेटर और चिन्मय विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा ने परीक्षा दिशा-निर्देश साझा करते हुए बताया कि विद्यार्थी सुबह 10 बजे से पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचे, स्कूल यूनिफॉर्म और आईडी कार्ड साथ रखें। उन्होंने परीक्षार्थियों को तनावमुक्त होकर आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने की सलाह दी।

अभिभावकों से भी अनुरोध किया गया कि वे घर में सकारात्मक माहौल बनाए रखें और बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालें। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी।

### बीएसएल में बेस्ट एम्प्लोयी ऑफ द मंथ अवार्ड से नवाजे गए 31 कर्मचारी



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो** : बीएसएल के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में वर्ष 2024 के मई से अगस्त माह के लिए बोकारो स्टील प्लांट के बेस्ट एम्प्लोयी ऑफ द मंथ अवॉर्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कुल एकतीस (31) कर्मचारियों को उनके कार्य में विशिष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। इस समारोह में अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी. आर. महापात्रा, अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी के साथ संबंधित विभागों के विभागाध्यक्ष सहित अन्य वरीय अधिकारी तथा पुरस्कार प्राप्त करने वाले कार्मिक और उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

अधिशासी निदेशक (संकार्य) श्री महापात्रा ने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस सफलता में कर्मचारियों के साथ-साथ उनके परिवार का भी काफी योगदान है। उन्होंने कहा कि बोकारो स्टील प्लांट की उत्पादन क्षमता को 08 मिलियन टन तक बढ़ाने की विस्तार योजना है और हमें पूर्ण विश्वास है कि हम सभी लोग अपनी लाभप्रदता को बढ़ाकर और नवाचार के जुनून के साथ काम कर इसे संभव कर पाएंगे।

अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी ने सभी कर्मचारियों के साथ-साथ उनके परिवार के लोगों को भी बधाई देते हुए कहा कि कर्मचारियों को अपने रोज़ के कार्यों के अलावा नित नई चुनौतियों को स्वीकार कर उनका समाधान खोजना चाहिए तथा विकास की गति को बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्व इस्पात बाजार कठिन परिस्थितियों से गुजर रहा है और आप सभी के योगदान से हम इस चुनौती को पार करेंगे और बोकारो स्टील प्लांट को एक नई ऊंचाई तक ले जाएंगे।

# बोकारो में यातायात व्यवस्था सुधार को लेकर चैंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारोः** बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए पुलिस प्रशासन के अधिकारियों से बैठक की। यह बैठक बोकारो के ट्रैफिक डीएसपी विद्या शंकर, चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह और सिटी डीएसपी आलोक रंजन के साथ आयोजित की गई। बैठक में व्यापारियों ने शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु करने के लिए कई अहम मांगें रखीं और सुझाव दिए।

चैंबर के संरक्षक संजय वैद ने बताया कि मुख्य सड़कों पर खड़े रहने वाले बड़े व्यावसायिक वाहनों से अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। इस पर नियंत्रण के लिए प्रशासन को कड़े कदम उठाने चाहिए। उन्होंने यह भी मांग की कि व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए माल ढोने वाले वाहनों पर अनावश्यक दंडात्मक कार्रवाई न की जाए, ताकि व्यापारिक गतिविधियों में बाधा न आए।

अध्यक्ष मनोज चौधरी ने चास क्षेत्र में पार्किंग स्थलों को चिन्हित कर उन्हें विकसित करने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि नगर निगम को वाहनों की गति सीमा सुनिश्चित करनी चाहिए और बाईपास रोड में लगी रेलिंग के खुले स्थानों को बंद करना चाहिए, ताकि मोटरसाइकिल चालक वहां से अवैध रूप से न गुजर सकें। इस कारण कई बार जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और दुर्घटनाओं की संभावना भी बनी रहती है।

महासचिव राजकुमार जायसवाल ने कहा कि चास पूरे जिले का प्रमुख व्यावसायिक केंद्र है, जहां आसपास के क्षेत्रों से हजारों लोग प्रतिदिन खरीदारी के लिए आते हैं। लेकिन अव्यवस्थित यातायात के कारण लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है, जिससे व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसी तरह, सिटी सेंटर बोकारो स्टील सिटी की हृदय स्थली है, जहां बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए आते हैं। यहां भी यातायात अव्यवस्थित होने के कारण जाम की समस्या बनी रहती है, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

बैठक में यह भी सुझाव दिया गया कि नया मोड़ बस स्टैंड के अंदर ही बसों के पड़ाव सुनिश्चित किए जाएं, क्योंकि अभी अधिकतर यात्री वाहन मुख्य सड़क पर ही खड़े होकर सवारियां उठाते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है। सेक्टर 12 मोड़, नया मोड़, सिटी सेंटर और सेक्टर 4 मोड़ जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर छोटे व्यावसायिक वाहनों का ठहराव चिन्हित किया जाए ताकि मुख्य सड़क पर यातायात प्रभावित न हो।

महामंत्री ने कहा कि नगर निगम द्वारा बनाए गए सब्जी मार्केट में सड़क पर लगने वाली दुकानों को मार्केट के अंदर व्यवस्थित किया जाना चाहिए। बेरमो क्षेत्र के मुख्य बाजार में भी अव्यवस्थित यातायात के कारण व्यापारियों और आम जनता को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

बैठक के अंत में चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि यातायात से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए एक विशेष बैठक जल्द आयोजित की जाएगी। इस बैठक में कई संबंधित विभागों के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे, ताकि यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए जा सकें। बैठक में मनोज चौधरी, संजय बैद, राजकुमार जायसवाल, नरेंद्र सिंह, सुभाष जैन, अनूप भलोटिया, शैलेंद्र जायसवाल, अंकित चोपड़ा सहित कई अन्य व्यापारी मौजूद थे।

### मां दुर्गा प्रतिमा स्थापना दिवस पर कलश यात्रा में शामिल हुईं बोकारो विधायक श्वेता सिंह



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारोः** जनवृत 3 स्थित थाना मोड़ पर मां दुर्गा की प्रतिमा के 23वें स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बोकारो विधायक श्रीमती श्वेता सिंह ने स्थानीय महिलाओं के साथ भाग लिया।

इस अवसर पर विधायक श्वेता सिंह ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन से क्षेत्र का वातावरण आध्यात्मिक हो उठता है और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने शक्ति, बुद्धि और धन की उपासना का महत्व बताते हुए 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के संदेश को आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया।

विधायक ने आयोजन समिति के सदस्यों को शुभकामनाएं दीं और इस भव्य आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम में कुंज बिहारी पाठक, लालाबाबू सिंह, रमिता यादव, बीरेंद्र प्रसाद, नवीन सिंह, प्रकाश सिंह, हरि सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सेल मैनेजमेंट के सख्त कदम से अधिकारियों में हड़कंप, 11 को दिया गया प्री-मेच्योर रिटायरमेंट

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारोः** स्टील अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (सेल) के मैनेजमेंट द्वारा अचानक उठाए गए कड़े कदम से अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। पहली बार सेल के इतिहास में 11 अधिकारियों को प्री-मेच्योर रिटायरमेंट दे दिया गया है। इस कार्रवाई में कोलियरी डिवीजन और बोकारो स्टील लिमिटेड के अधिकारी शामिल हैं।

**अधिकारियों के मन में सवाल - आखिर क्यों इतना सख्त रुख**?- सेल प्रबंधन के इस अचानक लिए गए फैसले ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। अधिकारी यह समझ नहीं पा रहे हैं कि क्या सेल मैनेजमेंट पर उत्पादन बढ़ाने का दबाव बढ़ गया है? क्या 2030 तक देश में स्टील उत्पादन को 300 मिलियन टन तक पहुंचाने का लक्ष्य अभी से ही असर दिखाने लगा है?

**पहली बार हुआ ऐसा कड़ा फैसला-** सूत्रों के अनुसार, इन सभी अधिकारियों को 3 महीने का नोटिस दिया गया है। हालांकि, उनके रिटायरमेंट सुविधाओं पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। बताया जा रहा है कि सभी अधिकारी महाप्रबंधक स्तर से ऊपर के हैं और इनमें से कुछ धनबाद के चासनाला स्थित सेल इकाई से जुड़े अधिकारी भी हैं।

सूत्रों का कहना है कि सेल को अपने स्टील उत्पादन लक्ष्य को पूरा करने के लिए भारी दबाव का सामना करना पड़ रहा है। उत्पादन बढ़ाने के लिए आवश्यक कोकिंग कोल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कोल इंडिया की कोकिंग कोल वाशरी को भी तैयार किया जा रहा है।

**बोकारो स्टील प्लांट की कोयला जरूरतें और चुनौतियां-** बोकारो स्टील प्लांट के पास अपनी कोयला खदानें जरूर हैं, लेकिन वे पूरी जरूरतों को पूरा करने में सक्षम नहीं हैं।

1.4 मिलियन टन स्टील उत्पादन के लिए लगभग 1 मिलियन टन कोकिंग कोल की आवश्यकता होती है।

बोकारो स्टील प्लांट का लक्ष्य 2.3 मिलियन टन उत्पादन बढ़ाना है, जिससे लगभग 2 मिलियन टन कोकिंग कोल की जरूरत होगी।

**2030 तक स्टील उत्पादन 300 मिलियन टन करने का लक्ष्य-** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि 2030 तक भारत में स्टील उत्पादन को 300 मिलियन टन तक बढ़ाया जाए। इसी दिशा में केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी और राज्यमंत्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा ने अपने दौरे के दौरान कहा था कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए बड़े पैमाने पर निवेश और तकनीकी सुधार किए जाएंगे।

**देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा असर-** विशेषज्ञों का मानना है कि अगर इस्पात उत्पादन में वृद्धि होती है, तो यह देश की अर्थव्यवस्था को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। लेकिन इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मैनेजमेंट की यह सख्ती कर्मचारियों के लिए एक नए दबाव का संकेत है।

## बीएसएल में सुरक्षा संस्कृति को सुदृढ़ करने पर दो-दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो** : बोकारो इस्पात संयंत्र के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में दो दिवसीय सुरक्षा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को किया गया। इस कार्यक्रम में संयंत्र के विभिन्न विभागों के 21 अधिशासी प्रतिभागी के रूप में शामिल हो रहे हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मेसर्स एएसके-ईएचएस द्वारा बीएसएल के प्रशिक्षित अधिकारी संकाय के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) श्रीमती डी आर टोप्पो और एस के भगत उपस्थित थे। ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के एस के डी भौमिक, कनीय प्रबंधक ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) श्रीमती टोप्पो ने कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन करते हुए प्रतिभागियों को सुरक्षा शपथ दिलाई और संयंत्र में सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि वे इस प्रशिक्षण में अर्जित ज्ञान को अपने सहकर्मियों के साथ साझा करें और इसे अपने कार्यस्थल पर लागू करें। महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) श्री भगत ने अपने संबोधन में प्रतिभागियों को संयंत्र में सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने और संयंत्र में सुरक्षा को निरंतर सशक्त बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के वरीय ऑपरेटिव राकेश कुमार और इंस्ट्रक्टर अर्जुन प्रसाद बाउरी का सराहनीय योगदान रहा। यह कार्यक्रम बोकारो स्टील प्लांट में सुरक्षा संस्कृति को सुदृढ़ करने और सुरक्षा जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

सीईडी में भी प्रशिक्षण सत्र का आयोजन

इसी तरह गुरुवार को सिविल इंजीनियरिंग विभाग (सीईडी) में मुख्य महाप्रबंधक शालिग्राम सिंह की अध्यक्षता में सुरक्षा प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सीईडी विभाग के डीएसओ बी वी चंद्र द्वारा सुरक्षा शपथ और परिचय भाषण से हुई। मुख्य महाप्रबंधक श्री सिंह ने कर्मचारियों के सुरक्षित कार्यों की सराहना करते हुए कार्यस्थल पर सतत सुरक्षा बनाए रखने की अपील की।

## बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने विभिन्न योजनाओं का किया शिलान्यास, क्षेत्र के विकास को मिलेगी नई गति

राष्ट्रीय मुख्यधारा





**बोकारोः** गुरुवार को बोकारो विधायक श्रीमती श्वेता सिंह ने विधानसभा क्षेत्र में जनहित से जुड़ी विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने चास प्रखंड अंतर्गत सियालजोरिया से ब्राह्मण द्वारिका को जोड़ने वाली जोरिया पर पुल निर्माण कार्य की आधारशिला रखी।

**वर्षों पुरानी पुल निर्माण की मांग हुई पूरी-** यह पुल मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत बनाया जाएगा, जिससे क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से लंबित मांग पूरी होगी। पुल के निर्माण से न केवल आवागमन में सुधार होगा, बल्कि यह क्षेत्र की सामाजिक और आर्थिक प्रगति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस परियोजना का उद्देश्य ग्राम्य क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ना और स्थानीय निवासियों को बेहतर परिवहन सुविधा प्रदान करना है।

**पेट क्लिनिक के जीर्णोद्धार और विस्तार का शिलान्यास-** विधायक श्वेता सिंह ने जिला अनाबद्ध निधि से स्वीकृत चास प्रखंड परिसर में स्थित पेट क्लिनिक के जीर्णोद्धार एवं विस्तार कार्य का भी शिलान्यास किया।

इस परियोजना के तहत पेट क्लिनिक के भूतल के ऊपर प्रथम तल का निर्माण किया जाएगा, जिसमें ऑनर वेटिंग हॉल, क्लिनिकल डायग्नोस्टिक लैब, स्टोर रूम और डॉक्टर रेस्ट रूम जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।


लंबे समय से बोकारो विधानसभा क्षेत्र की जनता की मांग थी कि पालतू पशुओं के इलाज के लिए एक सुदृढ़ चिकित्सा व्यवस्था हो, जिससे उनके उपचार में कोई बाधा न आए।

**गर्मी से पहले विद्युत आपूर्ति व्यवस्था होगी सुदृढ़-** ग्रीष्म ऋतु के आगमन को देखते हुए विधायक श्वेता सिंह ने विद्युत आपूर्ति अंचल कार्यालय में विद्युत अधीक्षण अभियंता दिनेश्वर सिंह से मुलाकात कर जनता की विद्युत संबंधी समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को विधानसभा क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**शिलान्यास समारोह में गणमान्य लोग रहे मौजूद-** इस अवसर पर पवन झा, बासुकीनाथ घोषाल, शंभू दास सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विधायक ने सभी से क्षेत्र के विकास कार्यों में सहयोग करने की अपील की और सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से जनता को अधिक से अधिक लाभ दिलाने का संकल्प दोहराया।

## डीपीएस बोकारो में बच्चों ने बिखेरी महाकुंभ और फागुन की सतरंगी छटा

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो** : डीपीएस बोकारो में गुरुवार को महाकुंभ और फागुन की सतरंगी छटा उतरी रही। अवसर था शैक्षणिक सत्र 2024-25 की फाइनल परीक्षाओं से पूर्व की अंतिम प्रार्थना सभा का। विद्यालय के अश्वघोष कला क्षेत्र में आयोजित स्पेशल एसेंबली आयोजित की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने फागुन और प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ पर आधारित कार्यक्रमों की प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कड़ी की शुरुआत डॉ. राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स की अंतर विद्यालय समूह-गान प्रतियोगिता में प्रथम रही विद्यालय की टीम ने होलियाना राग काफी व पीलू में प्रस्तुत ओ बृजराज दुलारे... गीत से की। सारा-रा-रा-रा-रा.... की पारंपरिक बोली के साथ उनकी इस पेशकश में सभी की तालियों के समन्वयन ने माहौल को और रंगीन बना दिया। गायन प्रस्तुत करने वाले बच्चे पारंपरिक परिधान में रंग-अबीर लगाकर पहुंचे थे।

इसके बाद महाकुंभ आधारित आकर्षक नृत्य के जरिए विद्यार्थियों ने भारत की अतुलनीय व समृद्ध आध्यात्मिक और सनातन सांस्कृतिक परंपरा का जीवंत प्रदर्शन किया। भगवान शिव, ऋषि-मुनि और साध्वियों के वेश में त्रिशूल आदि लेकर छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति अपने-आप में मनोरम बनी रही। इस नृत्य के दौरान डंडों को त्रिवेणी की लहर का रूप देकर उस पर तैरती छात्रा के दृश्य ने सभी को दांतों तले उंगलियां दबाने को विवश कर दिया। इसके पूर्व, सभा के प्रारंभ में छात्रा शालिनी ने सुविचार, छात्र सात्विक रूपम द्विवेदी ने दैनिक समाचार तथा प्रिशु आनंद ने परीक्षा के दिनों में तनाव और इसके प्रबंधन पर प्रभावशाली संभाषण प्रस्तुत किया। वहीं, छात्रा फैज़ा अथर ने अपनी कविता के माध्यम से सभी गुरुजनों के प्रति अपनी कृतज्ञता अर्पित की।

**विद्यार्थी खुद पर भरोसा रख रचें कामयाबी की इबारत : प्राचार्य**

इस अवसर पर अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों को सराहते हुए आगामी परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बच्चों को बिना किसी तनाव के थोड़ी-थोड़ी देर का ब्रेक लेकर पूरी लगन के साथ पढ़ाई करने, अपने नोट्स का रिवीजन करने, रटने की बजाय कॉन्सेप्ट क्लियर रखने, स्वस्थ भोजन करने और अच्छी नींद लेने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण है खुद पर भरोसा रखना। जब आप आत्मविश्वास से लबरेज होंगे, तो निश्चय ही कामयाबी की नई इबारत रच सकेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से यह भी कहा कि कोई भी परीक्षा जीवन की आखिरी परीक्षा नहीं होती। किसी भी स्थिति में न तो अत्यधिक तनाव लेना है और न ही हताश होना है। सदैव सकारात्मक भाव के साथ, पूरी मेहनत, लगन, ईमानदारी और निष्ठा के साथ पढ़ाई करेंगे तो निश्चय ही सफलता आपके कदम चूमेगी। इस क्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्राचार्य ने पुरस्कृत भी किया। अंत में विद्यालय की वाइस हेड गर्ल ईधा सिंह ने सभी को राष्ट्रीय प्रतिज्ञा दिलाई। समापन विद्यालय गीत व राष्ट्रगान से हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

## शब-ए-बारात पर 14 फरवरी को झारखंड में अवकाश

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः रांचीः** झारखंड सरकार ने शब-ए-बारात के अवसर पर 14 फरवरी 2025 (शुक्रवार) को राजकीय अवकाश घोषित किया है। कार्मिक विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, 14 अक्टूबर 2024 की अधिसूचना में संशोधन करते हुए यह अवकाश कार्यपालक आदेश के तहत घोषित किया गया है। इस दिन झारखंड सरकार के अधीन सभी कार्यालय बंद रहेंगे।

## कुंभ मेले में स्नान के बाद घर लौट रहे राजमहल के एक यात्री की मौत



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः साहिबगंज**। कुंभ मेले में स्नान के बाद घर लौटते समय ट्रेन में चढ़ने के दौरान ट्रेन की चपेट में आ जाने से राजमहल थाना क्षेत्र के इंग्लिश गांव निवासी विष्णु मंडल पिता भीम मंडल की मौत हो गई।वही मृतक के घर साहेबगंज जिला के राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत इंग्लिश गांव का रहने वाला है।इसकी जानकारी मृतक के ममेरे भाई आनंद मंगल ने दिया।

## शब-ए-बारात को लिखीं जाती है बंदों की तकदीर

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः उधवा**। रहमतों की रात शब-ए-बारात पर्व के मौके पर गुरुवार को मुस्लिम समुदाय के लोगों ने रोजा रखकर इबादत किया। परंपरा के अनुसार इस दिन रोजा रखकर कुरान पाठ किया जाता है। इस दिन विशेष नमाज भी अदा की जाती है। यह त्योहार मुस्लिम समुदाय में एकता और आध्यात्मिक शुद्धि का प्रतीक माना जाता है। इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार यह वर्ष के आठवां माह यानि सावन की 15वीं रात को मनाया जाता है। वहीं पन्द्रह व सोलहवें दिन रोजा रखा जाता है। ऐसी मान्यता है कि शब-ए-बारात के रात ख़ुदा अपने बंदों के लिए साल भर का तकदीर लिखते है। इस मौके पर मदरसा पीर बाबा बहाउद्दीन कादरी ट्रस्ट के मौलाना नुरुल हक ने कहा कि यह पवित्र रात में इबादत करते है। साथ ही कब्रिस्तान पहुंचकर अपने रिश्तेदार व पूर्वजों की कब्र पर जाकर अल्लाह से उनके लिए मगफिरत की दुआ मांगते है। यह वह रात है जिसमें अल्लाह ताअला अपने बंदों को ईमानदारी से पश्चाताप करने वालों के पापों को माफ कर देते है। इस दिन लोग अपने-अपने घरों में पकवान एवं मिठाइयां बनाकर आसपास के गरीबों में बांटते है।

## साइकिल वितरण किया

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः तालझारी**। प्रखंड के अनुसूचित जनजाति,अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग और अल्पसंख्यक समुदाय के विद्यार्थियों को जल्द ही साइकिल वितरण किया जाएगा। इसके लिए प्रकिया शुरू कर दी गयी है। प्रखंड परिसर में साइकिल भी तैयार कर रखा गया है। प्रभार कल्याण पदाधिकारी तालझारी नवीन कुमार ने सभी प्रखंड के शिक्षकों को बुलाकर सूची मांगा गया है। प्रखंड के सभी विद्यालयों को 17 अक्टूबर से साइकिल वितरण करने के लिए भेज दिया जाएगा। शिक्षक अपने स्कूल में ही छात्र-छात्राओं को साइकिल का वितरण करेंगे । जानकारी देते हुए प्रभार कल्याण पदाधिकारी नवीन कुमार ने और बताया कि कुल एक हजार छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण होगा।

## पोक्सो एक्ट के अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार तामिला

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः उधवा** । राधानगर थाना क्षेत्र के उत्तर पलाशगाछी पंचायत अंतर्गत खट्टीटोला गांव में गुरुवार को पुलिस ने पोक्सो एक्ट मामले के नामजद आरोपित अरबाज शेख के घर में इश्तेहार तामिला चिपकाया। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना कांड 225/24 के नामजद आरोपित अरबाज शेख,पिता यार मोहम्मद पुलिस की गिरफ्त से चल रहा है। इस संबंध में केस के अनुसंधानकर्ता सह पुलिस अवर निरीक्षक शिवानंद प्रसाद ने बताया कि राजमहल व्यवहार न्यायालय से अरबाज शेख के खिलाफ वारंट जारी किया गया है। साथ ही बताया कि उनके घर पहुंचकर ग्रामीणों के समक्ष इश्तेहार तामिला चिपकाकर न्यायालय में आत्मसमर्पण करने को कहा गया। साथ ही बताया कि ससमय अनुसार आत्मसमर्पण नहीं करने पर न्यायालय में कुर्की जब्ती की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## तालझारी प्रखंड में मनरेगा के नए बीपीओ रजनीश परासर ने योगदान

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः तालझारी**। तालझारी प्रखंड में मनरेगा के नए बीपीओ रजनीश परासर ने योगदान किया। गुरुवार को उन्होंने कार्यभार संभाला। इसके पूर्व रजनीश परासर राजमहल प्रखंड में कार्यरत थे। उन्होंने बताया कि मनरेगा की योजनाओं का संचालन ससमय हो। इसका भरपूर ख्याल रखा जाएगा। साथ ही उन्होंने मनरेगा की योजनाओं का ससमय निष्पादन सुनिश्चित करने के साथ मनरेगा मजदूरों को अधिक से अधिक रोजगार दिलाना तथा उनका समय से भुगतान सुनिश्चित करना ही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। कहा कि लंबित मनरेगा के योजनाओं को अविलंब पूरा किया जाएगा।

# झुमरा पहाड़ में कोयला तस्करी का गोरखधंधा, नक्सली विवेक की है तलाश

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**गोमियाः** झारखंड के उग्रवाद प्रभावित झुमरा पहाड़ की तलहटी में बसे पचमो और उसके आसपास के इलाकों में बड़े पैमाने पर कोयला तस्करी का गोरखधंधा फल-फूल रहा है। बेरमो अनुमंडल अंतर्गत रहावान ओपी थाना क्षेत्र के बघरैया, महतोहिर और अलकुसिया क्षेत्र में 20 से 25 अवैध माइंस बनाये गए हैं। यहां कभी भी जानमाल की क्षति हो सकती है। लेकिन प्रशासन की नींद तब खुलेगी जब घटना हो जाएगी। यहां शाम ढलते ही तस्करों की गतिविधियां तेज हो जाती हैं। कोयले को जमा करने के बाद ट्रैक्टरों के जरिए झुमरा गांव होते हुए चतरोचट्टी और विष्णुगढ़ के रास्ते बाहर की मंडियों में भेजा जा रहा है।

**पुलिस की मिलीभगत का आरोप-** स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह अवैध व्यापार पुलिस की नाक के नीचे और उसकी शह पर चल रहा है। बिना पुलिस की सहमति के कोयले का एक भी ढेर नहीं खपाया जा सकता है। बड़े पुलिस अधिकारियों की चुप्पी ने तस्करों के हौसले और बढ़ा दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार प्रशासन से शिकायत की गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

**माओवादी गतिविधियों का गढ़ रहा इलाका-** झुमरा पहाड़ और पचमो इलाका लंबे समय से माओवादी गतिविधियों का केंद्र रहा है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) नक्सलियों के आर्थिक स्रोतों को खत्म करने के लिए लगातार छापेमारी कर रही है, लेकिन कोयला तस्कर उनकी कोशिशों को कमजोर करने का काम कर रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि कोयला तस्करी से होने वाली कमाई का एक बड़ा हिस्सा माओवादियों तक पहुंचता है, जिससे वे अपनी गतिविधियों को संचालित करते हैं। वहीं जांच एजेंसियों का मानना है कि नक्सली विवेक झुमरा पहाड़ पर ही शरण ले रखी है, जिसकी तलाश जारी है।

**स्थानीय लोगों में डर और आक्रोश-** क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि कोयला तस्करी से न केवल सरकारी खजाने को करोड़ों का नुकसान हो रहा है, बल्कि इलाके में अपराध भी बढ़ रहे हैं। तस्करों की बढ़ती ताकत से रात होते ही ग्रामीणों की नींद हराम हो जाती है। क्योंकि ट्रैक्टर रातभर कोयला ढोने में लगी रहती है। किसी ने भी विरोध किया तो उन्हें वे धमकाते हैं। कई बार विरोध करने वाले लोगों के साथ मारपीट तक की घटनाएं हो चुकी हैं।

**सरकार और प्रशासन की चुप्पी पर सवाल-** झुमरा पहाड़ जैसे संवेदनशील क्षेत्र में इस तरह खुलेआम कोयला तस्करी होना सरकार और प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। झारखंड सरकार द्वारा अवैध खनन पर रोक लगाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। झुमरा पहाड़ जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्र में कोयला तस्करी केवल एक अवैध धंधा नहीं, बल्कि

कानून-व्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी खतरा है। आखिर वे कौन लोग हैं जो न केवल कोयले के इस अवैध व्यापार को चला रहे हैं बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा उपन्न कर रहे हैं। यदि इस पर रोक नहीं लगाई गई, तो यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है।

## झारखंड बंगाल सीमा पर ब्लड डोनेशन शिविर का आयोजन



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बरहरवा**। झारखंड बंगाल सीमा पर स्थित बेवा गांव के नेताजी फुटबॉल मैदान में सोशल एजुकेशन वेलफेयर के माध्यम से बृहस्पतिवार को 11:00 बजे से लेकर 4:00 बजे तक प्रखंड क्षेत्र के सभी जगह से ब्लड डोनेशन के लिए आए हुए सभी व्यक्ति ने ब्लड डोनेशन शिविर में ब्लड डोनेट किया| बताते चले कि, झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन के मुजीबुर रहमान ने पहल किया था कि जनता के हित में एवं गरीब असहाय व्यक्ति जो आए दिन ब्लड की कमी से अपना जीवन से हाथ धो बैठते हैं। उसको आगे देखते हुए झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन के मजबूर रहमान ने ब्लड डोनेशन शिविर लगाने का पहला किया था| इस अवसर पर फरक्का विधायक ने बताया कि हमारे आसपास के गांव में देखते हैं कितनी गर्भवती मां एवं दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की खून की कमी के कारण मौत हो जाती है।उसको देखते हुए हम लोगों ने पहल किए हैं कि गांव घरों में छोटे-मोटे शिविर लगाकर जितना भी हो सके हम लोग अस्पताल की सहायता कर करें |इस दौरान तकरीबन 30 से अधिक की संख्या में लोगों ने ब्लड डोनेट किया, जिसमें से मजबूर ,रहमान सफीकुल, इस्लाम नियामत , खान नीरू, मिर्जा राजेश ,शेख बाबू ,शेख रूद्र देव ,घोष शरीफ ,शेख राहुल, मोमिन मांनसार,मोमिन

युसूफ ,नदब अब्दुल, जियाद असीम ,शेख शमीम, शेख एसके गल्फराज , हुसैन शेख आदि प्रमुख रूप से शामिल है|

## 40 लीटर दूध से भरी बाइक चचरी पुल से नदी में गिरी



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**उधवा**। प्रखंड के उत्तर पलाशगाछी पंचायत के बहुडुब्बी नाला में गुरुवार को बांस बल्ले से बने चचरी पुल पर आवागमन के दौरान एक ग्वाला का मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरी। जिससे वह घायल हो गया। बाइक भी आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुई है। जानकारी के अनुसार उक्त पंचायत के रोफा टोला गांव के मोफु शेख के पुत्र सफीकुल शेख उम्र 40 वर्ष दूध बेचने का काम करते है। प्रतिदिन की तरह वह बरकत मोड़ से अपने बाइक पर दूध लादकर चचरी पुल से रोफा टोला की तरफ जा रहे थे। इसी बीच चालक चचरी पूल पर चढ़ने के दौरान अनियंत्रित होकर बाइक सहित चचरी पुल के नीचे पानी में गिर गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ लग गई। स्थानीय लोगों ने युवक एवं मोटरसाइकिल को नदी से बाहर निकाला। इस घटना में चालक घायल हो गया। बताया जाता है कि बाइक में रखें दो डिब्बा में करीब 40 लीटर दूध बहकर बर्बाद हो गया। बता दें कि बहुडुब्बी नाला में बने बांस के चचरी पुल से प्रतिदिन सैकड़ों लोग आवागमन करते है।

## झारखंड सरकार के मंत्री योगेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

राष्ट्रीय मुख्यधारा





**साहिबगंज**। गुरुवार को पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग,झारखंड मंत्री योगेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में नया परिसदन भवन में उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय सचिव पंकज मिश्रा, विधायक, राजमहल मो. ताजुद्दीन,उर्फ एम टी राजा ,उपायुक्त,साहेबगंज हेमंत सती,उपायुक्त, पाकुड़ मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक,साहेबगंज अमित कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक, पाकुड़ प्रभात कुमार सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने साहेबगंज, पाकुड़ और गोड्डा जिलों के राजस्व संग्रह की विस्तृत जानकारी ली। पदाधिकारियों ने बताया कि वार्षिक लक्ष्य के करीब राजस्व संग्रह किया जा चुका है, जबकि शेष बचे राजस्व संग्रह में कुछ दिक्कतें आ रही हैं। मंत्री ने इन समस्याओं की विस्तार से जानकारी ली और पदाधिकारियों को राजस्व लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को राजस्व संग्रह में तेजी लाने के साथ-साथ सुधारात्मक उपाय करने के निर्देश भी दिए। अवैध शराब के खिलाफ चल रही कार्रवाई की भी समीक्षा की गई। पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि राज्य में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है और कई अवैध शराब विक्रेताओं पर कार्रवाई की गई है। मंत्री ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अवैध शराब बिक्री को पूरी तरह से नियंत्रित करने के लिए और अधिक सख्त कदम उठाए जाएं। उन्होंने खासकर उन इलाकों पर ध्यान केंद्रित करने को कहा, जहां अवैध शराब का व्यापार अधिक होता है। उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा हुई। मंत्री ने कहा कि विभागीय योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर दिया जाए, जिससे जनता को अधिक से अधिक लाभ मिल सके।मंत्री ने बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों से कहा कि वे जनहित में काम करें और सरकार की नीतियों को प्रभावी रूप से लागू करें। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे क्षेत्रीय समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करें और जनता को विभागीय कार्यों की जानकारी दें।

## द्वितीय पाली इंटरमीडिएट की परीक्षा आयोजित



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**तालझारी**। प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को इंटर की परीक्षा प्रारंभ हो गयी। इस दौरान द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट की परीक्षा आयोजित की गयी थी। इंटरमीडिएट की परीक्षा दोपहर के 2.00 बजे से शाम के 5.20 बजे तक चली। छात्र-छात्राएं व उनके अभिभावक तय समय से पहले ही परीक्षा केंद्र पहुंच रहे थे। इंटर की पहले दिन की परीक्षा अंग्रेजी ' कोर ' सब्जेक्ट की थी। पहले दिन की इंटरमीडिएट के परीक्षा में 30 परीक्षार्थियों में सभी परीक्षार्थी शामिल हुए। वहीं परीक्षा के दौरान तालझारी प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार परीक्षा केंद्र पहुंचे परीक्षा रूम एवं कैमरा के लिए संचालित कंप्यूटर रूम का निरीक्षण किया।पहले दिन की परीक्षा कदाचारमुक्त व शांतिपूर्ण तरीके संपन्न की गई। मौके पर दंडाधिकारी मोहम्मद रिजवान आलम, पुलिस पदाधिकारी एएसआई दंदु राय मुंडा, केंद्राधीक्षक क्रिस्टोमेगा सोरेन, शिक्षक सुनील टुडू, उमेश ठाकुर, सुशीला हेंब्रम, विनीता किस्कू एवं पुलिस बल उपस्थित थे।

## इकबाल मेमोराइजिंग कुरान सेंटर द्वारा एक दिवसीय जलसाह सह दस्तारबंदी कार्यक्रम आयोजित



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बरहेट**। प्रखंड क्षेत्र के सोनाजोरी गांव स्थित धार्मिक शिक्षण संस्थान इकबाल मेमोराइजिंग कुरान सेंटर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक दिवसीय जलसाह सह हाफीज - ए- कुरान के बच्चों का फरागत का डिग्री देने हेतु 15 फरवरी 2025(शनिवार) को आयोजित की गई है। वहीं इस संस्था के चेयरमैन मौलाना मुस्तफा कमाल फैजी ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर तैयारी पूरी हो चुकी है। वहीं ये कार्यक्रम सुबह 8 बजे शुभारंभ होगी तथा इसका समापन शाम 5 होगी।इस बीच कार्यक्रम में कुरान के हाफीज बच्चों के सर पर दस्तार बंदी तथा कुरान मुकम्मल करने के उपलक्ष्य में हाफीज की डिग्री सौंपने का कार्यक्रम के बाद देश के विभिन्न सूबे से आमंत्रित धर्म गुरुओं द्वारा धार्मिक उपदेश का कार्यक्रम होगा।इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उत्तर प्रदेश के वाराणसी से मौलाना अब्दुल गफ्फार सलफी, सनाउल्लाह मदनी, मुंबई से जैद पटेल शामिल हो रहे हैं।वहीं कार्यक्रम में महिलाओं के लिए विशेष परदा का इंतजाम किया गया है।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विदाई सह-आशीर्वाद दीक्षा समारोह का आयोजन

राष्ट्रीय मुख्यधारा



बोकारो : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, सेक्टर- 9/डी बोकारो में कक्षा द्वादश के भैया-बहनों का विदाई सह- आशीर्वाद दीक्षा समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के उपाध्यक्ष निरंजन कुमार सिंह ने कहा कि अब आप उच्च माध्यमिक शिक्षा पूर्ण कर उच्च शिक्षा की ओर अग्रसर होने वाले हैं। आपके अध्ययन का दायरा बढ़ेगा, ऐसे में बड़े ही संयमित तरीके से परिश्रम करने की आवश्यकता है। आपको जो यहां शिक्षा, संस्कार, अनुशासन और जीवन मूल्य बताए गए हैं, उसके अनुसार अपनी राह स्वयं तलाशनी और तराशनी है। उपाध्यक्ष कृष्णा राय ने कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि आप विद्या भारती के छात्र हैं। विद्या भारती वैश्विक स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाली सबसे बड़ी गैर सरकारी संस्था है।

विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कामत ने कहा कि विद्या भारती योजना में भैया-बहनों को विद्यालय शिक्षा पूर्ण करने पर विदाई देने की परिपाटी नहीं है। हम उन्हें आशीर्वाद देकर दीक्षा प्रदान करते हैं। यहां से जाने के बाद अन्य महाविद्यालयों में अध्ययन करना हो या विभिन्न क्षेत्रों में सेवा देने की बात हो, हम उन्हें अपने यहां पूर्व छात्र के रूप में संगठित करके रखते हैं, जिसका सबसे बड़ा प्रमाण अपने यहां विश्व का सबसे बड़ा एलुमनी पोर्टल (पूर्व छात्र परिषद) है, जहां पूर्व छात्रों की संख्या लाखों में है। उन्होंने इस दीक्षा समारोह में उपस्थित भैया-बहनों को उनकी आने वाली बोर्ड परीक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। हिन्दी की वरिष्ठ आचार्या सरोज पाण्डेय ने सभी के उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामना दी।

**अनिरुद्ध व आकांक्षा बने स्टूडेंट ऑफ द ईयर** - इस मौके पर द्वादश के भैया अनिरुद्ध व बहन आकांक्षा को स्टूडेंट ऑफ द ईयर, भैया अंकित व बहन अंशिका को बेस्ट अकैडमिशियन, बहन शालू को अनुशासन के लिए और भैया सुजल ठाकुर को इंटरटेनर ऑफ द ईयर का पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर एकादश के भैया-बहनों ने गीत-संगीत, नृत्य, खेल आदि प्रस्तुत किए। द्वादश के भैया अंकित कुमार ने विद्यालय में बिताए पलों को याद किया। संचालन एकादश की बहन रोशनी व भैया अनुभव ने किया। आचार्य दिनेश कुमार खवास एवं राजकुमार जी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मौके पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सह-सचिव जी.पी. सिंह, समिति सदस्य अरुण केसरी सहित समस्त आचार्य बंधु भगिनी एवं कक्षा एकादश व द्वादश के भैया- बहन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के साथ हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### डोमचांच के रूपनडीह में प्रतिमा और झंडा लगाने को लेकर विवाद, झड़प में थाना प्रभारी समेत छह घायल

**कोडरमा, एजेंसी।** जिले के डोमचांच थाना अंतर्गत रूपनडीह में दो पक्षों में बुधवार सुबह जमकर पत्थरबाजी हुई। यह विवाद मंदिर के बैनर को हटाने और संत रविदास की प्रतिमा को लगाने को लेकर हुआ। इस घटना में मामले को शांत कराने पहुंचे दल डोमचांच थाना प्रभारी ओमप्रकाश समेत लगभग छह से अधिक लोग घायल हो गये। जानकारी के अनुसार रूपनडीह गांव में संत रविदास मंदिर के सामने झंडा बोर्ड और होर्डिंग लगाया गया है। इसको लेकर कुछ लोग विरोध कर रहे हैं। मंगलवार को अनुमंडल कार्यालय के समक्ष संत शिरोमणि रविदास समारोह समिति डोमचांच ने धरना प्रदर्शन भी किया था। वहीं बुधवार को इसी मामले में दो पक्षों में झड़प के बाद पत्थरबाजी की घटना हुई। माहौल शांत करने पहुंचे थाना प्रभारी ओम प्रकाश कुमार को भी पत्थर लगा और वे घायल हो गए। वहीं सर्किल इंस्पेक्टर विनोद कुमार और कुछ अन्य लोगों को भी चोट लगी है। बाद में एसडीओ रिया सिंह, एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में पहुंची विभिन्न थानों की पुलिस ने मोर्चा सम्हाला। लोगों को नियंत्रित करने के लिए लाठी भी भांजनी पड़ी तो वहीं गांव में विभिन्न थानों के पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है।

### दांतू में श्रद्धा के साथ मनाई गई संत रविदास की जयंती

**बोकारो, एजेंसी।** कसमार प्रखंड के दांतू स्थित रविदास टोला में बुधवार को संत शिरोमणि रविदास की जयंती मनाई गई। संत रविदास की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जिला बीस सूत्री कमिटी के पूर्व उपाध्यक्ष लक्ष्मण कुमार नायक, झामुमो नेता विनय कपूर, स्थानीय मुखिया चंद्रशेखर नायक, महेंद्र सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे। वक्ताओं ने कहा कि संत रविदास ने भक्ति की जो पाठ पूरी दुनिया को पढ़ाई, उसे भारत के लोग अपना आदर्श मानते हैं। उन्होंने बताया था कि मानव प्रेम से ही भगवान को प्राप्त किया जा सकता है। बीस सूत्री उपाध्यक्ष लक्ष्मण नायक ने कहा कि संत रविदास भारत के महान संतो मे से एक थे। संत रविदास ने अपने वचनों एवं दोहों से भक्ति की अलग छाप दुनिया मे छोड़ी। झामुमो नेता विनय कपूर ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास ने भक्ति व करुणा की जो रसधार बहाकर प्रेम का संदेश दिया, उसे हमें अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। इस दौरान भक्ति जागरण कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री योगेंद्र प्रसाद के पुत्र ने किया। वहीं भंडारा का भी आयोजन किया गया। मौके पर छोटेलाल रविदास, आशिष रविदास, राजेश रविदास, भुनेश्वर रविदास, सुरेश रविदास, अजित रविदास, कृष्णा रविदास सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### झारखंड में बोर्ड, निगम और आयोग में फेरबदल की मांग, कांग्रेस में पद पाने के लिए मचा घमासान

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में नई सरकार के गठन के बाद कांग्रेस के अंदर बोर्ड, निगम और आयोग में पद पाने की लड़ाई तेज हो गई है। कांग्रेस के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ–साथ अब प्रदेश प्रवक्ताओं ने भी बोर्ड, निगम और आयोग के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को बदलने की मांग तेज कर दी है। प्रदेश प्रवक्ता निरंजन पासवान और जगदीश साहू ने राज्य में बोर्ड, निगम और आयोगों में कांग्रेस कोटे से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष या सदस्यों को बदलने की मांग कर कांग्रेस की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं। प्रदेश प्रवक्ता निरंजन पासवान ने कहा कि जिस कांग्रेस नेता के परिवार के पास 12 वोट हैं और उसके बूथ पर पार्टी या सहयोगी दलों को 02 वोट मिले हैं, उन नेताओं को गणेश परिक्रमा के कारण बोर्ड, निगम और आयोग में पद मिल जाता है, जबकि पार्टी के प्रति हमेशा समर्पित रहने वाले नेताओं की उपेक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि एक चना बेचने वाला भी अपनी बिक्री और लाभ–हानि का हिसाब रखता है, लेकिन कांग्रेस ऐसे लोगों को पद और सम्मान देती है, जो लोग कांग्रेस में चाटुकारिता और गणेश परिक्रमा में लगे हैं, जिनकी कोई सामाजिक और जातिगत पहुंच नहीं है और समाज में कोई पकड़ नहीं है, ऐसे लोगों को कांग्रेस में पद दिया जाता है। निरंजन पासवान ने कहा कि कांग्रेस को लाभ पहुंचाने के लिए सारे काम होने चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। वहीं प्रदेश प्रवक्ता जगदीश साहू ने कहा कि नई सरकार बनी है तो नए लोगों को मौका मिलना चाहिए।

# मूर्ति स्थापित करने को लेकर बवाल, आपस में भिड़े दो गुट, कई पुलिस कर्मी हुए घायल



**डोमचांच (कोडरमा), एजेंसी।** डोमचांच थानाक्षेत्र के रुपनडीह में संत शिरोमणि रविदास की प्रतिमा स्थापित करने और मां दुर्गा मंदिर निर्माण को लेकर लगे पोस्टर को हटाने के मुद्दे पर दो पक्षों में विवाद हो गया। इस बीच दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई।

मारपीट बाद में पत्थरबाजी में तब्दील हो गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए जब वहां डोमचांच थाने की पुलिस पहुंची तो लोगों ने पुलिस को भी निशना बनाया।

इस घटना में डोमचांच थाना प्रभारी ओमप्रकाश के अलावा कई अन्य पुलिसकर्मी और आम लोग भी घायल हो गए। आक्रोशित लोगों ने डोमचांच इंस्पेक्टर बिनोद कुमार की पुलिस वर्दी पर लगे बैच को उखाड़कर फेंक दिया। घटना में इंस्पेक्टर बिनोद कुमार के हाथ पर भी लाठी से वार किया गया।

दरअसल, रुपनडीह में महज 60 फीट के फासले पर संत रविदास मंदिर और मां दुर्गा मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। बुधवार को रविदास जयंती के अवसर पर उक्त मंदिर में उनकी प्रतिमा स्थापित करने के लिए लोग पहुंचे थे।प्रतिमा स्थापित करने से पहले एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के लोगों द्वारा लगाए श्रीराम मंदिर उद्घाटन का पोस्टर हटाने लगे। लोगों का कहना था इस पोस्टर के कारण रविदास मंदिर का पूरा हिस्सा ढंक जा रहा है। यहीं से विवाद बढ़ गया। देखते-देखते सैकड़ों की संख्या में लोग वहां जमा हो गए। पहले तीखी बहस के बाद मारपीट की नौबत आ गई और धीरे-धीरे यह मारपीट पत्थरबाजी में तब्दील हो गया। पत्थरबाजी की घटना में कई लोग घायल हो गए हैं।

इधर तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए रूपनडीह में विवादित स्थल पर बड़ी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती कर दी गई है और पूरे इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है।बढ़ते हंगामे को शांत करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा है। फिलहाल, तनाव की स्थिति को देखते हुए एसडीओ रिया सिंह और एसडीपीओ अनिल कुमार और अन्य अधिकारी घटना स्थल पर कैंप कर रहे हैं।

वहीं दूसरी तरफ तनाव को कम करने और विवाद को सुलझाने के मद्देनजर एसडीओ की अगुवाई में दोनों पक्ष से 5-5 लोगों के प्रतिनिधिमंडल के बीच वार्ता की जा रही है।दोनों पक्षों के बीच वार्ता के बाद बीच का रास्ता निकाला जाएगा और शांति व्यवस्था बहाल की जाएगी। किसी के भी द्वारा शांति व्यवस्था में व्यवधान किया जाएगा तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उल्लेखनीय होगा कि इससे पहले पोस्टर हटाने के मुद्दे को लेकर मंगलवार को संत शिरोमणि रविदास समारोह समिति रुपनडीह के बैनर तले दलित समाज के लोगों ने कोडरमा बाजार से एसडीओ कार्यालय तक आक्रोश रैली निकाली थी। साथ ही जिले के उच्चाधिकारियों को आवेदन देकर मामले में हस्तक्षेप करने व कार्रवाई की मांग की थी।

## दो महीने बाद सऊदी से गिरिडीह के बगोदर पहुंचा प्रवासी मजदूर का शव, विधायक ने पीड़ित परिजनों की बंधाई हिम्मत



**गिरिडीह, एजेंसी।** बगोदर प्रखंड के खेतको के रहने वाले प्रवासी मजदूर का शव दो महीने बाद सऊदी अरब से गांव पहुंचा है। बुधवार को शाम में शव जैसे ही खेतको गांव पहुंचा ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। शव के अंतिम दर्शन करने के लिए लोग जुटे हुए थे। इधर शव पहुंचते हीं परिजनों के चित्कार से माहौल गमगीन हो गया।

पत्नी और बच्चों का रो- रोकर बुरा हाल हो गया और जो भी यह दृश्य देख रहा था अपने आंसू नहीं रोक पा रहा था। शव आने पर विधायक नागेन्द्र महतो भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने भी शव के अंतिम दर्शन किये। उन्होंने घटना को दुखद बताते हुए परिजनों को इस दुख की घड़ी में हिम्मत बंधाई।

बता दें कि खेतको के प्रवासी मजदूर हीरामन महतो सऊदी अरब में रहकर एक कंपनी में मजदूरी करते थे। दो महीने पूर्व 8 दिसंबर को उनकी वहीं पर मौत हो गई। शव नहीं पहुंचने से परिवार परेशान और चिंतित रह रहा था।

दो महीने बाद बुधवार को शव गांव पहुंचा। इधर प्रवासी मजदूरों के हितार्थ काम करने वाले सिकंदर अली भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह पहली घटना नहीं है। इसके पूर्व भी विदेशों से की महीने बाद शव आने का रिकॉर्ड है। बताया जाता है कि पीड़ित परिजनों को मुआवजा दिए जाने का समझौता भी कंपनी के साथ हो गया है। कंपनी के द्वारा पीड़ित परिजनों को 11 लाख 70 हजार रुपया मुआवजा देने की सहमति बनी है। विधायक नागेन्द्र महतो के द्वारा मुआवजा के लिए पहल की गई थी।

# दुमका में दो करोड़ की अवैध लॉटरी टिकट जब्त, ऑटो रिक्शा में लोड थे पटना से आये टिकट

**दुमका, एजेंसी।** झारखंड में प्रतिबंधित होने बाद भी उपराजधानी में लॉटरी टिकट का खेल जमकर चल रहा है। बुधवार को गुप्त सूचना पर सदर अंचल सीओ अमर कुमार ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के विशु बांध गांव के समीप एक ऑटो रिक्शा पकड़ा। इस ऑटो में लॉटरी टिकट से भरे 11 कार्टन मिले जिसको जब्त कर लिया गया है। जब्त टिकटों का मूल्य करीब दो करोड़ बताया गया है। सारे टिकट पटना से भागलपुर होते हुए दुमका पहुंचे थे। पुलिस ने चालक शमीम को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ कर मास्टरमांइट का पता लगाने का प्रयास कर रही है।



### सीओ को मिली थी गुप्त सूचना

सीओ अमर कुमार को सूचना मिली थी कि लॉटरी टिकटों से भरी एक ऑटो दुमका के रानीश्वर प्रखंड की ओर जा रही है। उन्होंने पीछा कर वाहन को रोककर जांच की तो उसमें 11 कार्टन में लॉटरी के टिकट भरे हुए थे। कार्टन पर अजंता बुक स्टोर का लेबल लगा हुआ था। हिरासत में लिए गये शहर के दुधानी मोहल्ले का निवासी ऑटो चालक मो। शमीम ने सीओ को बताया कि दोपहर को शहर के मिनी अमर सिनेमा के पीछे रहने वाले दीनू नामक युवक ने फोन कर बताया कि पुसारो पुल के पास 11 कार्टन रखे हुए हैं। वह उन्हें रानीश्वर के अनुपम मुखर्जी तक पहुंचा दे।

### ऑटो चालक को दिया था दो हजार रुपया

इस कार्य के लिए दीनू ने चालक को दो हजार रुपया भी दिया। चालक ने बताया कि वह पहले भी इसी तरह के कार्टन को अनुपम तक पहुंचा चुका है। कार्टन में बुक स्टोर का लेबल लगा होने की वजह से कभी पूछताछ करना जरूरी नहीं समझा। सीओ की सूचना पर मुफस्सिल थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और सारे टिकट को जब्त कर थाना ले गई। सीओ ने थाना प्रभारी सत्यम कुमार को पूरी जानकारी दी और इस अवैध धंधे में शामिल लोगों की पहचान कर कार्रवाई करने को कहा।

### सीओ ने दी जानकारी

सीओ ने बताया कि चालक से पूछताछ में यह बात सामने आई है कि हजारीबाग से लॉटरी टिकट का अवैध धंधा चल रहा है। जब्त टिकटों की कीमत करीब दो करोड़ रुपया है। उन्होंने कहा कि इसमें गहनता से जांच कर इससे जुड़े सभी को पकड़ना होगा, तभी इस पूरे अवैध धंधे पर से पर्दा उठेगा। वैसे हम आपको बता दें कि एक महीने पहले भी दुमका के निजी बस पड़ाव से ऑटो रिक्शा में ही भारी मात्रा में लॉटरी टिकटों को जब्त किया गया था।

## मंईयां सम्मान योजना से इन महिलाओं का कटेगा नाम, 2500 रुपया मिलना हो जाएगा बंद




**तिसरी (गिरिडीह), एजेंसी।** गिरिडीह मुख्यालय में स्थित सभागार में एलडीएम अमृत कुमार चौधरी के नेतृत्व में बैंक मैनेजर और मंईयां सम्मान योजना के कर्मी की बैठक की गई।

बैठक में प्रखंड में स्थित सभी मैनेजर को संबोधित करते हुए एलडीएम ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना के सभी लाभुक का नाम,खाता नंबर, जांच करे। अवैध तरीके से मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने वाली महिलाओं के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

जांच के दौरान जिन लाभुक के खाता में मंईयां सम्मान योजना के साथ विधवा, महिला सम्मान योजना की राशि जा रही है, उसे चिह्नित करें और उनका नाम काटा जाएगा। एक खाता में एक से अधिक मंईया सम्मान योजना की राशि आ रही हो तो उन महिलाओं के खिलाफ भी एक्शन होगा।

18 साल से कम उम्र की किशोरी यदि सम्मान योजना का लाभ ले रही है तो उनका खाता नंबर एक्सेल में डाल दे।महिला के स्थान पर पुरुष और नाम में अंतर होने वालों को भी चिह्नित करें। बता दे की तिसरी प्रखंड में मंईयां सम्मान योजना क लिए 17800 आवेदन प्राप्त हुआ है।उसमें 15625 लाभुको को मइंया सम्मान योजना का लाभ मिल रहा है। बैठक में एसबीआइ खिजूरी के मैनेजर अनु रंजन कुमार, तिसरी एसबीआइ मैनेजर जयंत कुमार बरनवाल, इंडियन बैंक चंदोरी मैनेजर ए कमल, एमओ राजन कुमार, प्रखंड समन्वयक संतोष वर्मा, आपरेटर मंदीप कुमार, सांडिल, सहित कई कर्मी मौजूद थे।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर केंद्र की योजनाओं को धरातल में उतारने में उदासीनता का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री केंद्रीय मंत्रियों को मांगपत्र सौंपते हैं, लेकिन पहले से चल रही केंद्रीय योजनाओं का राज्य में बुरा हाल है।मनरेगा में केंद्र सरकार के हिस्सेदारी के पैसे का यूटिलिटी सर्टिफिकेट राज्य ने नहीं सौंपा। प्रधानमंत्री आवास योजना में भी केंद्र और राज्य का संयुक्त योगदान होता है। केंद्र ने इस योजना में जो पैसे दिए, उनका राज्य सरकार ने फिर से समय पर यूटिलिटी सर्टिफिकेट नहीं दिया।

## शब-ए-बारात के मद्देनजर रांची, जमशेदपुर और गुमला में बड़े वाहनों की रही नो एंट्री

रांची/जमशेदपुर/ गुमला, एजेंसी। शब-ए-बारात के मद्देनजर जमशेदपुर में गुरुवार को बड़े वाहनों के लिए नो एंट्री रहेगी। उपायुक्त अनन्य मित्तल, एसएसपसी किशोर कौशल व यातायात डीएसपी के संयुक्त आदेश से शहर में नो एंट्री लगाई गई है। शहर में यह नो एंट्री गुरुवार की शाम छह से शुक्रवार की सुबह छह बजे तक रहेगी।

नो एंट्री के दौरान भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी गई है। नो एंट्री इसलिए लगाई गई है ताकि शहर में शब-ए-बारात का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जा सके। जिला प्रशासन ने नो एंट्री के समय यात्री बसों को छूट दी गई है। यात्री बसें शहर में आवागमन कर सकती हैं। जबकि बड़े व्यवसायिक वाहनों को शहर के बाहर ही रोक दिया जाएगा। वाहनों को मानगो में डिमना चौक, पारडीह चौक आदि इलाके से अंदर नहीं आने दिया जाएगा। शब-ए-बरात को लेकर रांची के दो विवि में अलग-अलग अवकाश है। रांची विवि में अवकाश शुक्रवार है और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि में अवकाश गुरुवार को है। रांची विवि में गुरुवार को परीक्षा भी है। मुस्लिम धर्मावलंबियों के त्योहार शब-ए-बारात के मौके पर स्कूलों में सरकारी छुट्टी नहीं मिलने की जानकारी मिलने के बाद बज्मे रब्बानी कमेटी गुमला ने बुधवार को डीसी कर्ण सत्यार्थी को लिखित आवेदन दिया।

# लाखों के ऑफर का लालच देकर छात्रा से 22 हजार की ठगी, पैसों की वापसी के लिए छात्रा ने पुलिस से लगाई गुहार




**दुमका, एजेंसी।** साइबर ठगी लोगों को अपना शिकार बनाने के लिए रोज नए-नए हथकंडे अपनाते हैं। इस बार साइबर अपराधियों ने जियो कंपनी के ऑफर का लालच देकर छात्रा सुनीता हांसदा से 22 हजार रुपए ठग लिया है। छात्रा ने कार, 1।85 लाख रुपए और एक एलसीडी की लालच में सारा पैसा अपराधियों को भेज दिया है। ऑफर प्राप्त नहीं होने पर छात्रा ने मंगलवार को नगर थाना में इसकी शिकायत करते हुए पैसा वापस दिलाने की गुहार लगाई।

झारखंड के गोड्डा जिला स्थित हटिया मोड़ की रहने वाली सुनीता हांसदा बीए की पढ़ाई दुमका में कर रही है। छात्रा ने थाना प्रभारी नंद किशोर प्रसाद को आवेदन देकर बताया कि इस माह के सात फरवरी को उसके मोबाइल पर फोन आया था। कॉल करने वाले व्यक्ति ने बताया कि उसकी मां के नाम पर जियो कंपनी से एक ऑफर आया है। जिसमें एक कार, 1 लाख 85 हजार रुपए और एक एलसीडी दिया जाना है। छात्रा से साइबर ठगी ने कहा कि सारा सामान आ गया है, आपको लेना होगा। इससे पहले आपको मेरा मोबाइल में रिचार्ज करना होगा।

छात्रा ने कहा कि रिचार्ज के बाद उसने फिर 8600 की मांग की और कहा इसके बाद ही समान मिलेगा। जिसके बाद लड़की ने वो पैसा भी भेज दिया है। इसके बाद फिर ठगी ने फोन कर और 17 हजार रुपए की मांग की। जब छात्रा को शक हुआ तो उनसे परिचय मांगा। जिसके बाद ठगी ने अपना आधार कार्ड और पैन कार्ड भेजा। छात्रा ने उसकी बातों में आकर धीरे-धीरे कुल 22 हजार रुपए भेज दिए। इसके बाद भी सामान नहीं भेजा तो छात्रा अपने पैसों की मांग करने लगी। पैसा वापस करने के नाम पर ठगी ने और दो हजार की मांग की। छात्रा ने बताया कि सारा पैसा भेजने के बाद महसूस हुआ कि वह ठगी का शिकार हुई है।

थाना प्रभारी ने कहा होगी कार्रवाई

नगर थाना प्रभारी नन्दकिशोर प्रसाद ने बताया कि आवेदन के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। बता दें कि संथाल परगना का जामताड़ा और देवघर जिला साइबर क्रिमिनल्स के आतंक से परेशान तो है ही दुमका जिला में भी इन अपराधियों द्वारा बीच-बीच में ठगी की घटनाओं का अंजाम दिया जा रहा है। पुलिस द्वारा हाल में कई कार्रवाई भी हुई, क्रिमिनल पकड़े भी गए पर आए दिन इस तरह की घटनाएं सामने आ ही जाती है।

# जुग जाहेर थान में गहराया विवाद, सीएम हेमंत सोरेन पर लगाए गए कई आरोप, राज्यपाल को लिखा गया पत्र

**गिरिडीह, एजेंसी।** जुग जाहेर थान को लेकर विवाद गहरा गया है। आदिवासी नेताओं ने सीएम हेमंत सोरेन पर मामले को लेकर दोहरा चरित्र अपनाने का आरोप लगाया है। साथ ही राज्यपाल को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई है। दरअसल, करीब सात माह पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री और वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन के साथ मधुबन थाना क्षेत्र के दिशोम मांझी थान में पूजा की थी। इसके बाद हेमंत और कल्पना वहां से चले गए थे। बाद में वहां एक तस्वीर भी वायरल हुई थी। इस संबंध में मधुबन थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ कांड संख्या 13/2024 दर्ज किया गया था। अब इस मामले में कुछ लोगों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 35(3) के तहत नोटिस दिया गया है।

इस मामले को लेकर मरांग बुरु सांवता सुसार बैसी फ्रंट पर आ गया है और हेमंत सरकार पर दोहरा चरित्र अपनाने का आरोप लगा रहा है। बैसी के अध्यक्ष नुनुका टुडू, सचिव सिकंदर हेम्ब्रम, संयुक्त सचिव अर्जुन हेम्ब्रम के अलावा बुधन हेम्ब्रम ने हेमंत सोरेन पर गंभीर आरोप लगाए हैं।





उन्होंने राज्यपाल को पत्र लिखकर मामले से निर्दोष लोगों को मुक्त करने तथा भारत सरकार के ऑफिस मेमोरेंडम संख्या 11-584/2014-डब्लूएल के संकल्प को रद्द/संशोधित कर क्षेत्र को जुग जाहेर थान दिशोम मांझी थान घोषित कर आदिवासी समाज की पारंपरिक पूजा में आ रही बाधा को दूर करने की मांग भी की है।

गिरिडीह में एक प्रेस वार्ता आयोजित कर बैसी के नेताओं ने कहा कि मरांग बुरु (पारसनाथ) राज्य की सबसे ऊंची चोटी है और वही आदिवासी समाज का विश्व प्रसिद्ध पूज्यनीय और आदरणीय मरांग बुरु जुग जाहेर थान है। मरांग बुरु की चोटी पर जुग जाहेर थान और छत्रपल की तलहटी में दिशोम मांझी थान अवस्थित है। जहां सृष्टि के निर्माण काल से ही आदिवासी समाज बलि प्रथा के साथ पूजा-अर्चना करता आ रहा है। साथ ही बैशाख पूर्णिमा को तीन दिवसीय धार्मिक सेंदरा और आदिवासी सम्मेलन का आयोजन होता है, जिसे लोबिर बैसी कहते हैं।

फाल्गुन शुक्ल की प्रथम तिथि से पौष माह में तीन दिवसीय बहापर्व, करमपर्व, सोहराय महोत्सव का आयोजन होता है। यह क्षेत्र और राज्य आदिवासी बहुल है और पूरे भारत में करीब 16 करोड़ की आदिवासी आबादी है। देश-विदेश में रहने वाले तमाम लोग मरांग बुरु की पूजा करते हैं। हम सभी आदिवासी इस पवित्र भूमि के लिए धार्मिक अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं और समाज भी आंदोलित है। हम किसी समुदाय की पूजा और आस्था के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन हम उन लोगों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने का अनुरोध करते हैं जो पहाड़ के उस हिस्से में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं जो हमारी आस्था और पूजा के लिए चिह्नित है।

# खड़ी गाड़ी में लगी आग, समय पर पाया गया काबू, बड़ा हादसा टला

**धनबाद, एजेंसी।** चौथाई कुली स्थित थाना मोड के समीप खड़ी एक गाड़ी (जैन स्टेलो छ्व॥10ऋ0940) में अचानक आग लग गयी। इस अगलगी से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग की लपटें देख वहां लोगों की भीड़ जमा हो गयी। स्थानीय लोगों की सूचना पर झरिया थाना प्रभारी ने ने तुरंत अग्निशमन विभाग को जानकारी दी। सूचना पाकर दमकल की गाड़ी और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि गाड़ी पूरी तरह जलकर खाक हो गयी। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।



### बच्चे को स्कूल छोड़ने के बाद गाड़ी सड़क के किनारे की थी खड़ी

वाहन चालक विजय कुमार साव ने बताया कि वे सुबह 8 बजे बच्चे को डिनोबिली स्कूल छोड़ने गये थे। इसके बाद वो सड़क के किनारे गाड़ी खड़ी करके घर चले गये थे। कुछ ही समय बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें सूचना दी कि गाड़ी में आग लग गयी है। कहा कि गाड़ी में आग कैसे लगी, इसकी जानकारी नहीं है।

### समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो बड़ा हादसा हो सकता था -स्थानीय निवासी

स्थानीय निवासी शकील अंसारी का कहना है कि गाड़ी में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गयी होगी। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों ने आग बुझाने की पूरी कोशिश की, लेकिन आग तेजी से फैल गयी। कहा कि अग्निशमन विभाग और झरिया पुलिस की तत्परता से आग पर काबू पाया गया। यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो यह एक बड़ी घटना का रूप ले सकती थी। क्योंकि यह समय स्कूल खुलने का था।

# रहस्यमय बीमारी से मौतें

दिल्ली एम्स के विशेषज्ञों के दल ने जम्मू-कश्मीर के राजौरी में रहस्यमय बीमारी की चपेट में आए 11 मरीजों से मुलाकात की। वे बधाल गांव भी गए, जहां इस बीमारी के कारण मौतें हुई हैं तथा उस इलाके का दौरा कर सील किए गए घरों व आस-पास के इलाकों का नमूने एकत्र किए, जिनकी जांच की जाएगी। विशेषज्ञों के दल ने उन मरीजों की भी जांच की जो निगरानी में हैं। जैसा कि बधाल गांव में तीन परिवारों के सत्रह लोगों की अज्ञात कारणों से अचानक हुई मौत को लेकर यह मामला सामने आते ही 87 परिवारों के 364 व्यक्तियों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया था। शेष 808 परिवारों के 3700 लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए गांव को चौदह समूहों में विभाजित किया। मृतकों के नमूनों में न्यूरोटॉक्सिन पाए जाने के एसआईटी का गठन किया गया था। जो आपराधिक पहलू की भी जांच कर रहा है। लखनऊ की विष विज्ञान प्रयोगशाला में हुई शुरुआती जांच में मौत के कारणों में कोई संक्रमण, वायरस या बैक्टीरिया नहीं है। बल्कि कोई विषाक्त पदार्थ बताया गया। भर्ती मरीजों के इलाज के लिए भी विषरोधी औषधियों का ही प्रयोग किया जा रहा है। हालांकि बीते दस दिनों से कोई नया मामला न आने पर राहत की सांस ली जा रही है। कोविड-19 संक्रमण की दहशत के कारण अचानक हुई इन मौतों को लेकर आमजन का भयभीत होना लाजमी है। उस पर भी मरने वालों को बुखार, गले में दर्द, उल्टी या डायरिया जैसी दिक्कतें होने के चलते सभी दहशत से भर गए। चिकित्सकों द्वारा यह पहले ही स्पष्ट कर दिया गया था कि यह कोई संक्रमण नहीं है, न ही यह महामारी में तब्दील होने की आशंका है। उनका अनुमान था कि यह वायरल, बैक्टीरिया, प्रोटोजोल या जूनोटिक संक्रमण हो सकता है या नर्वस सिस्टम को प्रभावित करने वाली किसी चीज की भी आशंका व्यक्त की गई है। मगर इलाके के इर्द-गिर्द व प्रशासन ने फौरी तौर पर एहतियातन चुस्ती से काम लिया। उन्हें खाने-पीने की चीजें मुहैया कराई और सार्वजनिक तौर पर मिलने-जुलने पर भी रोक लगाई। अपने यहां अफवाह के कारण भय फैलाने वाली मानसिकता भी है। दूसरे, पड़ोसी मुल्क द्वारा शरारत से भी इनकार नहीं किया जा सकता। जिस तेजी से हालात को संभालने का प्रयास जारी है, वह जल्द ही हकीकत से पर्दा उठाने में सफल हो सकता है।

# दिल्ली जीतकर भाजपा ने दिखाई धमक



रमेश सर्राफ धमोरा

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बड़ी जीत हासिल कर अपनी धमक दिखायी है। 1998 में भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव हार गई थी। उसके बाद इस बार के चुनाव में भाजपा जीत कर अपनी सरकार बनाने वाली है। लगातार छह बार विधानसभा चुनाव हारने से भाजपा के लिए इस बार के दिल्ली विधानसभा के चुनाव बड़ी प्रतिष्ठा के सवाल बने हुए थे। इसीलिए भाजपा ने दिल्ली विधानसभा के चुनाव में जीत हासिल करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया। इस बार भाजपा ने दिल्ली में मुख्यमंत्री रहे अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया सहित आम आदमी पार्टी के कई दिग्गज नेताओं को हराकर अपनी पुरानी हार का बदला ले लिया है। पिछले लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने करीब 30 विपक्षी दलों को साथ लेकर भाजपा के खिलाफ मजबूत इंडी गठबंधन बनाया था। जिसमें शामिल सभी विपक्षी दलों ने ज्यादातर सीटों पर एक साथ मिलकर चुनाव लड़कर भाजपा को कड़ी टक्कर दी थी। लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को 293 लोकसभा सीटें मिली। वहीं इंडी गठबंधन ने 236 सीटें जीती। कांग्रेस 53 सीटों से बढ़कर 99 सीटों पर पहुंच गई। इसी तरह समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में 5 सीटों से बढ़ कर 37 सीटों पर पहुंच गई। लोकसभा चुनाव के बाद हरियाणा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को पूरा भरोसा था कि उनकी पार्टी की सरकार बनेगी। इसलिए कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव से इतर विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी से समझौता नहीं कर अकेले चुनाव मैदान में उतरी। हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 48 सीटें जीत कर कांग्रेस को करारी शिकस्त दी। हरियाणा में जीत से देशभर में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं का मनोबल भी बढ़ा। भाजपा ने हरियाणा में जहां लगातार तीसरी बार सरकार बनायी, अब तक की सबसे अधिक 48 सीटें जीत कर यह दिखा दिया कि लोकसभा चुनाव में पार्टी को उम्मीदों से कहीं कम सीटें मिलने से कार्यकर्ता निराश नहीं हैं। उसके बाद महाराष्ट्र व झारखंड विधानसभा के चुनाव संपन्न हुए। महाराष्ट्र में भाजपा ने अब तक की सबसे अधिक सीटें जीतकर नया रिकॉर्ड बनाया। झारखंड में भाजपा चुनाव हार गई मगर महाराष्ट्र में भाजपा की बड़ी जीत में झारखंड की हार दब कर रह गई। महाराष्ट्र में भाजपा ने अकेले 132 सीटें जीती जो अब तक की सबसे अधिक थी। वहीं, भाजपा के सहयोगी शिवसेना व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने भी करीब 100 सीटें जीतकर महाराष्ट्र में कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद चंद्र पवार व शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे को मात्र 46 सीटों पर समेट दिया। हरियाणा व महाराष्ट्र चुनाव भाजपा के लिए नई संजीवनी साबित हुए। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन महाराष्ट्र में महज 17 सीटें ही जीत पाया था। मगर विधानसभा चुनाव में मिली बंपर जीत ने लोकसभा चुनाव की हार को भुला दिया। हाल ही में दिल्ली विधानसभा के चुनाव में भी भाजपा ने पहली बार 48 सीटें जीतकर इतिहास रच दिया। दिल्ली विधानसभा में भाजपा पिछले 26 वर्षों से सत्ता से बाहर थी। दिल्ली में 1998, 2003 व 2008 में लगातार तीन बार कांग्रेस की सरकार बनी थी। वहीं, 2013, 2015 व 2020 में लगातार तीन बार आम आदमी पार्टी की सरकार बनी थी। 2015 में महज 3 सीट व 2020 में मात्र 8 सीट जीतने वाली भाजपा ने इस बार 48 सीट जीतकर अपनी ताकत का अहसास करवाया है। हालांकि 2014, 2019 व 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा दिल्ली की सभी 7 सीटे जीतकर हैट्रिक बना चुकी है। मगर विधानसभा चुनाव में लगातार 6 बार सत्ता से बाहर रहने के कारण भाजपा इस बार हर हाल में दिल्ली में सरकार बनाना चाहती थी। इसके लिए भाजपा के सभी नेता व कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। यदि भाजपा इस बार भी दिल्ली में चुनाव हार जाती तो आगे आने वाले बिहार, असम विधानसभा के चुनाव में उसे नुकसान उठाना पड़ सकता था। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 48 सीटों के साथ 45.56 प्रतिशत वोट हासिल किए। दिल्ली में यह भाजपा का अब तक का सर्वोच्च चुनावी आंकड़ा है। पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में जहां भाजपा की 40 सीट बढ़ गई हैं, वहीं उसका वोट प्रतिशत भी 7.38 प्रतिशत बढ़ा है। भाजपा को कुल 46 लाख 23 हजार 110 वोट मिले हैं। वहीं, आम आदमी पार्टी महज 22 सीटों पर सिमट गई। उसे 43.57 प्रतिशत मत मिले हैं। जो पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में 10 प्रतिशत कम हैं। आम आदमी पार्टी को 41 लाख 33 हजार 898 वोट मिले हैं। इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के लिए भाजपा ने चुनावों के दौरान आम आदमी पार्टी की आपदा पार्टी वाली छवि बना दी थी। पार्टी के बड़े नेता अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया



सत्येंद्र जैन, संजय सिंह को भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल जाने को भाजपा ने बड़ा मुद्दा बना कर दिल्ली की जनता को आम आदमी पार्टी की वास्तविकता से रूबरू करवाया। इसके साथ ही अरविंद केजरीवाल द्वारा मुख्यमंत्री आवास में करवाए गए कार्यों को भाजपा ने शीशमहल कहकर प्रचारित किया। जिससे दिल्ली के आम मतदाताओं को लगने लगा कि जिस पार्टी को वह अपनी हमदर्द पार्टी मानकर लगातार तीन बार से चुनाव जीतवा रहा है, उस पार्टी के नेता भी अन्य राजनीतिक दलों के नेताओं की तरह भ्रष्टाचार करने लगे हैं। मतदाताओं की यह सोच आम आदमी पार्टी के खिलाफ गई और उसे चुनाव में करारी पराजय झेलनी पड़ी। दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस बार मतदाताओं ने दलबदलुओं को भी उनकी औकात दिखा दी। 24 दलबदलू नेता भाजपा, आप व कांग्रेस पार्टी से टिकट प्राप्त कर चुनाव मैदान में उतरे थे। जिनमें 9 नेता ही चुनाव जीत सके। बाकी 15 प्रत्याशियों को हार का सामना करना पड़ा। दलबदलुओं में 6 भाजपा के चुनाव चिह्न व 3 आप के चुनाव चिह्न पर जीते। दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल के मुकाबले भाजपा ने किसी स्थानीय नेता की बजाय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की छवि पर चुनाव लड़ा और जीता। दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के बाद भाजपा कार्यकर्ता उत्साह से लबरेज हैं। चुनाव नतीजे के बाद भाजपा ने राजस्थान में कैबिनेट मंत्री डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा व हरियाणा में कैबिनेट मंत्री अनिल विज को उनके पार्टी विरोधी बयानों पर कारण बताओ नोटिस जारी कर यह जता दिया कि भाजपा में अनुशासन की लक्ष्मण रेखा पार करने का किसी को भी अधिकार नहीं है। चाहे वह कितना ही बड़ा नेता क्यों ना हो। यदि कोई पार्टी का अनुशासन तोड़ेगा तो उसके खिलाफ कार्यवाही होगी। कई राज्यों के विधानसभा चुनाव में लगातार जीतने से जहां भाजपा नेताओं का मनोबल बढ़ा हुआ है। वहीं, इंडी गठबंधन में आपसी आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। यदि विपक्षी दलों में खींचतान बढ़ती है तो आगे आने वाले विधानसभा चुनावों में उसका फायदा भी भाजपा को ही मिलना सुनिश्चित लग रहा है।

## सूडोकु नवताल- 7341

✶✶✶✶✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7340 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

# प्रेम दिवस



डॉ. प्रशान्त करण

रवि बाबू अपने फटफटिया पर एक झोले में गुलाब के फूल, टेडी बियर, चॉकलेट आदि लिए चौक पर अपनी चिर-परिचित मुस्कुराहट के साथ पहुँच कर मस्ती से झोले को काँधे पर टाँग, चाय दुकान की ओर बढ़ गए। रामलाल ने झोले से झाँकते सामानों को देखकर कहा—"क्या बॉस, हैप्पी वैलेंटाइन डे हो गया?"

यह सुनते ही रवि बाबू बोले—"हम भारतीय हैं, सनातनी हैं, हिन्दू हैं। हमारे यहाँ प्रेम दिवस वर्ष में हर दिन होता है। हम सबमें ईश्वर को देखते हैं, हम सभी से प्रेम करते हैं, हम सबमें उपस्थित ईश्वर से प्रेम करते हैं।"

रवि बाबू को पूरे उत्साह से प्रवचन देने की इच्छा को भाँपते ही रामलाल ने टोक दिया—"और गुरु, यह सब रोज़ डे, चॉकलेट डे, टेडी बियर डे आदि की सामग्रियाँ कुछ और कह रही हैं।"

रवि बाबू बोले—"यह सब तो उन युवाओं के हैं, जिन्हें अभी-अभी समझाकर आ रहा हूँ। जो समझ गए, उन्होंने यह सब मुझे दे दिया।"

रामलाल बड़े दूरदर्शी निकले। बोले—"गुरु, अब इनका करोगे क्या?"

रवि बाबू झेंप गए। फिर मुस्कुराते हुए बोले—"करना क्या है? अपनी सोसाइटी में दे दूँगा।"

रामलाल ने मामला पकड़ लिया। बोले—"भाईसाहब, सोसाइटी में असल में किसका भाग्य चमकने वाला है?"

रवि बाबू सकपकाए, फिर सँभल कर बोले—"अरे, सोसाइटी में बहुत सारे लोग हैं।"

रामलाल को संदेह हुआ कि रवि बाबू का कहीं मामला जमने लगा है। उन्होंने अँधेरे में तीर चला दिया—"भाईसाहब, वह भाग्यशालिनी है कौन?"

अब रवि बाबू बोले—"आपके विचार मुझे दूषित लगते हैं। अरे, यह सब मैं अपनी धर्मपत्नी नीमा देवी को देने वाला हूँ।"

रामलाल का दाँव उल्टा पड़ गया। अब रवि बाबू ने इसे भाँप लिया और उल्टे रामलाल से पूछ लिया—"आपको इतने दिवसों की इतनी जानकारी कैसे है? और आपके फूले हुए पॉकेट में क्या है?"

अब रामलाल की तो जैसे चोरी पकड़ी गई। वे टालने के लिए बोले—"रुमाल है।"

रवि बाबू भी कच्चे खिलाड़ी नहीं थे, दुनिया देखी थी। उन्होंने कहा—"दिखाओ रुमाल?"

रामलाल के रुमाल निकालने के चक्कर में सुनार का एक छोटा डब्बा गिर पड़ा। रवि बाबू ने उसे उठा लिया और तुरंत ही खोल लिया। उसमें महिला अंगूठी थी, जिस पर 'आर' लिखा था। अपने अनुभव से रवि बाबू ने पूछ लिया—"यह अनाथ आश्रम वाली राजेश्वरी के लिए तो नहीं?"

इस अचानक आक्रमण से रामलाल का चेहरा सफेद हो गया। फिर वे सँभल कर बोले—"नहीं जी, उसका नाम रजनी है। उसकी उस चौक पर आइसक्रीम पार्लर है।"

रवि बाबू को अब विषय मिल चुका था। वे बोले—"अरे, वही रजनी, जिस पर पिछले महीने आयकर की छापामारी हुई थी?"

रामलाल बोले—"हाँ।"

रवि बाबू बोले—"कब से चक्कर चल रहा है?"

रामलाल बोले—"महीने भर से प्रतिदिन वहीं आइसक्रीम खा रहा हूँ।"

रवि बाबू बोले—"ससुरे, ऐसी छिछोरी हरकत मत करो। आप चालीस के हो, विवाहित हो, यह सब शोभा नहीं देता। पश्चिमी सभ्यता में मत बहो, गुरु।"

रामलाल गंभीर हो गए। बोले—"ठीक कहते हैं, भाईसाहब। यह अंगूठी अपनी धर्मपत्नी रम्भा को दे देता हूँ।"

इतना कहकर वे चले गए। सप्ताह भर बाद रवि बाबू को पता चला कि रामलाल ने वह अंगूठी किसी रेशमा को दे दी है। आजकल रेशमा को लेकर रामलाल और उनकी पत्नी में हर दिन चिक-चिक हो रही है।




**मेष राशि–** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करें। छोटा-बड़ा फैसला लेते वक्त किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनाफा होगा। आज पारिवारिक माहौल व्यवस्थित रखने में आपकी मदद कारगर साबित होगी, परिवार में सभी एक-दूसरे की भावनाओं को समझेंगे।

**वृष राशि–**आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी करीबी व्यक्ति से चल रही अनबन खत्म होगी। जिन बातों में आपकी ज्यादा रुचि है, उन पर ध्यान देंगे जिससे आपको ख़ुशी होगी। आज नए लोगों के साथ जुड़ने से आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज भावनाओं में बहने की बजाय चतुराई से काम लेंगे तो परिस्थितियां आपके पक्ष में रहेंगी।

**मिथुन राशि–** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज विदेश जाने के लिए प्रयासरत लोगों को अच्छी खबर मिलने की संभावना है। आज सामाजिक गतिविधियों में आपका खास योगदान रहेगा। अपनी बौद्धिक क्षमता तथा व्यवहार कुशलता द्वारा सकारात्मक परिणाम हासिल करेंगे।

**कर्क राशि–**आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। व्यावसायिक मामलों में अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए मेहनत करने की जरूरत है। विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की नाकाम कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग सरकारी क्षेत्रों सेवारत हैं उन लोगों को बेहतरीन कार्यभार मिल सकता है। आज आपका सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा।

**सिंह राशि–** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज किसी खास व्यक्ति के मार्गदर्शन में आप कार्यों को बेहतरीन तरीके से करेंगे तथा महत्वपूर्ण मुद्दे पर भी विचार-विमर्श होगा। आज किसी धार्मिक संस्था में सेवा संबंधी कार्यों में भी उचित समय बीतेगा। आज किसी भी कार्य को लापरवाही की वजह से अधूरा ना छोड़। आज दूसरों के व्यक्तिगत मामलों से भी खुद को दूर ही रखें।

**कन्या राशि–** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आपका स्वाभिमान तथा आत्मविश्वास हर परिस्थिति में मेहनत करने की क्षमता बढ़ाएगा और आपके रुके हुए काम थोड़े प्रयास से बन जाएंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बना रहेगा। आज बेकार की गतिविधियों में समय बिताना आपके महत्वपूर्ण कार्य में समस्या बन सकता है।

**तुला राशि–** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपके मन में ख़ुशी रहेगी। परिवार में धार्मिक काम की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आप लम्बे समय तक स्वस्थ रहें इसके लिए आपको अच्छी डाइट लेनी चाहिए।

**वृश्चिक राशि–** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अपने काम को नया रूप देने के लिए कुछ रचनात्मक गतिविधियों में भी रुचि रहेगी। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता से संबंधित गतिविधियों में सफलता मिल सकती हैं। नये काम पर आज विचार करने का पूरा मौका मिल सकता है, लेकिन मौके को हाथ से न जाने दें।

**धनु राशि–** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज के दिन का भरपूर उपयोग करना जरूरी है। किसी भी कार्य को करने से पहले उसकी रूपरेखा तैयार करने से उचित सफलता मिलेगी। आज दूसरों की व्यक्तिगत बातों पर ध्यान ना देकर अपने काम के प्रति एकाग्र रहेंगे। यह समय अपने कार्यों के प्रति फोकस रहने का है। आज आप कुछ समय एकांत, ध्यान आदि में जरूर बिताएंगे।

मकर राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज अनुभवी लोगों के साथ रहकर बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। आज दौड़-धूप की अधिकता रहेगी परंतु सफलता मिलने की खुशी में आपके ऊपर थकान हावी नहीं होगी। आज आपका रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है। फाइनेंस संबंधी गतिविधियों के मामले में किसी पर भी अधिक भरोसा न करें।

**कुंभ राशि–** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज का दिन कर्म प्रधान बनेगा और आप अपनी ऊर्जा का भरपूर इस्तेमाल करेंगे। आपको अपनी मेहनत के अनुरूप उचित परिणाम भी मिलेंगे। भूमि अथवा वाहन से संबंधित काम हो सकता है। कुछ समय अपने मनोरंजन के लिए भी निकाल लेंगे। वर्तमान स्थिति पर ही अपना ध्यान केंद्रित रखें।

**मीन राशि–**आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। धार्मिक अथवा आध्यात्मिक गतिविधियों में आपका रुझान बढ़ेगा। आपके अपने व्यक्तिगत काम भी पारिवारिक सदस्यों की मदद से काफी हद तक पूरे हो जाएंगे।

# खुदकुशी की सिलसिले को रोकने की जरूरत

आनंद अग्निहोत्री

कभी राजस्थान का कोटा शहर जिसे प्री-इंजीनियरिंग एग्जाम और मेडिकल एंट्रेस टेस्ट के मामले में देशभर में डंका बजाने वाला माना जाता था, अब कोचिंग स्टूडेंट की आत्महत्या का हब बनता जा रहा है। अभिभावक यह सोचकर अपने बच्चों को कोचिंग में अध्ययन करने के लिए कोटा भेजते हैं कि उनके बच्चों का भविष्य उज्ज्वल होगा। वे इंजीनियरिंग अथवा डॉक्टरी की शिक्षा में एडमीशन ले सकेंगे, अपने बच्चों को वे तमाम तरह के सब्जबाग दिखाते हैं, लेकिन तमाम केस ऐसे हो रहे हैं कि बच्चा असफल होने पर आत्महत्या कर लेता है और अभिभावक हाथ मलते रह जाते हैं। जनवरी, 2025 में ही छह छात्रों के आत्महत्या कर लेने से एक बार कोटा फिर भयावह नजर आने लगा है। बड़ा सवाल यह है कि आखिर कोटा में कोचिंग सेंटर्स में पढने वाले छात्र असफल होने पर क्यों आत्महत्या कर लेते हैं। इसके लिए जिम्मेदार कौन है। आत्महत्याओं के बढ़ते आंकड़ों से लोग अब अपने बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजने से कतराने लगे हैं। पिछले 10 साल में कम से कम 127 विद्यार्थियों की खुदकुशी के मामले सामने आए हैं, अब यह आंकड़ा और तेजी से बढ़ रहा है। इसे सरकारी तंत्र की विफलता मानें या कोचिंग सेंटल संचालकों की उदासीनता, पढ़ाई का दबाव झेलने में नाकाम रहने वाले विद्यार्थियों की मौत का आंकड़ा थमता नजर नहीं आ रहा है। ऐसा नहीं है कि सरकार ने ऐसे घटनाक्रम रोकने के लिए प्रयास न किए हों। कई बार गाइडलाइंस जारी की गई हैं, लेकिन आत्महत्या का यह सिलसिला रु कता नजर नहीं आ रहा है। यक्ष प्रश्न यह है कि खुदकुशी के इस दर्दनाक खेल के लिए किसे कठघरे में खड़ा किया जा सकता है। आज हर माता-पिता चाहते हैं कि उनके बालक अच्छी से अच्छी सेवा में जाएं और उनका नाम रोशन करें। जो माता-पिता अपने बच्चों को डॉक्टर या इंजीनियर बनाना चाहते हैं वे अपने बच्चों को कोटा के कोचिंग सेंटर्स से तैयारी कराते हैं। इसमें दो राय नहीं कि डॉक्टरी और इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए कोटा सर्वोत्तम हब माना जाता है। जाहिर है कि लोगों का ध्यान कोटा पर केंद्रित हो, लेकिन अभिभावक यह नहीं देखते कि उनका बच्चा इन दोनों पाठ्यक्रमों के लायक है भी या नहीं। सभी बालक अतिकुशाग्र बुद्धि के नहीं होते। सभी की बौद्धिक क्षमता एक जैसी नहीं होती। ऐसे में बच्चों को स्वप्न दिखाकर कोटा में एडमीशन दिलाना उनके जीवन के साथ खिलवाड़ करना ही है। तमाम बच्चे मध्यम और निचले वर्ग के भी होते हैं। उन्हें बताया जाता है कि कैसे शिक्षा प्राप्त कर उन्हें घर-परिवार का नाम रोशन करना है। जब वे इसमें असफल होते हैं तो नाकामी का दबाव उन्हें आत्महत्या के लिए प्रेरित करता है। बहुत से बच्चों पर घर का आर्थिक दबाव भी होता है। इस दबाव के चलते उनके कदम खुदकुशी की ओर बढ़ते हैं। स्पष्ट है कि इन आत्महत्याओं के लिए प्राथमिक तौर पर उनके अभिभावक ही दोषी होते हैं। दूसरे नंबर पर आते हैं कोचिंग सेंटर संचालक। अब यह बात किसी से छिपी नहीं है कि शिक्षा व्यवसाय का रूप ले चुकी है। निम्न से लेकर उच्च स्तर तक की शिक्षा




में बड़ी रकम खर्च होती है। कोटा में जो कोचिंग सेंटर चल रहे हैं, उनमें भी मोटी रकम के लालच में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के प्रवेश ले लिये जाते हैं। भले ही उन कोचिंग सेंटर्स में छात्रों के बैठने तक की समुचित व्यवस्था न हो, लेकिन एडमिशन ले लिये जाते हैं। बाद में उनके बैठने आदि की वैकल्पिक अस्थायी व्यवस्था की जाती है। प्रवेश लेते समय सिर्फ बड़ी रकम देखी जाती है, बच्चे का मानसिक और बौद्धिक स्तर नहीं। बच्चा जेईई अथवा नीट एंट्रेंस क्लीयर कर पायेगा या नहीं, इस ओर कोई गौर नहीं किया जाता। कोचिंग सेंटर संचालक सिर्फ व्यवसाय कर रहे हैं। हम यह नहीं कहते कि वे अच्छी शिक्षा नहीं दे रहे, निश्चित रूप से दे रहे हैं, लेकिन यह देखने वाला कोई नहीं है कि बच्चे मानसिक रूप से यह शिक्षा ग्रहण कर भी पा रहे हैं या नहीं। बीच-बीच में उन्हें ताकीद कर दी जाती है कि वे पिछड़ रहे हैं और ज्यादा मेहनत करें, लेकिन कैसे, यह कोई नहीं बताता। शायद यही कारण है कि प्रशासन और सरकार ने जो गाइडलाइंस जारी की है, उसमें चयन समिति गठित करने का सुझाव दिया गया है। अगर चयन समिति में शामिल विषय विशेषज्ञ प्रवेश के समय ही विद्यार्थियों के मानसिक और बौद्धिक स्तर की जांच कर लें और सक्षम विद्यार्थियों को ही प्रवेश दें तो न संबंधित कोचिंग सेंटर का परीक्षा फल उत्तम हो बल्कि खुदकुशी की इस अनवरत चली आ रही श्रृंखला पर विराम भी लग सके। चयन समिति अगर अयोग्य या कमजोर छात्रों को प्रवेश ही न दे तो इतना ही तो होगा कि छात्र लौट जाएगा, लेकिन कम से कम आत्महत्या करने की नौबत तो नहीं आएगी। तीसरी जिम्मेदारी बनती है पीजी संचालकों की जो मोटी रकम लेकर छात्रों को आवास तो मुहैया करा देते हैं, लेकिन वहां ऐसी कोई सुरक्षात्मक व्यवस्था नहीं करते जिससे छात्र आत्महत्या न कर सके। कहने को कहा जा सकता है कि जिसे खुदकुशी करनी है वह कहीं भी कर सकता है, किसी भी प्रकार से कर सकता है मगर पीजी संचालकों की यह नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि कम से कम वह अपने पीजी में तो इस तरह के इंतजाम कर लें कि छात्र खुदकुशी करने का मौका न पा सके। दूसरी बात उन्हें सिर्फ आय का साधन ही समझें बल्कि उनके दुख-सुख में सहभागी बनने का प्रयास करें ताकि छात्रों को पीजी में भी घर जैसा माहौल मिल सके।

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित। पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।
संपादक : **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'**❀; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।**
**रांची** – 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड।
फोन– 9142412511/9102251947; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com
❀समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ◦ यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शुक्रवार, 14 फरवरी, 2025



संक्षिप्त समाचार

## कुशेश्वरस्थान में रविदास जयंती पर निकाली झांकी

**दरभंगा, एजेंसी।** संत शिरोमणि रविदास जयंती कुशेश्वरस्थान पूर्वी प्रखंड के केवटगामा गांव में बुधवार को धूम-धाम के साथ श्रद्धा पूर्वक मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत रविदास टोला से रविदास महासभा की ओर से गाजे बाजे के साथ आकर्षक रूप से भव्य झांकियां निकाल कर किया गया। झांकी नगर भ्रमण करते हुए रविदास आश्रम पहुंचे। जहां रविदास महासभा के प्रखंड अध्यक्ष सुरेश राम की अध्यक्षता में संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने संत शिरोमणि रविदास की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इससे पहले रविदास महासभा के प्रखंड संयोजक लखिन्दर राम जिला परिषद सदस्य पूनम मणि शर्मा, पूर्वी प्रखंड प्रमुख अंजनी भारती, समाजसेवी राम शंकर शर्मा, केवटगामा पंचायत के मुखिया छेदी राय एवं सरपंच बबन दास सहित अन्य अतिथियों को पाग, चादर एवं पुष्प माला तथा संत रविदास की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुखिया छेदी राय ने रविदास आश्रम के चारदीवारी एवं पुस्तकालय भवन का निर्माण कराने की घोषणा किए। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष रोशन कुमार राय,पूर्वी मंडल अध्यक्ष अजय कुमार राय, पूर्व मुखिया भोला प्रसाद मुखिया, नव कांत राम,सिकेन्दर राम,राम नारायण राम बीनो राम सहित रविदास समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## न्यायाधीश ने अधिवक्ताओं के साथ की बैठक

**दरभंगा, एजेंसी।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार विनोद कुमार तिवारी के निर्देश पर बुधवार को आगामी आठ मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक क्लेम केस के निपटारे के लिए क्लेम केस से जुड़े अधिवक्ताओं के साथ विशेष उत्पाद न्यायाधीश द्वितीय श्री रविशंकर कुमार ने बैठक की। जिला सह अपर सत्र न्यायाधीश श्री कुमार ने अधिवक्ताओं को कई आवश्यक निर्देश दिए।

## नाबालिग से छेड़खानी के आरोपी को 3 साल की सजा

● **औरंगाबाद में नाबालिग ने खुद दर्ज करवाया था मामला, 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगा**



**औरंगाबाद, एजेंसी।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में बुधवार को एडिजे सह स्पेशल पोक्सो कोर्ट लक्ष्मीकांत मिश्रा ने सज़ा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए एकमात्र अभियुक्त ओबरा थाना क्षेत्र के चपरी गांव निवासी सूर्यमल कुमार को सज़ा सुनाई है। स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि अभियुक्त सूर्यमल कुमार को दोषी करार देते हुए जेल भेज दिया गया था। बुधवार को सज़ा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए अभियुक्त को तीन साल की सजा सुनाई गई है , और दस हजार रुपए जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना न देने पर तीन महीने की अतिरिक्त साधारण कारावास होगी।

**मामला दर्ज होते ही कार्रवाई में जुटी थी पुलिस :** अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि नाबालिग पीड़िता ने खुद ही ओबरा थाने में आकर 26 फरवरी 2022 को अभियुक्त के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें कहा था कि ओबरा बाजार से लोटते वक्त हनुमान मंदिर चपरी के पास पहले से घात लगाए बैठे अभियुक्त ने मेरे साथ छेड़खानी किया। विरोध करने पटक दिया। वह सूनसान जगह ले जाने लगा, मेरे रोने की आवाज सुन कर गांव वाले जुटने लगे तो, अभियुक्त धमकी देकर भाग गया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई में जुटी हुई थी।

# सर्वे: बिहार में मोदी-नीतीश का मैजिक बरकरार ! विस चुनाव में बढ़ सकती है तेजस्वी की मुश्किलें



**पटना, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा चुनावों में अपनी हालिया जीत से उत्साहित, भारतीय जनता पार्टी ने बिहार में 243 विधानसभा सीटों में से 225 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है, जहां इस साल के आखिर में चुनाव होने हैं। इस साल नवंबर में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बीजेपी के साथ गठबंधन करके सत्ता के लिए नए सिरे से प्रयास करेंगे। उनका मुकाबला राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के तेजस्वी यादव से है, जो राज्य में सत्ता में लौटने के लिए दो दशकों की सत्ता विरोधी लहर का फायदा उठाने की उम्मीद कर रहे हैं। ऐसे में अब एक सर्वे ने तेजस्वी यादव की टेंशन बढ़ा दी है तो वहीं एनडीए में ख़ुशी की लहर दौड़ गई है। दरअसल, एक बड़े चैनल के सर्वे के अनुमान के मुताबिक बिहार में मतदान का गणित बेहद स्पष्ट है। अगर एनडीए एकजुट रहता है, तो उसे हराना मुश्किल होगा। बिहार में मतदान का पैटर्न पूरी तरह से अंकगणित पर आधारित होता है। दिल्ली जैसे राज्यों की तरह यहां स्प्लिट वोटिंग नहीं होती। अगर भाजपा, नीतीश कुमार की जदयू और चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (एलजेपी) साथ बनी रहती हैं, तो महागठबंधन के लिए राह बेहद मुश्किल होगी।इस विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में एनडीए कोवोटों का फायदा होता दिख रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में इसे 47 प्रतिशत वोट शेयर मिला था, जो अब बढ़कर 52 प्रतिशत हो सकता है। दूसरी ओर, इंडिया गठबंधन को भी मामूली बढ़त मिलती दिख रही है, लेकिन यह 39 प्रतिशत से बढ़कर सिर्फ 42 प्रतिशत तक ही पहुंच पा रहा है।वहीं, दिल्ली चुनाव के नतीज़ों ने आगामी बिहार विधानसभा चुनावों में पार्टियों की स्थिति को लेकर कयास तेज़ कर दिए है। जानकारों की मानें तो दोनों ही गठबंधनों यानी एनडीए और महागठबंधन की पार्टियों में सीट शेयरिंग को लेकर नए समीकरण बनेंगे। दिल्ली फतह के बाद एनडीए में बीजेपी की बारगेनिंग पावर बढ़ेगी तो महागठबंधन में कांग्रेस और भाकपा (माले) मजबूती से बॉरगेन करेंगे। हालांकि सूत्रों की मानें तो इस विधानसभा चुनाव में जेडीयू 100, बीजेपी 100 पर चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। इसके अलावा बाकी बचे सीटों को एनडीए के अंदर शामिल दलों में बांटा जा सकता है। इधर, आरजेडी के लिए सबसे बड़ा प्लस पॉइंट यह है कि राज्य में एंटी इंकंबेंसी जबरदस्त है पर मुश्किल यह है कि क्या आरजेडी नेता तेजस्वी यादव उसे भुना सकेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ऐतिहासिक पांचवें कार्यकाल के लिए मैदान में उतरने के लिए रणभेरी बजा चुके हैं। अब देखना है कि तेजस्वी यादव दो दशकों की सत्ता विरोधी लहर का फायदा उठाने के लिए क्या करते हैं? क्योंकि बीजेपी अपने सहयोगी जेडीयू के साथ गठबंधन में है और महाराष्ट्र, हरियाणा और दिल्ली में कठिन चुनावों में जीत दर्ज करने के बाद एनडीए का हौसला बुलंद है। नीतीश कुमार के बारे में बार-बार उनके स्वास्थ्य को लेकर अटकलें लगाई जाती रहती हैं पर जिस तरह से उन्होंने पिछले 2 महीनों से यात्राएं शुरू की हैं वो आश्चर्यजनक है। 23 दिसंबर 2023 को उन्होंने प्रगति यात्रा की शुरुआत की थी, जिसके तहत वे पूरे राज्य का दौरा कर रहे हैं. इसके अलावा, वे विशेष समूहों को साधने के लिए 'नारी शक्ति रथ यात्रा' और 'कर्पूरी रथ यात्रा' जैसे अलग-अलग अभियान भी चला रहे हैं।

## ट्रैक्टर ने महिला को रौंदा, मौत, ग्रामीणों ने चालक को पकड़ कर पुलिस को सौंपा

### गोपालगंज में घर के बाहर बैठी थी

**गोपालगंज, एजेंसी।** गोपालगंज के भोरे थाना क्षेत्र के गोइता टोला गांव में एक अनियंत्रित ट्रैक्टर के चपेट में आने से एक 46 वर्षीय महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वही स्थानीय लोगो द्वारा ट्रैक्टर चालक को पकड़ कर बंधक बना लिया गया और पुलिस को सूचना दी गई। और आरोपी ट्रैक्टर चालक को पुलिस के हवाले कर दिया गया। जबकि पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज मामले की जांच में जुट गई है। मृतका की पहचान भोरे थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गोइता टोला निवासी दुखी साह की पत्नी सुमन देवी(46) के रूप में की गई।

### अस्पताल ले जाने के दौरान गई जान

बताया जा रहा है कि सुमन देवी अपने घर के दरवाजे पर बैठी थी। इसी बीच एक अनियंत्रित ट्रैक्टर मौके पर पहुंचा। जबकि तक महिला कुछ समझ पाती तब तक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उसे कुचल दिया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जख्मी अवस्था में स्थानीय लोगो के सहयोग



से परिजनों द्वारा उसे तत्काल इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक को बंधक बना लिया है। इसकी सूचना भोरे थाना की पुलिस को दी। भोरे थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंच मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### आरोपी चालक गिरफ्तार

भोरे थानाध्यक्ष कैप्टन शहनवाज ने बताया कि ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक महिला की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। चालक को हिरासत में लिया गया है जबकि ट्रैक्टर को जब्त किया गया है।

## दिल्ली चुनाव के नतीजों का बिहार में असर नहीं होगा

### लालू यादव बोले- हमारे रहते बीजेपी नहीं बना पाएगी सरकार; भाजपा बोली- 25 सीट भी नहीं जीत पाएंगे

**पटना, एजेंसी।** पटना में आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली चुनाव के नतीजों का बिहार में कोई असर नहीं पड़ेगा। हमलोग के यहां रहते, बिहार में ऐसे ही भाजपा सरकार बना लेगी। बीजेपी वालों को जनता जान चुकी है।

### जनता ने उनके विनाश को देखा है

आरजेडी सुप्रीमो के बयान पर बीजेपी ने पलटवार किया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविंद सिंह ने कहा कि लालू यादव बड़बोले नेता हैं। होटवार जेल को सुशोभित कर चुके हैं। अभी धृतराष्ट्र के रोल में हैं। अपने पुत्र दुर्योधन को सीएम बनाने के लिए व्याकुल हैं। उनको पहले ये समझना चाहिए कि पहली बार बीजेपी के समर्थन से सीएम बने थे। 2025 में आरजेडी को 25 सीटें भी नहीं आएंगी। जनता ने विकास देखा है और उनका विनाश भी देखा है।



### पीएम की गारंटी पर लोगों को भरोसा है

दिलीप जायसवाल ने कहा था कि केजरीवाल ने मतदाताओं को मुफ्त चीजें देने का वादा करके सारी हदें पार कर दी थीं। वह पहले छत्तीसगढ़ में देखे गए रुझानों पर गौर करने में विफल रहे। जहां लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर भरोसा किया और कांग्रेस की भूपेश सिंह बघेल सरकार के खिलाफ वोट दिया। बिहार में भी कुछ लोग अरविंद केजरीवाल के चेले बन गए हैं। वे महिलाओं को 2,500 रुपए की मासिक सहायता और मुफ्त बिजली देने के वादे के सहारे मतदाताओं को अपनी ओर लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। दिल्ली के फैसले ने उन्हें चौंका दिया है।

### दिलीप जायसवाल ने केजरीवाल का शिष्य बताया था

दरअसल, दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद बीजेपी के नेता कह रहे हैं कि दिल्ली तो झांकी है, बिहार अभी बाकी है। कुछ दिन पहले बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बिना नाम लिए आरजेडी नेता तेजस्वी यादव को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का शिष्य बताया था।

## रोहतास में इंटर छात्रा की संदिग्ध मौत, नहर से शव बरामद हुआ

**सासाराम, एजेंसी।** बिहार के रोहतास में रविवार की शाम से लापता इंटर छात्रा की लाश को पुलिस ने एसडीआरएफ की मदद से नहर से बरामद कर लिया है. जिले के अकोढीगोला थाना क्षेत्र के लंगेश्वर बिगहा स्थित नहर में उसका शव पड़ा मिला था. वहीं, पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है. हालांकि अभी तक मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है.

### मां के साथ सब्जी खरीदने गई थी लड़की

घटना के संबंध में बताया जाता है कि लड़की रविवार को अचानक लापता हो गई थी. शाम को वह सब्जी खरीदने अपनी मां के साथ अकोढीगोला बाजार आई थी लेकिन अचानक सब्जी की दुकान से गायब हो गई थी. मां ने बेटी की काफी खोजबीन की लेकिन वह कहीं नहीं मिली तो थक-हारकर परिजनों के माध्यम से पुलिस को सूचना दी.

### नहर से छात्रा का शव बरामद:

परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्जकर संध्या की तलाश शुरू कर दी थी लेकिन इसी बीच गुरुवार सुबह उसका शव नहर से बरामद हुआ है. पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है. अकोढ़ी गोला थानाध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा ने बताया कि परिजनों की शंका को



देखते हुए पुलिस प्रशासन की टीम ने पहले स्थानीय गोताखोरों की मदद से नहर में तलाश कराई, फिर भी जब लड़की नही मिली तो आरा से एसडीआरएफ की टीम भी बुलाई गई. नहर में खोजबीन के बाद लड़की का शव बरामद कर लिया गया.

### कैसे हुई लड़की की मौत?

आशंका व्यक्त की जा रही है कि युवती ने नहर में कूदकर आत्महत्या की है. हालांकि अभी तक पुलिस मौत की स्पष्ट वजह नहीं बता पा रही है. थानाध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा ने कहा कि पुलिस तमाम बिंदुओं पर जांच कर रही है. फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया गया है. अकोढ़ी गोला थाना के थानाध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा का कहना है कि रविवार की देर शाम लड़की के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी. एसडीआरएफ की मदद से लड़की का शव बरामद कर लिया गया है. अभी परिजन सदमे में हैं और कुछ भी बोलने की फिलहाल स्थिति में नहीं है. मामले की जांच की जा रही है.

## आरटीई : मियाद खत्म, पिछले साल से 25 फीसदी अधिक हुए रजिस्ट्रेशन

**पटना, एजेंसी।** शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के तहत सत्र 2025-26 में निजी विद्यालयों में नामांकन लेने के लिए के रजिस्ट्रेशन की मियाद खत्म हो गयी। 26 दिसंबर से लेकर 10 फरवरी तक शिक्षा विभाग के ऑनलाइन पोर्टल ज्ञानदीप के माध्यम से रजिस्ट्रेशन हुआ। इस बार पंजीकरण की स्थिति पिछले साल से काफी बेहतर रही। 5057 बच्चों के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया गया। जो पिछले साल की तुलना में करीब 25 फीसदी अधिक है। सत्र 2025-26 के पहले और दूसरे चरण मिलाकर 3726 रजिस्ट्रेशन हुआ था। पहले चरण में 2640 व दूसरे चरण में 1086 पंजीकरण हुआ था। डीईओ डॉ. ओम प्रकाश ने बताया कि सीबीएसई व ई-संबंधन से स्वीकृति प्राप्त विद्यालयों में 25 प्रतिशत कमजोर व अलाभकारी वर्ग के बच्चों का नामांकन लेना है। पिछले साल की तरह इस बार भी आरटीई के तहत नामांकन पर विशेष जोर है। इस बार अधिक रजिस्ट्रेशन हुआ है। पंजीकरण के बाद आगे की प्रक्रिया चल रही है।

**5057 में 1978 आवेदन स्वीकृत, 3069 की हो रही जांच-पड़ताल :** जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (प्रा. शि व सर्व शिक्षा अभियान) असगर आलम खां ने बताया कि 26 दिसंबर से शुरू होकर 10 फरवरी तक छात्रों का रजिस्ट्रेशन हुआ। नामांकन के लिए ऑनलाइन कुल 5057 आवेदन आए। इसमें बीईओ के जरिए 1978 आवेदनों को स्वीकृत भी कर दिया गया है। 3069 की जांच प्रक्रिया चल रही है। 10 आवेदन रद्द हुए हैं। 15 फरवरी तक पंजीकृत छात्रों का सत्यापन होगा। सत्यापन के बाद 17 फरवरी को सत्यापित छात्रों का ऑनलाइन स्कूल आवंटन हो जाएगा। 18 फरवरी से चयतिन छात्र अपने आवंटित विद्यालय जाने लगेंगे। 18 फरवरी से लेकर 28 फरवरी तक स्कूलों में प्रवेश होगा। विभागीय प्रक्रिया चल रही है।

### पिछले साल आरटीई के तहत नामांकन कराने में गया सूबे में रहा था अव्वल

डीईओ डॉ.ओम प्रकाश ने बताया कि चयनित बच्चों का विद्यालय चयन लॉटरी के माध्यम से होगा। दिव्यांग बच्चों के लिए पांच फीसदी सीट आरक्षित है। विद्यालय के नजदीक रहने वाले छात्रों को प्राथमिकता दी जाती है। बताया कि पिछले सत्र में सूबे भर में आरटीई के तहत अलाभकारी समूह यानी अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक समूह के बच्चों का नामांकन कराने में गया अव्वल रहा था। पिछले साल जमकर प्रचार-प्रसार किया गया था। नामांकन की पूरी प्रक्रिया सहित अन्य नियमावली की जानकारी सहज तरीके से दी गई। इसमें डीपीओ (प्रा.शि.)और उनके कर्मियों का भी काम बेहतर रहा था। इस साल भी पूरी टीम लगी हुई है।

# बिहार की सभी 243 सीटों पर किस्मत आजमाएंगे पशुपति पारस



**पटना, एजेंसी।** राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी बिहार विधानसभा के चुनाव में बिहार की सभी सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में जुट गई है. रालोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस ने सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है. दो दिवसीय पार्टी के पदाधिकारी की बैठक में यह निर्णय लिया गया.

हमारी पार्टी हर बूथ पर संगठन खड़ा करेगी और बीएलओ नियुक्त करेगी. आगामी अप्रैल माह तक राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी बिहार के सभी विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ता सम्मेलन करेगी.- पशुपति कुमार पारस, राष्ट्रीय अध्यक्ष, रालोजपा

### 243 सीट पर चुनाव लड़ने की तैयारी

मंगलवार को जिलाध्यक्षों एवं राज्य कार्यकारिणी की बैठक में पशुपति कुमार पारस ने बिहार विधानसभा की सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की. बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती पटना में दलित सेना मनाएगी. जिसमें पूरे बिहार से दलित सेना के कार्यकर्ता इकट्ठा होंगे. बिहार में दलित उत्पीड़न, चौकीदार दफादार का शोषण तथा पासी समाज के पुश्तैनी व्यवसाय ताड़ी उत्पादन एवं बिक्री का अधिकार दिलाने के लिए पार्टी संघर्ष करेगी.

### एनडीए से किनारा

2024 लोकसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय लोकजनशक्ति पार्टी एनडीए गठबंधन में शामिल थी और पशुपति कुमार पारस नरेंद्र मोदी की सरकार में कैबिनेट मंत्री भी थे. लेकिन लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी को बिहार में एक भी सीट चुनाव लड़ने के लिए नहीं दिया गया. लोकसभा चुनाव तक पशुपति कुमार पारस अपने आपको एनडीए का हिस्सा बता रहे थे. चिराग पासवान के एनडीए में शामिल होने के बाद धीरे-धीरे एनडीए के साथ पशुपति कुमार पारस की दूरी बढ़ती गई. पाशुपति कुमार पारस की पार्टी को एनडीए के किसी भी बैठक में आमंत्रित नहीं किया गया. इसके बाद से ही एनडीए के साथ उनकी दूरी बढ़ने लगी थी.

### लालू प्रसाद से मुलाकात

मकर संक्रांति के अवसर पर बिहार में चूड़ा दही भोज के आयोजन की परंपरा रही है. पशुपति पारस ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राजद के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को चूड़ा दही भोज का निमंत्रण दिया गया. पशुपति पारस के आवास पर इस भोज में शामिल होने के लिए लालू प्रसाद यादव अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव के साथ पहुंचे थे. उसके बाद से ही यह कयास लगाया जा रहा था कि पशुपति कुमार पारस की पार्टी की महागठबंधन में एंट्री हो सकती है.

### नेताओं को घर पर पार्टी का झंडा लगाना अनिवार्य

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष प्रिंस राज ने पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं जिला अध्यक्षों को यह आदेश दिया कि वह अपने आवास पर पार्टी का झंडा और नेम प्लेट अनिवार्य रूप से लगाएं. इसके अलावे कल की बैठक में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को यह विश्वास दिलाया गया कि आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी के मजबूत साथियों को विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी बनाएगी.

खुद पशुपति कुमार पारस ने भी कहा था कि विधानसभा चुनाव के समय किसके साथ चुनाव लड़ना है, वह उस समय फैसला लिया जाएगा.

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शुक्रवार, 14 फरवरी, 2025



## संक्षिप्त समाचार

### बेटे की मौत के 24 घंटे बाद सदमे से मां ने तोड़ा दम

**गंजमुरादाबाद, एजेंसी।** सड़क हादसे में हुई बेटे की मौत का सदमा मां बर्दाश्त नहीं कर सकी। 24 घंटे बाद ही उसकी भी मौत हो गई। मां और बेटे की अर्थी एक साथ उठी तो परिवार के हर शख्स के आंखों से आंसू निकल आए। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नेवल निवासी सतीश कुमार सैनी (30)सोमवार को एक शादी समारोह में फूलों की सजावट करने सहसराय गांव गया था। लौटते समय सोमवार शाम लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर ग्राम रघुरामपुर के सामने वाहन की टक्कर से घायल हो गया था।

उसे बांगरमऊ सीएचसी से जिला अस्पताल और फिर कानपुर हेलट रेफर कर दिया गया था। मंगलवार सुबह करीब चार बजे हैलट में सतीश की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। बेटे की मौत की जानकारी होते ही मां रूपकली (62) बेहाल हो गई और उनकी हालत बिगड़ गई।

घरवालों ने सीएचसी में भर्ती कराया जहां देर रात डॉक्टर ने जवाब दे दिया तो परिजन उन्हें लेकर घर चले गए। उधर, पोस्टमार्टम के बाद सतीश का शव मंगलवार देर शाम घर पहुंचाया गया। घरवाले, सतीश के अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे तभी बुधवार सुबह करीब चार बजे बुजुर्ग मां रूपकली ने भी दम तोड़ दिया। मां, बेटे की मौत की सूचना से गांव के लोग सन्न रह गए। बुधवार दोपहर मां और बेटे का नानामऊ घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

### शादी से पहले ही मां बनी प्रेमिका प्रेमी ने दोनों को अपनाया

**सफीपुर एजेंसी।** क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती शादी के पहले ही मां बन गई। उसने नर्सिंगहोम में बेटे को जन्म दिया। साथ ही खुद ही पुलिस को फोन करके प्रेमी पर विवाह न करने का आरोप लगाया। पुलिस सक्रिय हुई तो प्रेमी ने संभ्रांत लोगों की मौजूदगी में समझौता करते हुए प्रेमिका व बच्चे को अपनाने का वादा किया। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने कस्बे के नर्सिंगहोम पुत्र को जन्म दिया। पिता का नाम पूछने पर विवाह न होने की बात बताई तो अस्पताल संचालक ने पुलिस को सूचना दे दी। युवती ने पुलिस को बताया कि गर्भवती होने के बाद प्रेमी ने उससे दूरी बना ली और विवाह न करने की बात कही है। पुलिस युवक की तलाश शुरू की। पुलिस कार्रवाई होते देख, प्रेमी ने ग्राम प्रधान व अन्य बुजुर्गों के साथ कोतवाली पहुंचा और विवाह करने की बात कही। बुधवार को एक अधिवक्ता के समक्ष दोनों पक्षों में लिखित समझौता हुआ और युवक ने युवती और उसके बच्चे को अपनाने का वादा किया। कतवाल श्याम नारायण सिंह ने बताया कि दोनों के घर सामने हैं और दोनों एक ही जाति के हैं।

### अनियंत्रित कार बंबा में गिरी, सेना के जवान समेत दो की मौत, दो घायलों को किया गया रेफर

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर के घाटमपुर क्षेत्र में बुधवार की देर रात एक कार अनियंत्रित होकर बंबा में जा गिरी। हादसे में सेना के एक जवान समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी कार सवार कानपुर देहात के पुखरायां से पतारा एक शादी समारोह में शामिल होने आ रहे थे। तभी अचानक मोड़ होने से हादसा हो गया।

थाना सेन पश्चिम पारा के न्यू आजाद नगर निवासी राहुल सिंह (28) बैंगलोर में सेना के कमांडिंग ऑफिसर पद पर तैनात था। वह रेउना थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर निवासी रामू कुशवाहा उर्फ वीरेंद्र (28) व पुखरायां निवासी शिवम (25) और रूपेश (28) के साथ देर रात कानपुर देहात के पुखरायां से अपने दोस्त की बारात में शामिल होने पतारा कस्बे आ रहे थे।

**कार अनियंत्रित होकर बंबा में गिरी:** गजनेर से पतारा रोड पर धरमंगदपुर गांव के पास अंधा मोड़ होने से कार अनियंत्रित होकर बंबा में जा गिरी। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस ने सभी को पतारा सीएचसी पहुंचाया, जहां राहुल सिंह व रामू कुशवाहा को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं, शिवम व रूपेश को हैलट रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, राहुल सिंह अपने दोस्त आशीष की शादी में शामिल होने के लिए छुट्टी लेकर आए थे। घाटमपुर इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि परिजनों को सूचना दे दी गई है और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# बिजली निजीकरण मुद्दा: तीन कंपनियों को मिला ट्रांसमिशन लाइसेंस

## फंसा पेंच... अदालत जाएगा विद्युत उपभोक्ता परिषद

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में विद्युत नियामक आयोग ने जेवर, तिर्वा और मेरठ-शामली पावर ट्रांसमिशन लि. को ट्रांसमिशन लाइसेंस जारी कर दिया है। आयोग के आदेश में कहा गया है कि निजीकरण के बाद जो भी नई कंपनी होगी, उस पर सभी एग्रीमेंट स्वतः लागू जाएगा।

इसमें पूर्वांचल और दक्षिणांचल के निजीकरण का मामला एक बार फिर फंसता नजर आ रहा है। क्योंकि उपभोक्ता परिषद दोनों विद्युत वितरण निगम पर उपभोक्ताओं का करीब 16 हजार करोड़ रुपये बकाया बता रहा है। इस मामले को लेकर वह अदालत भी जाने की तैयारी में है।



### उपभोक्ता परिषद की आशंकाओं का दिया जवाब

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने आम जनता की सुनवाई में देनदारी का मुद्दा उठाया था। कहा था कि उपकेंद्र और ट्रांसमिशन लाइन तैयार करने में जेवर ट्रांसमिशन लि. ने 713 करोड़, मेरठ-शामली ने 164 करोड़ और तिर्वा ट्रांसमिशन लि. ने लगभग 136 करोड़ रुपये खर्च किया है। इसकी भरपाई अगले 35 वर्षों तक पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन सहित प्रदेश की बिजली कंपनियां करेंगी। इसमें दक्षिणांचल व पूर्वांचल भी शामिल है। इन दोनों कंपनियों का निजीकरण हो रहा है। ऐसे में इन कंपनियों के साथ 35 साल के लिए हुए ट्रांसमिशन सर्विस एग्रीमेंट (टीएसए) का क्या होगा? जब वह खुद अपने को बेच रही है तो 35 वर्षों तक उसकी अदायगी कौन करेगा? उपभोक्ता परिषद ने इस पर विधिक सवाल उठाते हुए नियामक आयोग से पारदर्शी नीति अपनाने पर जोर दिया था। नियामक आयोग द्वारा अपने आदेश में पहली बार प्रक्रियाधीन बिजली कंपनियों के निजीकरण पर उपभोक्ता परिषद की आपत्ति को अपने आदेश का पार्ट बनाते हुए यह लिखा गया है कि वितरण कंपनियों के संभावित निजीकरण के बारे में उठाई गई चिंताओं के संबंध में आयोग ने परीक्षण और अध्ययन किया।

### एग्रीमेंट देनदारी दोनों तरफ की स्वत: लागू हो जाएगी

इसमें यह पाया कि परियोजना से जुड़े सभी प्रासंगिक अनुबंध निहित आदेश, सभी अनुबंधधीन एग्रीमेंट आवश्यकताओं के अनुपालन में उत्तराधिकारी संस्थाओं को स्थानांतरित कर दिए जाएंगे। आयोग द्वारा जारी आदेश के बाद अब यह पूरी तरह स्पष्ट हो गया है कि निजीकरण के फलस्वरुप जो आने वाले नई बिजली कंपनी होगी यानी कि सक्सेसर कंपनी आएगी। उन पर यह सभी एग्रीमेंट देनदारी दोनों तरफ की स्वतः लागू हो जाएगी। ऐसे में अब आने वाले समय में एक नया विवाद पैदा होगा कि बिजली कंपनियों पर जो प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का लगभग 33122 करोड़ सरप्लस निकल रहा है। पूर्वांचल व दक्षिणांचल के मद में लगभग 16000 करोड़ सरप्लस निकल रहा। इस आदेश के बाद आने वाली नई बिजली कंपनियों को इसका वहन करना पड़ेगा।

# यूपी पुलिस के जांबाज दरोगा, जिनसे थर्राते हैं माफिया...मिल चुका है राष्ट्रपति पदक



**आगरा , एजेंसी।** आगरा के बाह क्षेत्र के थाना चित्राहाट के बली का पुरा (मलियाखेड़ा का मजरा) गांव के दीवान सिंह के बेटे इंस्पेक्टर मुनेश कुमार मेरठ के पल्लवपुरम थाने के प्रभारी हैं। 1993 में बतौर कांस्टेबल भर्ती हुए थे। 28 मई 2022 को गाजियाबाद में तैनाती के दौरान नोएडा के एक लाख के इनामी बदमाश बिल्लू दुजाना, 50 हजार के इनामी बदमाश राकेश दुजाना के एनकाउंटर में शामिल रहे।

26 जनवरी को राष्ट्रपति से वीरता पुरस्कार मिला है। 22 जनवरी 2024 को मेरठ के कंकरखेडा में कार लूटकर भाग रहे बदमाश ने पीछा करने पर सीने में गोली मार दी थी। गाजियाबाद के मैक्स हास्पिटल में 7 घंटे चली सर्जरी में गोली निकाली जा सकी थी। ड्यूटी पर लौटकर गोली मारने वाले बदमाश को एनकाउंटर में ढेर कर दिया।

चचेरे भाई सुधीर सिंह ने बताया कि दीवान सिंह दो दिन पहले बाह के खिल्ली कनारी गांव में शादी में शामिल होने को आए थे। बाह और गांव में भी गए। वृंदावन से लौटने की बोल रहे थे, कह रहे थे ड्यूटी में मन नहीं लगता। उन्होंने बताया कि सीने में लगी गोली की सर्जरी के बाद से मुनेश कुमार की जीवन शैली बदल गई थी। धर्म कर्म में ज्यादा ध्यान लगाने लगे हैं। परिवार में पत्नी गुड्डी, बेटा अंकित, अंजली समेत दो बेटी हैं। एसआई मुन्नेश सिंह को 22 जनवरी को मुठभेड़ के दौरान सीने में गोली लग गई थी। मगर वह बच गए थे। अब वे संत प्रेमानंद महाराज की शरण में पहुंचे। एसआई मुन्नेश सिंह ने महाराज से कहा कि 22 जनवरी को जिस दिन राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हो रही थी। उस दिन बदमाशों से मुठभेड़ के दौरान उनके सीने में गोली लग गई थी। मेरी मृत्यु का समाचार भी जारी हो गया था, प्रभु कृपा से मैं बच गया। अब मेरा प्रश्न यह है कि मैं अपने पथ पर ऐसे ही चलता रहूं या प्रभु की शरण में आ जाऊं। मन विचलित रहता है, पश्चाताप कैसे होगा। जान बची तो आप में और ज्यादा विश्वास बढ़ गया। रात में जब भी समय मिलता है, आप को सुनने के बाद ही नींद आती है।

# मैरिज लॉन में घुसा तेंदुआ, बरात में मची भगदड़, साढ़े तीन बजे हो सका रेस्क्यू, दूल्हा बोला- शुक्रिया



**लखनऊ, एजेंसी।** रहमानखेड़ा क्षेत्र में बाघ की दहशत के बीच बुधवार रात बुद्देश्वर के एमएम मैरिज लॉन में तेंदुआ घुस गया। मैरिज लॉन में उस समय शादी समारोह चल रहा था। तेंदुए के आने से शादी समारोह में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंचे वन विभाग के एक अधिकारी पर भी तेंदुए ने हमला करके उनको घायल कर दिया। बुद्देश्वर के एमएम मैरिज लॉन में बुधवार को अक्षय कुमार और ज्योति का शादी-समारोह चल रहा था। रात साढ़े 10 बजे के करीब दीपक नाम के व्यक्ति ने लॉन में बने भवन की दूसरी मंजिल पर तेंदुए को देखा। अचानक तेंदुए को सामने देखकर दीपक घबड़ाकर नीचे कूद गया। इससे उसे काफी चोट आ गई।

तेंदुए की सूचना पाकर सभी में दहशत फैल गई। महिलाओं और बच्चों को कमरे में बंद कर दिया गया। लॉन के मालिक रहमान और शादी में आए हरसेवक प्रसाद द्विवेदी ने लॉन में तेंदुए को देखकर इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना पाकर वन विभाग की टीम मौके मौके पर पहुंची। टीम में मलिहाबाद रेंज में तैनात दरोगा मुकद्दर अली भी थे। जब वे दूसरी मंजिल पर पहुंचे तभी तेंदुए ने उन पर हमला बोल दिया। हमले में उनको चोट भी आई और उनके साथ कर्मी लड़खड़ाकर गिर भी गए। साथी कर्मियों ने गोली दागकर तेंदुए को भगाया। गोली की आवाज से तेंदुए भागकर वहीं छिप गया। डीएफओ लखनऊ सीतांशु पांडेय ने बताया कि लॉन में तेंदुआ ही है। उसे पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है। रात आठ बजे घुसे इस तेंदुए को पकड़ने के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया गया। रात के साढ़े तीन बजे उसे पकड़ा जा सका। इस पर दूल्हे ने भी वन विभाग की टीम को शुक्रिया कहा।

## सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में बंट रहीं कॉपियां, कॉपियों पर हैं पेज नंबर अंकित

**अलीगढ़ , एजेंसी।** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटर की परीक्षाओं के लिए सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में कॉपियां बंट रही हैं। कॉपियों में पेज नंबर भी अंकित है। नकल रोकने के लिए हर परीक्षा केंद्र के कक्ष में सीसीटीवी कैमरे और वॉयस रिकॉर्डर लगाए जाएंगे, जिसकी नजर नौरंगीलाल राजकीय इंटर कॉलेज में बने कंट्रोल रूम से रखी जाएगी।

यूपी बोर्ड की परीक्षा 24 फरवरी से शुरू होगी, जो 12 मार्च तक चलेगी। हाईस्कूल में 50,943 और इंटरमीडिएट में 53,329 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। डीआईओएस सर्वदा नंद ने बताया कि बोर्ड से नौरंगीलाल राजकीय इंटर कॉलेज में 12 लाख से ज्यादा कॉपियां आ गई हैं। नकल रोकने के लिए हर साल कॉपियों का रंग बदल जाता है। कॉपियां सिली हुई होंगी, जबकि उस पर पेज नंबर भी होगा।

हर कॉपी का यूनिक नंबर होगा, जिसका डेटा शिक्षा विभाग के पास है। अगर कोई कॉपी नहीं है, तो उसकी भी जानकारी विभाग के पास है। डीआईओएस ने कहा कि हाईस्कूल की ए कॉपी का गुलाबी रंग और बी कॉपी का रंग गहरा लाल होगा। इंटरमीडिएट ए की कॉपी का रंग भूरा और बी कॉपी का रंग बैंगनी होगा।

## सड़क हादसे में साइकिल सवार फैक्टरी कर्मी की मौत

**पुरवा एजेंसी।** फैक्टरी से ड्यूटी करके साइकिल से लौट रहे श्रमिक को वाहन ने टक्कर मार दी। परिजनों ने बिछिया सीएचसी फिर जिला अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान मौत हो गई। (50) दही औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक चमड़ा फैक्टरी में काम करते थे। मंगलवार रात सीताराम ड्यूटी पूरी करके साइकिल से घर लौट रहे थे। दही मोहनलालगंज मार्ग पर तौरा गांव के पास वाहन की टक्कर लगने से साइकिल सवार सीताराम जमीन पर गिरने से घायल हो गए थे। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने सीताराम को बिछिया सीएचसी भेजा था। जहां हालत गंभीर देखते हुए परिजन जिला अस्पताल ले गए थे। इलाज के दौरान सीताराम की मौत हो गई। सीताराम के साले राकेश की सूचना पर कोतवाली के उपनिरीक्षक सभाजीत सिंह मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सीताराम की पत्नी संतोष कुमारी व एक पुत्र ओम जी रोकर बेहाल रहे।

## टक्कर मारने के बाद बाइक सवार पर पलटा डीसीएम, युवक की मौत

**बहराइच एजेंसी।** थाना क्षेत्र में आसाम रोड पर बुधवार को एक तेज रफ्तार डीसीएम ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इसके बाद डीसीएम बाइक सवार पर ही पलट गया। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

शहर के सतौली निवासी राहुल कुमार पांडेय (32) बुधवार की सुबह किसी कार्य से रिसिया जा रहे थे। इस दौरान रिसिया थाना क्षेत्र में आसाम रोड स्थित जटेश्वर चौराहे के पास पीछे से आ रहे डीसीएम ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में राहुल बाइक समेत सड़क किनारे गिर गए। इस दौरान अनियंत्रित होकर डीसीएम भी राहुल पर पलट गया। हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों के मुताबिक चालक ने हेलमेट लगा रखा था। हादसे की सूचना पर पहुंची रिसिया पुलिस ने डीसीएम को खड़ा करवाकर शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। हादसे की सूचना से राहुल के परिजनों में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी राजनाथ सिंह ने बताया कि डीसीएम को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### हादसे में ससुर-दामाद के मौत की सूचना से मचा कोहराम

चरदा एजेंसी। रुपईडीहा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लखहिया निवासी ओम प्रकाश उर्फ टिंकू (25) अपनी पत्नी सुमन देवी (23) व ससुर बेचई लाल के साथ मंगलवार को दवा लेने के लिए गोंडा गए थे। वहां से शाम को वापस लौटते समय बहराइच-गोंडा हाईवे पर गोंडा के खरगूपुर थाना क्षेत्र में उनकी बाइक में तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी थी। हादसे में ओमप्रकाश व उनके ससुर बेचई लाल की मौत हो गई और पत्नी सुमन देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे की सूचना जब ओमप्रकाश के गांव पहुंची तो पूरे गांव में मातम पसर गया और परिजनों में चीख-पुकार मच गई। बुधवार को गमगीन माहौल में उनके शव का अंतिम संस्कार किया गया।

## कानपुर में आर्मी कमांडिंग ऑफिसर समेत की मौत की वजह बनी तेज रफ्तार : बंबा में कार गिरने से दो गंभीर

सुनील बाजपेई

**कानपुर।** तेज रफ्तार यहां कार सवार दो युवकों की मौत का कारण बन गई। उनकी तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बम्बे में गिर गई, जिसके फल स्वरुप दो युवकों की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना घाटमपुर थाना क्षेत्र में धरमंगदपुर गांव के पास स्थित बंबा पुल पर हुई।

मौके पर पहुंची घाटमपुर पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतकों में बैंगलोर में तैनात आर्मी कमांडिंग ऑफिसर राहुल सिंह (28) और इस्माइलपुर गांव निवासी राजमिस्त्री रामू कुशवाहा उर्फ वीरेंद्र (28) शामिल हैं। हादसे में गंभीर रूप से घायल शिवम (25) और रूपेश (28) को हैलट अस्पताल रेफर किया गया है।

पुलिस ने बताया कि सभी दोस्त अकबरपुर से पतारा कस्बे में आयोजित एक शादी समारोह में जा रहे थे। मृतक राहुल सिंह अपने दोस्त आशीष की शादी में शामिल होने के लिए दो दिन पहले ही छुट्टी लेकर आए थे।

इस हादसे के बाद राहगीरों की सूचना पर पहुंचे घाटमपुर इंस्पेक्टर धनंजय कुमार पाण्डेय व पतारा चौकी इंचार्ज अनुज राजपूत ने बंबा से कार सवार घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस की मदद से पतारा सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने सेना के जवान समेत दो को मृत घोषित कर दिया। वही दो गंभीर हालत में हैलट अस्पताल मैं भर्ती कराए गए हैं ,जहां उनकी हालत लगातार गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मृतकों की लाशों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अगली कार्रवाई के लिए तहरीर का इंतजार कर रही है।

## प्रेमानंद महाराज से बोले एनकाउंटर स्पेशलिस्ट- मुठभेड़ में मारता हूं गोली, मन विचलित है

**मेरठ , एजेंसी।** कंकरखेड़ा में कार लूटकर भाग रहे बदमाशों से मुठभेड़ में सीने में गोली लगने से घायल होने वाले एसआई मुन्नेश सिंह बुधवार को वृंदावन में संत प्रेमानंद महाराज का सत्संग सुनने पहुंचे। वे मेरठ के सिविल लाइन थाने में वरिष्ठ उप निरीक्षक पद पर तैनात हैं। उन्होंने महाराज से कहा, मैंने अब तक कई एनकाउंटर किए हैं। मुझे इसके लिए कई पुरस्कार मिले। राष्ट्रपति वीरता पदक भी मिला। मगर मन विचलित रहता है। पश्चाताप कैसे करूं।

एसआई मुन्नेश सिंह ने महाराज से कहा कि 22 जनवरी को जिस दिन राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हो रही थी। उस दिन बदमाशों से मुठभेड़ के दौरान उनके सीने में गोली लग गई थी। मेरी मृत्यु का समाचार भी जारी हो गया था, प्रभु कृपा से मैं बच गया। अब मेरा प्रश्न यह है कि मैं अपने पथ पर ऐसे ही चलता रहूं या प्रभु की शरण में आ जाऊं। मन विचलित रहता है, पश्चाताप कैसे होगा। जान बची तो आप में और ज्यादा विश्वास बढ़ गया। रात में जब भी समय मिलता है, आप को सुनने के बाद ही नींद आती है।

महाराज ने पूछा कि कितना समय हो गया है देश सेवा करते हुए। बोले कि आधा जीवन देश सेवा में लगा दिया, अब प्रभु सेवा में भी समय दो। रिटायर्ड होने के बाद भी देश सेवा कर सकते हो, जो नौजवान देश सेवा में आना चाहते हैं, उनका मार्गदर्शन करो।



### आगे क्या करना है विचार करेंगे

मूलरूप से आगरा निवासी मुन्नेश सिंह ने बताया कि वह पहले से ही संत प्रेमानंद महाराज के प्रवचन मोबाइल पर सुनते थे, लेकिन अब जान बचने के बाद और विश्वास बढ़ गया है। महाराज से मिलकर अच्छा लग रहा है। उनके दिए गए प्रवचन को आत्मसात करने की जरूरत है। आगे क्या करना है अभी विचार करेंगे। मुन्नेश सिंह मूल रूप से आगरा के बाह क्षेत्र के रहने वाले हैं।

### राकेश दुजाना और बिल्लू दुजाना के एनकाउंटर में शामिल थे

मुन्नेश सिंह गाजियाबाद में गौतमबुद्ध नगर के दुजाना गांव के राकेश दुजाना और बिल्लू दुजाना का एनकाउंटर करने वाली टीम में भी शामिल थे। 11 महीने तक उन्होंने पल्लवपुरम थाने का भी चार्ज संभाला। इसी वर्ष 26 जनवरी को उन्हें सम्मानित किया गया। मेरठ में उन्हें एनकाउंटर स्पेशलिस्ट के रूप में जाना जाता है।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शुक्रवार, 14 फरवरी, 2025



# संक्षिप्त समाचार

## जुकरबर्ग बोले-पाकिस्तान में मुझे मौत की सजा होने वाली थी, ईशनिंदा का आरोप था

**इस्लामाबाद**। फेसबुक के को-फाउंडर मार्क जुकरबर्ग ने एक इंटरव्यू में बताया कि एक बार उन्हें पाकिस्तान में मौत की सजा सुनाए जाने वाली थी। मंगलवार को एक इंटरव्यू में जुकरबर्ग ने कहा कि किसी यूजर ने फेसबुक पर प्रोफेट मोहम्मद की तस्वीर पोस्ट की थी, जिसे लेकर पाकिस्तान में उनके खिलाफ मुकदमा दायर किया गया था। हालांकि उन्होंने ये नहीं बताया कि यह घटना किस साल हुई थी। इस मामले में पाकिस्तानी सरकार से अपील की गई थी कि वो जुकरबर्ग को ईशनिंदा के लिए व्यक्तिगत तौर पर जिम्मेदार ठहराए। जुकरबर्ग का कहना है कि उनका पाकिस्तान जाने कोई इरादा नहीं था, हालांकि सुरक्षा को लेकर चिंता जरूर थी। यह खुलासा ऐसे वक्त में हुआ है जब मेटा (फेसबुक की पैरेंट कंपनी) और पाकिस्तानी सरकार के बीच कानूनी लड़ाई चल रही है। पाकिस्तान में फेसबुक पर आरोप है कि वह देश के ईशनिंदा कानूनों का उल्लंघन करने वाली सामग्री की अनुमति दे रहा है। जुकरबर्ग ने बताया कि दुनिया में कई जगहों पर अभिव्यक्ति की आजादी के मूल्य हमारे मूल्यों से काफी अलग हैं। ये देश चाहते हैं कि हम उन चीजों पर कार्रवाई करें और और प्रतिबंध लगाएं जो उनके यहां मान्य नहीं हैं। पाकिस्तान में दुनिया का सबसे कड़ा ईशनिंदा कानून है। यहां पर कुरान या पैगम्बर का अपमान करने पर आजीवन कारावास से लेकर मौत की सजा तक हो सकती है। हालांकि मौत की सजा सुनाए जाने के बावजूद देश में किसी को फांसी नहीं मिली है।

## बिना बताए बैंकॉक ट्रिप पर निकला पूर्व मंत्री का बेटा, पिता को किडनैपिंग की सूचना मिली, केस दर्ज हुआ

**पुणे**। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और शिवसेना शिंदे गुट के नेता तानाजी सावंत का बेटा ऋषिराज सावंत अपने दोस्तों के साथ चार्टर्ड प्लेन से बैंकॉक ट्रिप पर निकला था। 10 फरवरी की शाम को उनकी चार्टर्ड फ्लाइट पुणे से उड़ान भर चुकी थी, लेकिन आधे रास्ते में ही फ्लाइट को वापस बुला लिया गया। दरअसल, पुलिस को किसी अनजान शख्स ने सूचना दी कि ऋषिराज सावंत का अपहरण हो गया है। पुलिस ने इसकी जानकारी तानाजी सावंत को दी। एयरपोर्ट से फ्लाइट के पायलटों को जब पुणे लौटने का मैसेज मिला, तो उन्हें लगा कि यह कोई मजाक है। लेकिन जब विमानन मंत्रालय और डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन (DGCA) से इसकी पुष्टि हुई, तो उन्होंने तुरंत ऑर्डर मान लिया। एयरलाइन के एक अधिकारी ने बताया कि ऐसा पहली बार हुआ है जब किडनैपिंग केस दर्ज होने के चलते फ्लाइट को वापस बुलाया गया हो। बिना बताए बैंकॉक जा रहे थे ऋषिराज ऋषिराज सावंत अपने दो दोस्तों के साथ चार्टर्ड प्लेन से बैंकॉक जा रहे थे, लेकिन उन्होंने अपने परिवार को इस ट्रिप के बारे में नहीं बताया था। जब तानाजी सावंत को इसकी भनक लगी, तो वह घबरा गए और पुलिस कमिश्नर के पास पहुंचे। इसी दौरान पुलिस को किसी अनजान शख्स ने फोन कर ऋषिराज के अपहरण की सूचना दी, जिसके बाद फौरन केस दर्ज किया गया।



## दिल्ली में RSS दफ्तर केशव कुंज की नई इमारत, 150 करोड़ लागत, 3.75 एकड़ में 12 मंजिला 3 टावरों में 300 कमरे

**नई दिल्ली**। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के दिल्ली कार्यालय 'केशव कुंज' की नई बिल्डिंग बनकर तैयार हुई है। संघ 1962 से यहां काम कर रहा है। नया कंस्ट्रक्शन 2018 में शुरू हुआ था, जो 8 साल बाद पूरा होने को है। गुजरात के आर्किटेक्ट अनूप दवे ने इसे डिजाइन किया है। बिल्डिंग को मॉडर्न और ओल्ड दोनों की तरह का लुक दिया गया है। 3.75 एकड़ में फैले 150 करोड़ की लागत से बनाए गए नए दफ्तर में 12 मंजिला वाले 3 टावर- साधना, प्रेरणा और अर्चना हैं। इनमें 300 कमरे-ऑफिस हैं। दावा है कि यह रकम 75 हजार लोगों ने दान दी थी। मेन ऑडिटोरियम विश्व हिंदू परिषद (VHP) नेता अशोक सिंघल की स्मृति में बनाया गया है, जो अयोध्या में राम मंदिर के मुख्य समर्थकों में से एक थे। इसमें 463 लोग बैठ सकते हैं, जबकि दूसरे हॉल में 650 सदस्य बैठ सकते हैं। इस बिल्डिंग में लाइब्रेरी, हेल्थ क्लिनिक (5 बिस्तर वाला) और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट भी है। इलाके के गरीब तबके के लोग इस अस्पताल में इलाज कर सकेंगे। और बाहरी लोग भी लाइब्रेरी का उपयोग कर सकेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक RSS प्रमुख मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले 19 फरवरी को इस कार्यालय से अपने काम की शुरुआत करेंगे। 21 से 23 मार्च तक बेंगलुरु में RSS की सालाना अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा का आयोजन होगा। ये RSS का सर्वोच्च निर्णय लेने वाला निकाय माना जाता है। इस बैठक में RSS और इससे जुड़े संगठनों के 1500 से ज्यादा लोग भाग लेंगे। बैठक में संगठनात्मक मामलों के अलावा दूसरे प्रमुख मुद्दों पर चर्चा होगी। कई मामलों पर संघ का रुख दर्शाने वाले प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। बैठक में पार्टी अध्यक्ष सहित वरिष्ठ भाजपा नेता भी शामिल होंगे।

## MP में 3.7° तक टेंपरेचर कम, राजस्थान में गर्मी बढ़ी, जम्मू-कश्मीर में कोल्ड वेव

**जम्मू/नई दिल्ली/भोपाल**। जम्मू-कश्मीर में कोल्ड वेव चल रही है। बुधवार को राज्य के कई इलाकों का पारा शून्य से नीचे रहा। इनमें सोनमर्ग -11.0°C, पहलगाम -3.1°C, गुलमर्ग 7.0°C, द्रास -17.5°C, कारगिल -7.3°C और लेह -6.1°C रहा। पहाड़ी इलाकों में ठंड की वजह से मैदानी इलाकों में सर्दी बढ़ गई। मध्यप्रदेश में दिन के तापमान में फिर से गिरावट आई है। बुधवार को भोपाल, इंदौर, ग्वालियर समेत 11 शहरों में पारा 30 डिग्री से नीचे आ गया। ग्वालियर में 3.7 डिग्री की गिरावट के साथ पारा 27.8 डिग्री दर्ज किया गया। राजस्थान में पिछले 2-3 दिन से कई शहरों में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज हो रहा है। बुधवार दिन में सबसे ज्यादा तापमान 32 डिग्री सेल्सियस बाड़मेर में दर्ज हुआ। हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति, किन्नौर, चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला जैसे जिलों में 16 से 18 फरवरी के बीच बारिश होने की संभावना जताई है। बुधवार को भी कुछ जगहों पर हल्की बारिश हुई थी।

# ट्रम्प ने पुतिन-जेलेंस्की से बात की बोले- जंग रोकने को जल्द चर्चा होगी

**एजेंसी, वाशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से फोन पर जंग खत्म करने को लेकर बातचीत की। ट्रम्प की पुतिन से लगभग डेढ़ घंटे बातचीत हुई। दोनों नेता एक-दूसरे के देशों का दौरा करने पर सहमत हुए। ट्रम्प ने मीडिया को बताया कि मेरे और राष्ट्रपति पुतिन की टीमों के बीच तुरंत बातचीत शुरू करने पर सहमति बनी। हमारी मुलाकात सऊदी अरब में होगी। ट्रम्प ने यूक्रेन में नए सिरे से आम चुनाव की जरूरत बताई। उधर, ट्रम्प प्रशासन ने यूक्रेन को बड़ा झटका दिया है। बेल्जियम में नाटो मुख्यालय में अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने साफ कर दिया कि अमेरिका अब युक्रेन को पहले की तरह बड़ी आर्थिक और सैन्य सहायता नहीं देगा। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रम्प यूक्रेन की नाटो में सदस्यता का समर्थन नहीं करते हैं। हेगसेथ ने कहा कि यूक्रेन के लिए 2014 से



पहले की सीमाओं पर लौटना अब असंभव है। अमेरिका रूस के साथ किसी भी शांति समझौते के लिए यूक्रेन में सैनिक नहीं भेजेगा।

पुतिन ने ट्रम्प को दिया मॉस्को आने का निमंत्रण रॉयटर्स के मुताबिक ट्रम्प ने विदेश मंत्री मार्को रुबियो, CIA के निदेशक जॉन रैटक्लिफ, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइकल वाल्ट्ज, एंबेसडेर और विशेष दूत स्टीव विटकॉफ को वार्ता का नेतृत्व करने का निर्देश दिया है। क्रेमलिन के मुताबिक पुतिन और ट्रम्प ने लगभग डेढ़ घंटे तक टेलीफोन पर बात की और मुलाकात पर सहमति जताई। अपनी बातचीत के दौरान पुतिन ने ट्रम्प को

### अमेरिका ने कहा- यूक्रेन को NATO में शामिल नहीं करेंगे

मॉस्को आने का भी निमंत्रण दिया है।

यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा मेरी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से बात हुई। इस बात पर जोर दिया कि दोनों देश मिलकर रूसी आक्रामकता को रोकने और एक स्थायी, विश्वसनीय शांति सुनिश्चित करने के लिए अपने अगले कदमों की रूपरेखा तैयार कर रहे हैं। रूस के साथ जमीन अदला-बदली को तैयार जेलेंस्की एक दिन पहले 11 फरवरी को यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा था कि यूक्रेन जंग रोकने के लिए रूस के साथ जमीन की अदला-बदली को तैयार हैं। ब्रिटिश अखबार द गार्जियन को दिए एक इंटरव्यू में जेलेंस्की ने कहा था कि यदि ट्रम्प, रूस और यूक्रेन को एक मंच पर लाने में सफल होते हैं तो यह मुमकिन है। जेलेंस्की ने यह भी माना था कि बिना अमेरिकी मदद के वे जंग नहीं लड़ सकते। उन्होंने कहा कि कुछ लोग हैं जो यह कहते हैं कि यूरोप, अमेरिका के बिना भी यूक्रेन की हिफाजत कर सकता है। लेकिन यह सच नहीं है। अमेरिका के बिना यूक्रेन की सुरक्षा संभव नहीं है।

रूसी जमीन पर 7 महीने से यूक्रेन का कब्जा यूक्रेन ने अगस्त 2024 में रूस के कुर्स्क पर हमला करके लगभग 1300 वर्ग किलोमीटर इलाके पर कब्जा कर लिया था। हालांकि, रूस ने पलटवार किया और खोई हुई लगभग आधी जमीन को हासिल कर लिया है। हालांकि, जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन का अभी भी एक बड़े रूसी इलाके पर कब्जा है। वह इसका इस्तेमाल रूस के साथ डील के लिए करेंगे।

जेलेंस्की ने कहा कि हम उनकी जमीन के बदले अपनी जमीन हासिल करेंगे। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि बदले में यक्रेन, रूस के कब्जे से कौन सा इलाका मांगेगा। जेलेंस्की ने इस सवाल के जवाब में कहा कि उनके लिए हर यूक्रेनी जमीन अहम है। फिलहाल उन्होंने किसी खास जगह के बारे में नहीं सोचा है।

## सेना बोली- पाकिस्तान बॉर्डर पर युद्धविराम लागू

**श्रीनगर**। भारतीय सेना ने कहा कि नियंत्रण रेखा (LoC) पर युद्धविराम लागू है। दोनों सेना (भारत और पाकिस्तान) आपसी समझ बनाए हुए हैं। फिलहाल LoC पर कोई गोलीबारी नहीं हुई। कोई छोटी घटनाएं भी नहीं हुईं। पाकिस्तान आर्मी के अफसरों से इस मसले पर बात हो चुकी है। इंडियन आर्मी अलर्ट है और हालात पर नजर रखे हुए है। इससे पहले खबर आई थी कि जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में (LoC पर बुधवार देर रात पाकिस्तान सैनिकों ने सीजफायर तोड़ा। पाकिस्तान की ओर से भारतीय सीमा में गोलीबारी की गई, हालांकि कोई नुकसान नहीं हुआ। न्यूज एजेंसी PTI की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तानी गोलीबारी का भारतीय सेना ने भी जवाब दिया। आर्मी सूत्रों ने बताया कि भारतीय सेना के जवाबी हमले में पाकिस्तान के कई सैनिकों को भारी नुकसान हुआ है। वहीं, सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी अधिकारियों का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वे अपने सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए दिख रहे हैं। कुछ रिपोर्ट्स में 6 लोगों के मारे जाने की बात कही गई।

# वक्फ बिल पर JPC रिपोर्ट संसद में पेश, हंगामा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

बजट सत्र के पहले चरण के आखिरी दिन संसद में वक्फ संशोधित बिल पर जेपीसी रिपोर्ट पेश करने को लेकर हंगामा हुआ। राज्यसभा में BJP सांसद मेधा कुलकर्णी ने तो लोकसभा में JPC चेयरमैन और भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने इस रिपोर्ट को पेश किया। इसे लेकर दोनों सदनों में विपक्ष ने आपत्ति जताई। इनका आरोप है कि जेपीसी रिपोर्ट में उनकी असहमतियों को डिलीट कर दिया गया। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, 'जेपीसी की यह रिपोर्ट फर्जी है। इसमें विपक्ष की असहमतियों को डिलीट कर दिया गया। ये असंवैधानिक है।' आप सांसद संजय सिंह ने कहा, 'हमने अपना पक्ष रखा। इससे सहमत या असहमत हो सकते हैं, लेकिन कूड़ेदान में कैसे डाल सकते हैं।' इस पर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा,



### खड़गे ने कहा- हमारी आपत्तियां डिलीट कीं, शाह बोले- जो चाहें जोड़ लें, मेरी पार्टी को आपत्ति नहीं

'विपक्ष के कुछ सदस्यों ने आपत्ति जताई थी कि उनकी राय को इसमें नहीं जोड़ा गया। मैं कहना चाहता हूं कि विपक्ष के सदस्य संसदीय कार्य प्रणाली के तहत जो कुछ भी जोड़ना चाहते हैं, वो जोड़ सकते हैं। उनकी पार्टी को इसमें कोई भी आपत्ति नहीं है।'

# सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाईकोर्ट को फटकार लगाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को बॉम्बे हाईकोर्ट को फटकार लगाई। तलाक के मामले में हाईकोर्ट ने महिला के लिए 'नाजायज पत्नी' और 'वफादार मालकिन' जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था। जस्टिस अभय एस ओका, जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा- ऐसे शब्द महिला विरोधी हैं और इनका प्रयोग महिला के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। बेंच ने कहा, इस तरह के शब्दों का इस्तेमाल संविधान के लोकाचार और आदर्शों के खिलाफ हैं। दुर्भाग्य से बॉम्बे हाईकोर्ट ने नाजायज पत्नी शब्द का इस्तेमाल करने की हद तक जाकर ऐसा किया। चौंकाने वाली बात यह है कि पैराग्राफ 24 में हाईकोर्ट ने ऐसी पत्नी को वफादार मालकिन भी बताया है। बेंच ने कहा- संविधान की धारा 21 के तहत प्रत्येक व्यक्ति को गरिमापूर्ण जीवन जीने का मौलिक अधिकार है। किसी महिला को अवैध पत्नी या वफादार मालकिन कहना भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत उस महिला के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होगा।

बेंच ने कहा विवाह को अमान्य घोषित करने वाली महिला को 'नाजायज पत्नी' कहना बहुत गलत है। इससे उसकी गरिमा को ठेस पहुंची है। बेंच ने टिप्पणी करते हुए कहा कि अमान्य



विवाह के मामलों में हाईकोर्ट ने पतियों के लिए ऐसे विशेषणों का उपयोग नहीं किया। कोई भी व्यक्ति अमान्य विवाह में पक्षकार रही महिला का जिक्र करते समय ऐसे विशेषणों का उपयोग नहीं कर सकता।

**हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 24 और 25 पर सुनवाई:** सुप्रीम कोर्ट ने हिंदू विवाह अधिनियम 1955 की धारा 24 और 25 के यूज पर विरोधी विचारों के मामले में सुनवाई की। अधिनियम की धारा 24 में मुकदमे के लंबित रहने तक भरण-पोषण और कार्यवाही के खर्चों का नियम है। धारा 25 स्थायी गुजारा भत्ता और भरण-पोषण से जुड़ी है। बेंच ने कहा- एक पति या पत्नी जिसका विवाह 1955 अधिनियम की धारा 11 के तहत शून्य घोषित किया गया है, वह 1955 अधिनियम की धारा 25 का हवाला देकर दूसरे

### ♦ कहा- नाजायज पत्नी, वफादार मालकिन जैसे शब्द महिला विरोधी, ये जीवन जीने के मौलिक अधिकार का उल्लंघन

पति या पत्नी से स्थायी गुजारा भत्ता या भरण-पोषण मांगने का हकदार है। इसने कहा कि स्थायी गुजारा भत्ता की ऐसी राहत दी जा सकती है या नहीं यह हमेशा प्रत्येक मामले के सबूत और पक्षों के व्यवहार पर निर्भर करेगा। धारा 25 के तहत राहत देना हमेशा सोच-विचार कर लिया फैसला होगा।


**धारा 24 में लिखी शर्तें पूरी हों:** बेंच ने कहा- यदि कोर्ट इस फैसला पर पहुंचता है कि पक्षकारों के बीच विवाह शून्य है। तो अधिनियम के तहत कार्यवाही के अंतिम निपटारे तक कोर्ट को भरण-पोषण देने से रोका नहीं जा सकता, बशर्ते धारा 24 में लिखी शर्तें पूरी हों।

कोर्ट ने कहा कि धारा 24 के तहत प्रार्थना पर निर्णय लेने के समय कोर्ट को हमेशा पक्षकार के व्यवहार पर विचार करना चाहिए, क्योंकि इसके तहत राहत देना हमेशा सोच कर लिया जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि अपील को गुण-दोष के आधार पर निर्णय के लिए उपयुक्त बेंच के समक्ष रखें।

# जर्मनी में कार ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को कुचला, 20 घायल, इनमें कई बच्चे भी

**एजेंसी, म्यूनिख**

जर्मनी के म्यूनिख शहर में एक शख्स ने प्रदर्शन कर रहे लोगों पर कार चढ़ा दी है। इस हादसे में 20 से ज्यादा लोग घायल हुए है। घटना म्यूनिख के डाउनटाउन इलाके के पास स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 10:30 बजे हुई। ड्राइवर को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने घटनास्थल से मिनी कार को बरामद किया है। फायर सर्विस के मुताबिक हादसे में कम से कम 20 लोग घायल हुए हैं। इनमें से कुछ की हालत गंभीर है। अभी यह साफ नहीं है कि लोगों को जानबूझकर टक्कर मारी गई या नहीं। म्यूनिख के मेयर डाइटर राइटर ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और बताया कि घायलों में



बच्चे भी शामिल हैं। घटना के वक्त सर्विस वर्कर्स यूनियन के लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे थे।

**कल से म्यूनिख में सिक्योरिटी समिट का आयोजन:** म्यूनिख में शुक्रवार से 'म्यूनिख सिक्योरिटी समिट' का आयोजन शुरू होगा। इस समिट में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस शामिल होंगे। हादसा समिट वाली जगह से सिर्फ 1.5 किमी दूर हुआ है। म्यूनिख सिक्योरिटी समिट इंटरनेशनल सिक्योरिटी पॉलिसी पर होने वाली यह सालाना बैठक है। यह 1963 से म्यूनिख में आयोजित की जा रही है। पहले इसका नाम म्यूनिख कॉन्फ्रेंस ऑन सिक्योरिटी पॉलिसी हुआ करता था। इसका मकसद

### पुलिस ने ड्राइवर को गिरफ्तार किया

बातचीत के जरिए दुनिया के देशों में शांति स्थापित करना है।


**दिसंबर में क्रिसमस मार्केट में लोगों पर कार चढ़ाई थी:** पिछले साल 20 दिसंबर को जर्मनी के ही मैगडेबर्ग शहर के क्रिसमस मार्केट में एक शख्स ने लोगों पर कार चढ़ा दी थी। इस घटना में 5 लोगों की मौत हो गई थी और 200 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। हमले का आरोपी 50 साल का एक सऊदी अरब का डॉक्टर था, जो 2006 से जर्मनी के पूर्वी राज्य सैक्सोनी-अनहाल्ट में रहता है। घटना के बाद आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया था।

# पूर्व CJI बोले- अनुच्छेद 370 को खत्म ही होना था

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व CJI डीवाई चंद्रचूड़ ने इस बात से इनकार किया है कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण पर फैसले से पहले उन्होंने भगवान को याद कर समाधान के लिए प्रार्थना की थी। जस्टिस चंद्रचूड़ (रिटायर्ड) ने BBC को दिए एक इंटरव्यू में इस बात का खुलासा किया। उन्होंने कहा कि ये बातें सोशल मीडिया की ऊपज हैं। मेरी बात को गलत तरीके से पेश किया गया।

उन्होंने जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने के केंद्र सरकार के फैसले पर कहा- अनुच्छेद 370 संविधान बनने के साथ ही शामिल किया गया था और ट्रांजीशन प्रोविजंस शीर्षक अध्याय का हिस्सा था, बाद में इसका नाम बदलकर टेंपरेरी ट्रांजिशनल



प्रोविजंस कर दिया गया। संविधान बना तो यह माना गया कि ये प्रावधान धीरे धीरे खत्म हो जाएंगे। जस्टिस चंद्रचूड़ ने BBC को दिए इंटरव्यू में राम मंदिर के अलावा जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाने के केंद्र सरकार के फैसले पर सहमति, राहुल गांधी को मानहानि मामले में जमानत, CAA, न्यायपालिका में जेंडर रेश्यो और PM से मुलाकात पर भी अपनी बात रखी।

# रिपोर्ट- बांग्लादेश में हिंसा से 2024 में 1400 की मौत

**एजेंसी, ढाका**

संयुक्त राष्ट्र (UN) ने बांग्लादेश में पिछले साल सरकार विरोधी छात्र प्रदर्शनों पर की गई कार्रवाई को लेकर बुधवार को एक रिपोर्ट जारी की। UN का दावा है कि इस कार्रवाई में 1400 लोगों की हत्या कर दी गई। इनमें ज्यादातर लोगों की मौत के पीछे सुरक्षा बलों की गोलीबारी जिम्मेदार है। रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेशी सुरक्षा बलों ने आंदोलन को दबाने के लिए बड़े पैमाने पर गोलीबारी, गिरफ्तारियां और प्रताड़ना का सहारा लिया। ये कार्रवाई राजनीतिक नेतृत्व और शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों के आदेश पर हुई। UN ने इसे 'मानवता के खिलाफ अपराध' करार देते हुए अंतरराष्ट्रीय जांच की मांग की है। बता दें कि बांग्लादेश में पिछले साल छात्रों ने तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना का तख्तापलट करने के लिए बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किया था। सुरक्षा बलों ने इसे दबाने के

### ज्यादातर मौतें सुरक्षा बलों की गोली से, प्रदर्शनकारी छात्रों ने नई पार्टी बनाई

लिए हिंसा सहारा लिया। बाद में हसीना को देश छोड़कर भारत में शरण लेनी पड़ी थी।

हसीना का तख्तापलट करने वाले आंदोलनकारी छात्रों ने अब नई पार्टी (नूतन बांग्लादेश पार्टी) बनाने का ऐलान किया है। छात्र इसके लिए व्यापक स्तर पर योजना बना रहे हैं। सत्ता पाने की तैयारी कर रहे आंदोलनकारी छात्र आंदोलन के समय बने संगठन एंटी-डिस्क्रिमिनेशन स्टूडेंट मूवमेंट और जातीय नागरिक समिति ने 25 फरवरी के बाद पार्टी लाने की बात कही है। इसके लिए छात्र 'आपकी नजर में नया बांग्लादेश' अभियान चलाकर जनता की राय ले रहे हैं। नई पार्टी से छात्र सत्ता



पाने की तैयारी कर रहे हैं। एंटी-डिस्क्रिमिनेशन स्टूडेंट मूवमेंट के संयोजक हसनात अब्दुल्ला ने कहा कि हमने हसीना की तानाशाही को खत्म कर दिया लेकिन तानाशाही के बाकी अवशेषों को खत्म करना अब भी बाकी है। छात्र नेताओं का कहना है कि लोकतंत्र को संस्थागत बनाने के लिए युवाओं और छात्रों की पार्टी की जरूरत है।

BNP का आरोप नई पार्टी बनाने में अंतरिम सरकार का हाथ राजनीतिक पार्टी लाने की घोषणा के बाद अंतरिम सरकार और खालिदा जिया की पार्टी BNP में ठन गई है। पार्टी के ज्वाइंट सेक्रेटरी जनरल रुहूल कबीर रिजवी ने आरोप लगाया कि यह पार्टी खुफिया एजेंसी की निगरानी में बनाई जा रही है। BNP कहना है कि यह नई पार्टी 'राजा की पार्टी है, जिसे बनाने में अंतरिम सरकार का हाथ है। नई पार्टी स्वतंत्र होगी, या यह सेना की कठपुतली होगी, इस पर भी BNP ने संदेह जताया है। सरकार में मौजूद छात्र नेताओं से इस्तीफे की मांग बता दें कि नाहिद इस्लाम, आसिफ महमूद व अबू बकर मजूमदार नई पार्टी में अहम भूमिका में रहेंगे। नाहिद अंतरिम सरकार में IT जबकि आसिफ खेल मंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। BNP ने कहा कि अंतरिम सरकार ने रवैया नहीं बदला तो हमें चुनाव के लिए उन्हें हटाना पड़ेगा। नई पार्टी बनाने से पहले अंतरिम सरकार में मौजूद छात्र नेताओं को इस्तीफा देना चाहिए। आरक्षण के खिलाफ आंदोलन ने किया था तख्तापलट शेख हसीना पिछले साल 5 अगस्त को देश छोड़कर भारत आ गई थीं। दरअसल, उनके खिलाफ देशभर में छात्र प्रदर्शन कर रहे थे। बांग्लादेश में 5 जून को हाईकोर्ट ने जॉब में 30% कोटा सिस्टम लागू किया था, इस आरक्षण के खिलाफ ढाका में यूनिवर्सिटीज के स्टूडेंट्स प्रोटेस्ट कर रहे थे। यह आरक्षण स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को दिया जा रहा था। हसीना की सरकार ने जैसे ही यह आरक्षण खत्म किया तो इसके बाद छात्रों ने उनके इस्तीफे की मांग शुरू कर दी।

# AAP विधायक अमानतुल्लाह की गिरफ्तारी पर 24 फरवरी तक रोक

## कोर्ट ने पुलिस पर हमला मामले में दी राहत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली की एक कोर्ट ने पुलिस टीम पर हमला मामले में AAP विधायक अमानतुल्लाह खान की गिरफ्तारी पर 24 फरवरी तक रोक लगा दी है। गुरुवार को राऊज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज जस्टिस जितेंद्र सिंह ने खान को आदेश दिया कि जब भी जांच अधिकारी बुलाएं, वे जांच में शामिल हों। कोर्ट ने अमानतुल्लाह की अग्रिम जमानत वाली याचिका सुनवाई करते हुए यह फैसला दिया। वहीं, जस्टिस सिंह ने पुलिस को हमले से जुड़े सभी डाक्यूमेंट्स और CCTV फुटेज कोर्ट में पेश करने का भी आदेश दिया। दरअसल, AAP विधायक अमानतुल्लाह पर जामिया नगर में 10 फरवरी को पुलिस टीम पर कथित हमले की अगुवाई करने का आरोप है। हमले के बाद दिल्ली



पुलिस ने खान के खिलाफ FIR दर्ज की थी। पुलिस का कहना है कि खान 3 दिन से फरार हैं।

AAP विधायक ने कहा- कल मैंने कोर्ट ज्वाइन किया, परसों कोर्ट ज्वाइन किया। कल भी मैंने CBI कोर्ट ज्वाइन किया। पुलिस कहां ढूंढ़ रही थी भाई। पुलिस आई कहां, बताओ मेरे घर आई पुलिस? मैंने कहा ना कि मैं घर पर ही था। जिस फोन की ये बात कर रहे हैं वो तो चोरी हो गया। इनके पास मेरी कंप्लेन नहीं है?

खान बोले- पुलिस मेरे साथ क्या करती है, सबको पता है अमानतुल्लाह खान ने कहा- सब कुछ कोर्ट में है। अब मैं सबकुछ कोर्ट में ही कहूंगा। आज मैं शाम पांच बजे जांच ज्वाइन करूंगा। ये मेरा इलाका है, सीधे-साधे तरीके से जाऊंगा। स्कूटर से ही चलता हूं, स्कूटर से ही चला जाऊंगा। पुलिस मेरे साथ क्या करती है ये तो सबको पता है।

भाजपा बोली- अमानतुल्लाह बहुत बड़े अपराधी इस मामले पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि यदि अमानतुल्लाह ने कुछ नहीं किया था तो उन्हें भागना नहीं चाहिए था और उन्हें जांच में सहयोग करना चाहिए। तिवारी ने कहा कि खान बहुत बड़े अपराधी हैं लेकिन दुर्भाग्य है कि वे एक राजनीतिज्ञ भी हैं।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शुक्रवार, 14 फरवरी, 2025





## आज से होगी डब्ल्यूपीएल-2025 की शुरुआत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिला प्रीमियर लीग 2025 की शुरुआत कल यानी 14 फरवरी, गुरुवार से होगी. 2023 से शुरू हुए टूर्नामेंट का इस बार तीसरा सीजन खेला जाएगा. टूर्नामेंट का पहला मुकाबला डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात जायंट्स के बीच खेला जाएगा. इस बार टूर्नामेंट के सभी 22 मुकाबले चार शहरों में खेले जाएंगे. तो आइए जानते हैं कि आप पूरा टूर्नामेंट फ्री में कहां और कैसे देख सकते हैं.

**कब से होगी टूर्नामेंट की शुरुआत?**

महिला प्रीमियर लीग 2025 की शुरुआत कल यानी 14 फरवरी, गुरुवार से होगी. टूर्नामेंट के सभी मुकाबले शाम साढ़े सात बजे से खेले जाएंगे.

**टीवी पर टूर्नामेंट कहां देखें लाइव?**

भारत में टीवी पर डब्ल्यूपीएल 2025 के मुकाबले स्पोर्ट्स 18 नेटवर्क के जरिए लाइव प्रसारित किए जाएंगे.

**फ्री में कहां होगी लाइव स्ट्रीमिंग?**

डब्ल्यूपीएल 2025 के मुकाबलों की फ्री लाइव स्ट्रीमिंग जियोसिनेमा के जरिए होगी. यहां फैंस मुकाबले एप और वेबसाइट पर देख सकेंगे.

किस फॉर्मेट में होगा टूर्नामेंट

पिछले दो सीजन की तरह इस बार भी टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने के लिए वैसा ही फॉर्मेट होगा. पांच टीमों वाले टूर्नामेंट के टेबल में ग्रुप स्टेज के आखिर में टॉप पर रहने वाली टीम सीधा फाइनल में जगह हासिल करेगी. बाकी दूसरे और तीसरे पायदान पर रहने वाली टीमें फाइनल के लिए एलिमिनेटर मुकाबला खेलेंगी. इस तरह टूर्नामेंट के लिए दो फाइनलिस्ट टीमें तय होंगी.

## कोहली के एशिया में 16 हजार रन पूरे, इंग्लैंड के खिलाफ टॉप इंडियन स्कोरर बने



**अहमदाबाद, एजेंसी।** भारत ने तीसरे वनडे में इंग्लैंड को 142 रन से हरा दिया। टीम ने अहमदाबाद का दूसरा हाईएस्ट टोटल 356 का स्कोर बनाया। शुभमन गिल ने 112 रन की पारी खेली। इंग्लैंड टीम 34.2 ओवर में 214 रन पर ऑलआउट हो गई।

बुधवार को रिकॉर्ड्स में विराट और गिल का नाम रहा। एशिया में विराट के 16 हजार रन पूरे हो गए। वे इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बैटर भी बने। इसके अलावा, भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। विराट कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट में 3 अलग-अलग देशों के खिलाफ 4 हजार प्लस रन बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5393, श्रीलंका के खिलाफ 4076 और इंग्लैंड के खिलाफ 4036 रन बना लिए हैं।

भारत लगातार 10 वनडे में टॉस हार चुका है। टीम ने अपना आखिरी टॉस 2023 वनडे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में जीता था। भारत से पहले नीदरलैंड ने मार्च 2011 से अगस्त 2013 के बीच लगातार 11 टॉस हारे थे।

**नेशनल गेम्सः**

# भाला फेंक में सचिन, ऊंची कूद में पूजा और 5000 मीटर में बेरवाल को स्वर्ण पदक



**देहरादून, एजेंसी।** यादव ने 2015 में बनाए राजिंदर सिंह के 82.23 मीटर के राष्ट्रीय खेलों के पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। यादव का 84.39 मीटर अब चोपड़ा (89.94 मीटर), जेना (87.54 मीटर), शिवपाल सिंह (86.23 मीटर) और देविंदर सिंह कांग (84.57 मीटर) के बाद किसी भारतीय के करियर का पांचवां सर्वश्रेष्ठ थ्रो है।

उत्तर प्रदेश के भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव, हरियाणा की 18 साल की ऊंची कूद खिलाड़ी पूजा सिंह और हिमाचल प्रदेश के लंबी दूरी के धावक सावन बेरवाल ने बुधवार को एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंतिम दिन राष्ट्रीय खेलों के नए रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीते। नीरज चोपड़ा और किशोर जेना जैसे स्टार खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में 25 साल के यादव ने अपने पांचवें और अंतिम प्रयास में भाले को 84.39 मीटर की दूरी तक फेंककर स्वर्ण पदक जीता। यादव ने 2015 में बनाए राजिंदर सिंह के 82.23 मीटर के राष्ट्रीय खेलों के पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। यादव का 84.39 मीटर अब चोपड़ा (89.94 मीटर), जेना (87.54 मीटर), शिवपाल सिंह (86.23 मीटर) और देविंदर सिंह कांग (84.57 मीटर) के बाद किसी भारतीय के कॅरिअर का पांचवां सर्वश्रेष्ठ थ्रो है। भाला फेंक का रजत और कांस्य भी उत्तर प्रदेश के नाम रहा। रोहित यादव ने 80.47 मीटर के साथ दूसरा जबकि विकास शर्मा ने 79.33 मीटर से तीसरा स्थान हासिल किया।

**राजमिस्त्री की बेटी पूजा ने स्वर्ण पदक को बरकरार रखा**

हरियाणा के फतेहाबाद जिले के एक राजमिस्त्री की बेटी पूजा ने 1.84 मीटर के प्रयास से 2023 सत्र में जीते महिलाओं की ऊंची कूद के स्वर्ण पदक को बरकरार रखा। उन्होंने 2022 में बंगाल की स्वप्ना बर्मन के 1.83 मीटर के राष्ट्रीय खेलों के पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। पूजा का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1.85 मीटर है जो राष्ट्रीय अंडर-20 रिकॉर्ड भी है। तमिलनाडु की गोबिका के (1.79 मीटर) ने रजत जबकि कर्नाटक की अभिन्या शेट्टी (1.77 मीटर) ने कांस्य पदक जीता।

**5000 मीटर दौड़ में बेरवाल ने जीता स्वर्ण**

बेरवाल ने 13 मिनट 45.93 सेकंड के साथ पुरुष 5000 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने सेना के जी लक्ष्मणन के 2015 में बनाए 13 मिनट 50.05 सेकंड के राष्ट्रीय खेलों के पिछड़ने रिकॉर्ड को बेहतर किया। यह बेरवाल का मौजूदा खेलों में दूसरा स्वर्ण और दूसरा राष्ट्रीय खेलों का रिकॉर्ड है। उन्होंने शनिवार को पुरुष 10 हजार मीटर स्पर्धा भी 28 मिनट 49.93 सेकंड के राष्ट्रीय खेलो के रिकॉर्ड समय के साथ जीती थी।

हरियाणा के गगन सिंह ने 14 मिनट 00.04 सेकंड के साथ रजत पदक जीता जबकि मध्य प्रदेश के सुनील डावर ने 14 मिनट 01.33 सेकंड के समय से कांस्य पदक हासिल किया।

महिला 400 मीटर बाधा दौड़ में तमिलनाडु की विथ्या रामराज ने 58.11 सेकंड के समय के साथ राष्ट्रीय खेलों का लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 2022 और 2023 में भी स्वर्ण पदक जीते थे। इस स्पर्धा का 55.42 सेकंड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड संयुक्त रूप से उनके और पीटी उषा के नाम है।

## गौतम गंभीर ने ऋषभ पंत को किया बाहर, चैंपियंस ट्रॉफी से पहले लिया चौंकाने वाला फैसला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज जीतने के साथ ही टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के विकेटकीपर को लेकर बड़ा फैसला किया है. दरअसल, उन्होंने विकेटकीपर को लेकर जारी शंकाओं को दूर करने की कोशिश की है. गंभीर ने बताया कि केएल राहुल ही उनके फर्स्ट चॉइश विकेटकीपर हैं. और, उस सूरत में फिलहाल पंत का खेलना थोड़ा मुश्किल लग रहा है. चैंपियंस ट्रॉफी से पहले गंभीर का ये बयान क्रिकेट फैंस को चौंकाने वाला है.

हालांकि, गंभीर ने पंत को मौका दिए जाने से इनकार नहीं किया है. लेकिन, फिलहाल के लिए उन्होंने केएल राहुल को ही अपनी टीम का विकेटकीपर बताया है. गंभीर ने कहा कि राहुल उनके फर्स्ट चॉइश विकेट हैं और रहेंगे. उन्होंने आगे ये भी कहा कि टीम इंडिया एक साथ दो विकेटकीपर के साथ नहीं खेल सकती. अब इसका तो यही मतलब निकलता है कि चैंपियंस ट्रॉफी की प्लेइंग इलेवन में फिर पंत के लिए जगह बनती नहीं दिखती.

अब सवाल है कि केएल राहुल पर गौतम गंभीर के इस भरोसे की वजह क्या है? इसकी एक वजह दुबई में उनका बेहतर रिकॉर्ड हो सकता है. दूसरे वो मिडिल ऑर्डर को थोड़ा लचीला बनाते दिखते हैं. इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में ही इसकी मिसाल देखने को मिली, जहां वो टीम की जरूरत के मुताबिक कभी 5 नंबर तो कभी 6 नंबर पर बैटिंग करते दिखे.

### दुबई में राहुल का प्रदर्शन

बात अगर दुबई में खेले वनडे में केएल राहुल के प्रदर्शन की करें तो उन्होंने वहां 50 ओवर फॉर्मेट का सिर्फ 1 मैच खेला है, जिसमें उनकी बल्लेबाजी का औसत 60 का रहा है. केएल राहुल चौंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए चुनी टीम इंडिया के उन इक्के-दुक्के खिलाड़ियों में हैं. जिनके पास दुबई में वनडे खेलने का अनुभव है.

### ऋषभ पंत के साथ नहीं जाने की 'गंभीर' वजह!

अब सवाल है कि ऋषभ पंत भी तो मैच विनर हैं, फिर वो क्यों नहीं टीम इंडिया के फर्स्ट चॉइश विकेटकीपर? तो इसकी एक बड़ी वजह ये हो सकती है कि उनके पास दुबई में वनडे खेलने का अनुभव नहीं है. इसके अलावा पंत लेफ्ट हैंडर हैं. और, अगर टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन देखें तो उसमें जडेजा, अक्षर जैसे कई लेफ्ट हैंडर मौजूद हैं, जो टीम की जरूरत के हिसाब से परफॉर्म भी कर रहे हैं.

**आईपीएल-2025:**

# आईपीएल से पहले बड़ा ऐलान, कोहली नहीं पाटीदार होंगे आरसीबी के नए कप्तान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 से पहले नए कप्तान की घोषणा कर दी है। रजत पाटीदार को आगामी टी20 टूर्नामेंट के लिए टीम की कप्तानी सौंपी गई है। रजत पाटीदार के अलावा विराट कोहली और क्रुणाल पांड्या दो अन्य कप्तानी उम्मीदवार थे जिन्हें टीमों का नेतृत्व करने का अनुभव है। पाटीदार ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी में मध्य प्रदेश का नेतृत्व किया है। वहीं, क्रुणाल बड़ौदा के कप्तान रहे हैं।

राजेश मेनन ने प्रश्न के साथ कहा, हमारा अगला कप्तान कौन होगा? यह आसीबी के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय है। हमारे पास दिग्गज खिलाड़ी हैं। यह निर्णय बिल्कुल भी आसान नहीं है। इस पर आंतरिक और बाहरी रूप से विचार-विमर्श किया गया। हमें लगता है कि यह निर्णय फ्रैंचाइजी के लिए अगले कुछ वर्षों में अच्छा है। इसके बाद मेनन और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु में क्रिकेट निदेशक ने घोषणा करते हुए कहा कि रजत पाटीदार को आरसीबी का कप्तान बनाया गया है।

वह विकसित हुआ है, उसके खेल में कई स्तरों पर सुधार हुआ है। उसने राज्य की टीम का नेतृत्व किया है। उसने दिखाया है कि फ्रैंचाइजी का नेतृत्व करने के लिए क्या करना पड़ता है। मैं प्रशंसकों से उसका समर्थन करने का अनुरोध करता हूं, और जानता हूं कि वह टीम के लिए सबसे अच्छा काम करेगा। चाहे कुछ भी हो सबसे महत्वपूर्ण बात टीम और फ्रैंचाइजी है। टीम, फ्रैंचाइजी को मेरी शुभकामनाएं और सभी के साथ काम करने का इंतजार है।



### विराट ने दी शुभकामनाएं

कोहली ने घोषणा करते हुए कहा, आप सभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। जिस तरह से आप आगे बढ़े हैं, आपने पूरे भारत में प्रशंसकों के दिलों में जगह बनाई है। यह बहुत ही योग्य है। मैं और टीम के अन्य सदस्य आपके पीछे खड़े होंगे। यह एक बड़ी जिम्मेदारी है। यह देखना कि कौन फ्रैंचाइजी को आगे ले जाएगा, आपके लिए बहुत बड़ा सम्मान है। मुझे यकीन है कि आप आगे बढ़ते रहेंगे।

### रजत कप्तान क्यों?

एंडी फ्लावर ने कहा, तीन मुख्य बातें साझा करने लायक हैं। पहली बात आईपीएल में शांत और सादगी की जरूरत होती है। यह उनके लिए बहुत फायदेमंद साबित होगी। दूसरी बात वह शांत हैं लेकिन अपने आस-पास के लोगों की परवाह करते हैं। इसका मतलब है कि उन्हें तुरंत ही दूसरे लोगों से सम्मान और देखभाल मिलेगी, एक नेता के तौर पर लोग उनके पीछे चलेंगे। तीसरी बात उनमें एक जिद्दीपन और दृढ़ता है। आप इसे उनके खेलने के तरीके और खेल को संभालने के तरीके में देख सकते हैं। मो बोबट ने कहा, नई टीम, नई कप्तानी, रजत के साथ जाना बहुत समझदारी भरा फैसला था। वह शांत, केंद्रित हैं और मुझे सबसे ज्यादा पसंद है कि वह दबाव में भी बहादुर हैं। उन्होंने हमारे लिए रन बरसाए हैं। वह टीम के लिए वाकई बहुत फायदेमंद साबित होंगे।

### क्या कोहली भी कप्तानी की दौड़ में थे?

मो बोबट ने कहा, एंडी और मैं खुद को खुशकिस्मत मानते हैं कि हमारे पास कई विकल्प थे। हम भारतीय विकल्प के लिए उत्सुक थे क्योंकि स्थानीय जानकारी रखने वाला कोई व्यक्ति हमारे लिए मददगार होता है। बेशक विराट एक विकल्प था। विराट को कप्तानी करने के लिए कप्तानी की जरूरत नहीं है।

## मोहम्मद रिजवान- सलमान आगा ने की रिकॉर्ड साझेदारी, टूट गया युवराज-धोनी का 8 साल पुराना ये बड़ा कीर्तिमान

### पाक वर्सेस साउथ अफ्रीका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान और साउथ अफ्रीका के बीच खेले गए मुकाबले में मोहम्मद रिजवान की कप्तानी में पाकिस्तान को 6 विकेट से जीत मिली और ये टीम ट्राई सीरीज के फाइनल में पहुंच गई। पाकिस्तान ने इस मैच में रिकॉर्ड रन चेज किया और इस टीम को जीत दिलाने में कप्तान मोहम्मद रिजवान और सलमान आगा की शतकीय पारी का बड़ा योगदान रहा। सलमान आगा को उनकी शतकीय पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस मैच में रिजवान ने 128 गेंदों पर 3 छक्के और 9 चौकों की मदद से नाबादग 122 रन की पारी खेली जबकि सलमान आगा ने 103 गेंदों पर 2 छक्के और 16 चौकों की मदद से 134 रन बनाए। इन दोनों बल्लेबाजों ने इस मुकाबले में चौथे विकेट के लिए 260 रन की साझेदारी कर दी और इसके दम पर उन्होंने युवराज सिंह और एमएस धोनी के 8 साल पुराने रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया जो दोनों



बल्लेबाजों ने साल 2017 में इंग्लैंड के खिलाफ बनाया था। इस मैच में साउथ अफ्रीका ने पहले खेलते हुए 50 ओवर में 5 विकेट पर 352 रन बनाए और इसके जवाब में पाकिस्तान ने 49 ओवर में 6 विकेट पर 355 रन बनाकर मैच को जीत लिया और फाइनल में पहुंच गई। इस मैच के दौरान रिजवान और सलमान आगा के बीच चौथे विकेट के लिए 260 रन की साझेदारी हुई और ये वनडे इतिहास में चौथे विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी थी। 260 रन की साझेदारी करते हुए इन दोनों ने युवराज सिंह और एमएस धोनी को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने साल 2017 यानी 8 साल पहले चौथे विकेट के लिए वनडे में 256 रन की साझेदारी की थी।

### वनडे में चौथे विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी

275* रन - अजय जडेजा/अजहरुद्दीन बनाम जिम्मबाब्वे (1998)

260 रन - मोहम्मद रिजवान/सलमान आगा बनाम साउथ अफ्रीका (2025)

256 रन - एमएस धोनी/युवराज सिंह बनाम इंग्लैंड (2017)

252 रन - फाफ डुप्लेसिस/डेविड मिलर बनाम ऑस्ट्रेलिया (2018)

237 रन - रिकी पोंटिंग/एंड्रयू साइमंड्स बनाम श्रीलंका (2006)

## हम चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीतने में सक्षम है: शांतो

**दुबई, एजेंसी।** बंगलादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने कहा है कि उनकी टीम चैंपियंस ट्राफी का खिताब जीतने में सक्षम है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार शांतों ने प्रतिद्वंद्वी टीमों को चेतावनी के लहज में कहा है कि उनकी टीम आगामी टूर्नामेंट में खिताब जीतने की सोच के साथ मैंदान में उतरेंगी। शांतो का मानना है कि बंगलादेश की टीम का विश्वास बढ़ रहा है और उन्हें भरोसा है कि उनकी टीम 19 फरवरी से पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले आठ टीमों के टूर्नामेंट में सबको चौंका सकती है। शांतो ने कहा, हम चैंपियंस ट्रॉफी में चैंपियन बनने जा रहे हैं। इस टूर्नामेंट में सभी आठ टीमें चैंपियन बनने की हकदार हैं। वे सभी बेहतरीन टीमें हैं। मेरा मानना है कि हमारी टीम में भी यह क्षमता है। उन्होंने कहा, हर कोई वास्तव में (चैंपियन बनना) चाहता है और अपनी क्षमताओं पर विश्वास करता है। हमें नहीं पता कि ऊपर वाले ने हमारे भाग्य में क्या लिखा है।



# टी20 के बाद वनडे सीरीज हारने पर पीटरसन ने इंग्लैंड को लताड़ा

**अहमदाबाद, एजेंसी।** पूर्व स्टार बल्लेबाज केविन टरसन ने भारत दौरे पर अभ्यास की कमी के लिए इंग्लैंड म पर निशाना साधते हुए कहा कि खिलाड़ियों को नेट दबाजों का सामना करना चाहिए था और स्पिन खेलने की पनी क्षमता पर काम करना चाहिए था। इंग्लैंड के लिए रत का सीमित ओवरों का दौरा बेहद निराशाजनक रहा समें टीम को टी20 श्रृंखला 1-4 से गंवाने के बाद कदिवसीय श्रृंखला में 0-3 से क्लीनस्वीप का सामना रना पड़ा। इंग्लैंड ने कोलकाता में पहले टी20 मैच के साथ रे की शुरुआत से पहले दो ट्रेनिंग सत्र आयोजित किए बकि दूसरे और तीसरे टी20 मैच से पहले उन्होंने क्रमशः न्नई और राजकोट में एक-एक ट्रेनिंग सत्र में हिस्सा लिया।

मेहमान टीम ने हालांकि पुणे और मुंबई में क्रमशः चौथे रि पांचवें टी20 मैच से पहले ट्रेनिंग नहीं की। टीम ने कटक रि अहमदाबाद में दूसरे और तीसरे एकदिवसीय मैच से हले भी ट्रेनिंग सत्र आयोजित नहीं किए। निराश पीटरसन 'एक्स पर लिखा, 'मुझे खेद है, लेकिन मैं इस बात से पूरी रह हैरान हूं कि इंग्लैंड ने पहला एकदिवसीय मैच हारने और



टी20 श्रृंखला गंवाने के बाद से एक भी अभ्यास सत्र आयोजित नहीं किया। यह कैसे हो सकता है? कैसे? मेरा मानना है कि नागपुर के बाद इस श्रृंखला में जो रूट एकमात्र खिलाड़ी थे जिन्होंने नेट अभ्यास किया।

इंग्लैंड की स्पिन का सामना करने में असमर्थता पूरी श्रृंखला में बड़ा मुद्दा रही और इसने अगले हफ्ते पाकिस्तान और यूएई में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले टीम के लिए गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। पीटरसन ने कहा, 'इस दुनिया में एक भी खिलाड़ी ऐसा नहीं है जो ईमानदारी से कह सके कि वे बिना अभ्यास के बेहतर हो सकते हैं जबकि वे हार रहे हैं। इंग्लैंड की टीम में एक भी खिलाड़ी ऐसा नहीं हो सकता जो भारत से रवाना होने वाले विमान में बैठकर खुद से कहे कि उन्होंने इंग्लैंड को जीतने में मदद करने के लिए हर संभव कोशिश की। उन्होंने कहा, 'और इसके कारण मैं आज शाम बहुत दुखी हूं।

हारना ठीक है अगर आप हर दिन बेहतर होने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दे रहे हैं और अगर इंग्लैंड ने इस श्रृंखला के दौरान ट्रेनिंग नहीं की तो उन्होंने प्रयास नहीं किया। किसी भी इंग्लैंड प्रशंसक के लिए यह दुखद है। इंग्लैंड को बुधवार को तीसरे और अंतिम एकदिवसीय में 142 रन से हार का सामना करना पड़ा। इस दौरान कमेंट्री करने वाले पीटरसन ने बताया कि चोटिल जैकब बेथेल की जगह लेने वाले टॉम बैनटन ने मैच से पहले का दिन ट्रेनिंग करने के बजाय गोल्फ कोर्स पर बिताया। उन्होंने कहा, 'जब मैं क्रिकेट खेलता था तो कभी गोल्फ नहीं खेलता था। मैं नेट पर हजारों गेंदों का सामना करता था, यहां उपमहाद्वीप में सुधार करने की कोशिश करता था। इंग्लैंड में ब्रेक लो।

**इंडिया वर्सेस पाकिस्तानः**

## भारत-पाक मैच का टिकट लेकर बुरे फंसे फैंस, महामुकाबले से पहले आई बुरी खबर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जैसे बड़े टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के महामुकाबले की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है. दोनों टीमें दुबई में भिड़ने वाली हैं. इस महामुकाबले के लिए बीते दिनों टिकट भी बेच दिए गए. अब बस फैंस को दोनों टीमों की टक्कर का इंतजार है. लेकिन इससे पहले फैंस के लिए एक बुरी खबर सामने आई है. दरअसल इस मैच के लिए फैंस को वीजा संबंधित मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है. मैच के लिए फैंस एक्साइटेड हैं लेकिन वीजा मुद्दों ने बुरी खबर सुना दी है. आइए जानते हैं कि आखिर किस टीम के फैंस को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है.

भारत और पाकिस्तान का मैच चैंपियंस ट्रॉफी में 23 फरवरी को यूएई के दुबई में होने वाला है. भारत और पाकिस्तान दोनों ही देशों के हजारों फैंस अपनी-अपनी टीम को सपोर्ट करने के लिए दुबई पहुंचेंगे. हालांकि पाकिस्तानी फैंस को यूएई से वीजा नहीं मिल रहा है. ऐसे कई मामले सामने आए हैं जहां भारत-पाक मैच का टिकट होने के बावजूद पाकिस्तानियों का वीजा खारिज किया जा रहा है.

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शुक्रवार, 14 फरवरी, 2025






# वैलंटाइंस डे; शालीनता का दामन न छोड़ें

वैलंटाइंस डे उम्मीदों से भरा दिन होता है लेकिन अकसर जाने-अनजाने कपल ऐसी गलतियां कर बैठते हैं जो पूरे दिन का मजा बिगाड़ देती हैं। थोड़ी सावधानी रखी जाए तो इनसे बचा जा सकता है। इस वैलंटाइंस डे पर तैयार रहिए और ये सावधानियां बरतिए।



### जानिए क्या है पसंद

वैलंटाइंस डे पर क्या गिफ्ट दी जाए इसे लेकर बड़ी गफलत रहती है। अक्सर हमें भरोसा रहता है कि हमें अपने बॉयफ्रेंड या गर्लफ्रेंड की पसंद की जानकारी है। लेकिन हम आपको सुझाव दे रहे हैं कि बाद में पछताने से अच्छा है कि आप एक बार थोड़ा होमवर्क कर लें और पक्का कर लें कि उनकी पसंद, नापसंद क्या है।

### क्या वाकई उन्हें इस गिफ्ट की जरूरत है

अकसर हम अपनों को गिफ्ट देते समय उस चीज की अहमियत अपने नजरिए से देखते हैं। पर जरूरी नहीं है कि उन्हें उस चीज की जरूरत हो। ऐसे में वह गिफ्ट कभी न कभी आपके बीच मनमुटाव की वजह बन सकता है। तो भले ही उनके साथ जाकर गिफ्ट खरीदिए लेकिन उन्हें दीजिए वही जो उनके काम आए।

### आज ही सब फाइनल मत कीजिए

माना वैलंटाइंस डे अपनी भावनाओं के इजहार का त्योहार है लेकिन आप चाहें कि अपने बॉयफ्रेंड या गर्लफ्रेंड से आज ही सब कुबूल करवा लें तो यह थोड़ा ज्यादा हो जाएगा। इसलिए शब्दों की जगह उसकी भावनाओं को समझने की कोशिश करें और इस दिन को अधिक से अधिक इंजॉय करें।

कूल दिखना अच्छा है लेकिन यह भी याद रखें कि शालीनता और शिष्टता की अपनी अहमियत होती है। शालीनता चाहे अपनी गर्लफ्रेंड से बात करने में हो या होटल में लंच करते समय टेबल मैनर्स के समय हो। आपकी जरा सी लापरवाही मजा किरकिरा कर देगी।



# सेल्फ लव से मनाएं वैलेंटाइन डे....

वैलेंटाइन डे हो वैलेंटाइन वीक हो या फिर पूरा का पूरा फरवरी महीना इसे बहुत ही प्यार भरा अहसास माना जाता है। ऐसे समय में अधिकतर हमें अपने सिंगल होने का अहसास ज्यादा होता है। ये लगता है कि हमें इस महीने में किसी की जरूरत है और किसी के साथ होने के बाद ही हमें पूरे होने का अहसास होगा। मेरी मानिए और ये सब सोचना छोड़ दीजिए क्योंकि आप अपने आप में ही पूरी हैं। ये ओपन लेटर इसलिए ही तो लिख रही हूं मैं ताकि आपको सिंगल होने का महत्व बता सकूं।

ऐसा नहीं है कि मैंने फरवरी के महीने में सिंगल होने वाली फीलिंग को महसूस नहीं किया है। इतना खूबसूरत मौसम और इतना खूबसूरत महीना कभी-कभी ये अहसास जरूर करवा देता है कि हम अखंड सिंगल हैं और हमारी जिंदगी में जब तक कोई पार्टनर नहीं आता तब तक ये पूरी नहीं होगी। कभी लगता है कि बस कोई मिल जाए, कभी लगता है कि शादी हो जाए, कभी लगता है कि शादी के बगैर ही अच्छे हैं, कभी अपने सिंगल होने पर गर्व होता है और कभी लगता है कि बस रोका ही हो जाए, लेकिन कोई मिल जाए।

अगर आपका मन भी इस कश्मकश में है तो आप अकेली नहीं हैं क्योंकि आपके और मेरी तरह ऐसी ही कई लड़कियां हैं जो हमेशा कंफ्यूज रहती हैं, लेकिन मेरा मानना है कि भगवान के घर देर है अंधेर नहीं। नहीं-नहीं मैं देर-सवेर आपके पार्टनर मिलने की बात नहीं कर रही हूं बल्कि मैं तो ये कह रही हूं कि देर-सवेर ही सही आपकी ये समझ जरूर आ जाएगा कि आप अकेली हैं तो इस पल को भी एन्जॉय करना चाहिए।

### सिंगल रहने के फायदे ......

- आपको किसी का इंतजार नहीं करना है
- आपका पैसा और समय दोनों आपका है जिसे आप अपने हिसाब से खर्च कर सकती हैं
- किसी तरह की बंदिशों में नहीं फंसना है
- आप खुद को प्यार करना सीख सकती हैं
- रिलेशनशिप की परेशानियों से आप हमेशा दूर रहेंगी
- हार्ट ब्रेक से बच सकती हैं

और भी ना जाने कितने फायदे हैं जो सिंगल रहने से आपको मिल सकते हैं। देखिए मैं ये नहीं कह रही कि प्यार और शादी खराब चीज है, लेकिन सिंगल रहने का भी अपना अलग मजा है यार! जरा सोचिए कि रोज डे से लेकर वैलेंटाइन डे तक आप खुद को ही ट्रीट कर सकती हैं और अपनी कंपनी को एन्जॉय कर सकती हैं। एक बात जो मेरी समझ में बहुत देर से आई वो ये कि अगर आप खुद की कंपनी को एन्जॉय करना नहीं सीखेंगी तो एक समय के बाद आपकी कंपनी को एन्जॉय करना भी कोई नहीं सीख पाएगा। फरवरी का महीना खुद से प्यार करने का महीना भी तो हो सकता है। ये वो महीना साबित हो सकता है जब आप खुद को पैंपर करें।

हो सकता है कि मेरी बातें आपको कहने-सुनने में ज्यादा फिल्मी लगें, लेकिन मैं अपनी फेवरेट हूं वाली फिलॉसफी हम सभी को अपनानी चाहिए। जिंदगी की बड़ी से बड़ी मुश्किल और इमोशनल ट्रॉमा इस चीज से थोड़ा कम हो सकता है।

क्या कभी आपने खुद की आवाज सुनने की कोशिश की है? आप खुद क्या करना चाहती हैं और प्यार, इश्क, मोहब्बत, शादी, बच्चों, परिवार से ऊपर आपको खुद को क्या पसंद है? किताबें पढ़ना, कोई फिल्म देखना, किसी जगह घूमने जाना, किसी दोस्त से घंटों बातें करना, घंटों पेंटिंग करना या कुछ क्रिएटिव करना और भी बहुत कुछ। जब हम इस बात पर फोकस करते हैं कि हम सिंगल हैं यही हमारी जिंदगी का सबसे बड़ा दुख है तो खुद को अकेला महसूस करते हैं, लेकिन अगर ये सोचें कि सिंगल रहने से हम खुद पर काम कर सकते हैं और ये कितना फायदेमंद है तो ये महीना बहुत ही अच्छा लगेगा। इस वैलेंटाइन अपने लिए सजें और खुद को पैंपर करें।



# हमेशा याद रहता है पहला वेलेंटाइन डे

पहला वेलेंटाइन डे हमेशा याद रहता है और जीवन की दिशा भी तय करता है। इस दिन लड़का और लड़की दोनों की धड़कनें तेज हो जाती हैं, लड़का जहां कैसे कहूं की उलझन से जूझता रहता है लड़की रिश्ते की नईदुनिया में प्रवेश करने से पहले हिचक भी रही है साथ ही कदम भी पीछे नहीं हटाना चाहती। वेलेंटाइन डे और दीपावली की खुशियाँ एक दूसरे से जुदा हैं यह समझने में वक्त लगता है। रिश्ते में आगे वढ़ते समय दोनों में से कोई एक भी जल्दबाजी दिखा दे तो जीवन भर के लिए गलतफहमियाँ हो जाती हैं। कमिट करने से पहले ठंडे दिमाग से जरूर सोचें फिर आगे बढ़ें। यहां पढ़िए कि इस दिन आपको क्या नहीं करना है।

### आई लव यू कहने में थोड़ा वक्त लगाएं

इसमें शक नहीं कि जो बात आपने अपने स्वीटहार्ट को वेलेंटाइटाइन डे पर कहने के लिए सुरक्षित रखी थी, उसे कहने के लिए आप उतावली हो रही हैं लेकिन पहली बार में ही आई लव यू कह कर कमिट करना समझदारी नहीं है। यह दिन आपको एक दूसरे की भावनाओं को स्वीकार करने और उसे सेलिब्रेट करने का अवसर देता है। सच यह है कि इतनी बड़ी बात तब कहें जब यह दिल की गहराईयों से अपने आप निकल कर आए। आपका पार्टनर भी आपको प्यार करता है या नहीं यह सुनिश्चित करने के बाद ही कहें। यकीन जानिए कि आप प्यार में कितनी ही अंधी क्यों न हो जाएं लेकिन आपके अंदर जो छठी इंद्रीय है वह आपको सावधान करती रहेगी कि प्यार सच्चा है या झूठा। प्यार की अभिव्यक्ति के लिए सुरक्षित इस दिन किया गया कमिटमेंट ज्यादा ड्रामाई होकर मुंह के बल औंधा गिर भी सकता है। इसलिए इस अभिव्यक्ति को सही लम्हे के सामने आने तक इंतजार करें।

### मुझे तुमसे बात करना है

हमने ऐसे हजारों किस्से सुनें है जब दो प्रेमी आपस में भविष्य की 'बात' करने बैठते हैं तो बात बहस में तब्दील हो जाती है और कई बार हमेशा के लिए ब्रेकअप भी हो जाता है। किसी गलत समय पर उठाई गई महत्वपूर्ण बात खोखली नजर आती है। इसलिए अपनी रिलेशनशिप का भविष्य तय करने जितनी गंभीर बात किसी और दिन पर टाल दें। वेलेंटाइन डे इसके लिए उचित दिन नहीं है।


हम सभी यह जानते हैं कि वेलेंटाइन डे का सबसे बड़ा फायदा गिफ्ट आइटम या कार्ड बेचने वालों को होता है, हम यह भी जानते हैं कि प्यार जैसी पवित्र भावना की अभिव्यक्ति साल भर में किसी खास दिन की मोहताज नहीं है। इसका सेलिब्रेशन सारे साल किसी भी दिन मनाया जा सकता है। इसके बावजूद वेलेंटाइन डे का अपना महत्व है इसलिए कभी पार्टनर को इस खास दिन पर यह नहीं कहें कि मैं वैलेंटाइन डे की परवाह नहीं करता। यह दिन अपनी रिलेशनशिप की परीक्षा लेने का नहीं है।

### मेरा तो मूड ऑफ हो गया

इस दिन आपकी आपेक्षाएं बहुत अधिक होती हैं, पहले से प्लान भी बनाए होते हैं। इनमें जरा सी भी गड़बड़ हो तो मूड ऑफ होना स्वाभाविक है लेकिन यहीं आपके धीरज की परीक्षा होती है। जिस रेस्तराँ में आपने वेलेंटाइन डे मनाने का रिजर्वेशन कराया है वह किसी कारण रद्द भी हो सकता है। आपके मन माफिक डिश नहीं हुई या सर्विस लेट हुई तो आप अपने आपको पार्टनर के साथ में अपमानित महसूस करने लगते हैं। याद रखिए कि यह दिन भी दूसरे दिनों की तरह एक सामान्य दिन है। वेटर या रेस्तराँ मैनेजर से झगड़ा करते समय आपका रौद्ररूप देखकर पार्टनर आपसे हमेशा के लिए विमुख भी हो सकती है। यह एक खास दिन है लेकिन किसी की गलती को बहुत दिल पर न लें।

### क्या आज आप डेट पर चलने के लिए फ्री हैं?

यह दिन डेट पर जाने के लिए नहीं होता। खासतौर पर पहले वेलेंटाइन डे पर पार्टनर से डेट पर चलने का आग्रह न करें। वेलेंटाइन डे की पार्टी में अक्सर ऐसे कपल अधिक होते हैं जो पहले से एक दूसरे को जानते हैं और कुछ समय एक दूसरे के साथ बिता चुके हैं। उनसे घिरे आप भी सोचते हैं कि क्या मुझे भी अपने पार्टनर को कुछ लिबर्टी देना चाहिए। दूसरों के देखकर आप भी प्रेरित होते हैं लेकिन यही समय दिमाग ठिकाने पर रखने का होता है। दूसरों को देखकर होश न खो दें, रिलेशनशिप को पकने के लिए थोड़ा समय दें। यकीन जानिए आप वेलेंटाइन डे का बुखार उतरने के बाद दूसरे दिन ज्यादा खुश उठेंगी क्योंकि आपने संयम रखा और भावना के बहाव पर लगाम कसे रखी।



# आखिर 14 फरवरी को ही क्यों मनाया जाता है वैलेंटाइन डे

वैलेंटाइन डे को लव डे माना जाता है। वैलेंटाइन डे ज्यादातर देशों में सेलिब्रेट किया जाता है। इस दिन कपल्स अपने दिल की बात अपने पार्टनर से बताते हैं। वैलेंटाइन वीक का वैलेंटाइन डे यानी 14 फरवरी लव बर्ड्स के लिए बेहद खास होता है। इस दिन को लेकर कई कहानियां प्रचलित हैं लेकिन क्या आपने कभी सोचा कि इस दिन के लिए 12, 13 या 15 तारीख को छोड़कर 14 तारीख ही क्यों चुनी गई।

### इस तरह से हुई वैलेंटाइन डे की शुरूआत

इस दिन की शुरूआत रोमन फेस्टिवल से हुई थी। ऑरिया ऑफ जैकोबस डी वॉरिजन नाम की किताब के मुताबिक, रोम में एक पादरी थे जिनका नाम के संत वैलेंटाइन था। वे दुनिया में प्यार को बढ़ावा देने में विश्वास रखते थे। उनके लिए प्रेम ही जीवन था। लेकिन रोम के राजा क्लॉडियस को पादरी की ये बात बिल्कुल भी पसंद नहीं थी। रोम के राजा का मानना था कि प्रेम और विवाह से पुरूषों की बुद्धि और उनकी शक्ति पर प्रभाव पड़ता है। इस कारण से राजा के राज्य में रहने वाले सैनिक और अधिकारी विवाह नहीं कर सकते थे। राजा के विरोध के बाद भी संत वैलेंटाइन ने रोम के लोगों को प्रेम और विवाह के प्रति प्रेरित किया ताकि प्यार को बढ़ावा मिल सके। इस बात से प्रेरित होकर राजा के राज्य में रहने वाले कई सैनिक और अधिकारियों ने विवाह कर अपने जीवन को आगे बढ़ाया। इस बात से क्रोधित होकर राजा ने पादरी संत वैलेंटाइन को 14 फरवरी, 269 ईसा पूर्व में फांसी पर चढ़ा दिया। उस दिन से हर साल इस दिन को प्यार का दिन यानी वैलेंटाइन डे के रूप में सेलिब्रेट किया जाता है।

### वैलेंटाइन नाम के पीछे की कहानी

आपको बता दें, कि संत वैलेंटाइन ने अपनी मौत के दौरान अपनी आंखों को जेलर की नेत्रहीन बेटी जैकोबस को अपनी आंखों को दान कर दीं और उन्होंने एक पत्र में लिखा तुम्हारा वैलेंटाइन।



# वैलेंटाइन डे पर करें गुलाब से ये 3 काम रिश्ते में नहीं आएगी दरार

**14 फरवरी का दिन वैलेंटाइन डे के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को प्रेम दिवस के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन प्रेमी जोड़े एक दूसरे को गुलाब देकर अपने प्यार का इजहार करते हैं।**

14 फरवरी का दिन वैलेंटाइन डे के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को प्रेम दिवस के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन प्रेमी जोड़े एक दूसरे को गुलाब देकर अपने प्यार का इजहार करते हैं। रिलेशनशिप वालों से लेकर मैरिड कपल्स तक इस दिन को अपने-अपने खास अंदाज में सेलिब्रेट करना नहीं भूलते हैं। वहीं, ज्योतिष शास्त्र में भी इस दिन से जुड़े कुछ उपाय बताये गए हैं जिन्हें आजमाने से आपके रिश्ते में प्यार और भी बढ़ सकता है।

वैलेंटाइन के दिन करें गुलाब के उपाय वैलेंटाइन डे वाले दिन गुलाब का एक फूल लें और अपने पार्टनर या जीवनसाथी के साथ उसे हनुमान जी को अर्पित करें। इसके बाद उस गुलाब के फूल को बेडरूम में या बेडरूम की अलमारी में रखें। ऐसा करने से आपका रिश्ता बेहतर होगा, आपके रिश्ते में मजबूती आएगी, आपसी तालमेल बढ़ने लगेगा।

अगर आपका आए दिन आपके पार्टनर या जीवनसाथी से झगड़ा होता रहता है या फिर आप आपके रिश्ते में खटास आने लगी है तो वैलेंटाइन डे वाले दिन एक गुलाब लें और उसे अपने पार्टनर ईवा अपने ऊपर से उसार लें। फिर उसे जलाएं और उसकी राख को किसी पेड़ की मिट्टी में गाढ़ आएं।

ऐसा करने से आपके रिश्ते को लगी नजर दूर होगी। आपके रिश्ते में मौजूद नकारात्मकता भी नष्ट हो जाएगी। इसके अलावा, आप चाहें तो गुलाब को मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु या भगवान शिव एवं माता पार्वती के चरणों में भी अर्पित कर सकते हैं। उनकी कृपा से आपका रिश्ता बेहतर होगा।

गुलाब से आप एक और कम कर सकते हैं। वैलेंटाइन डे वाले दिन 5 गुलाब के फूल लें। इसके बाद उन गुलाबों को गंगाजल में रखें और वैलेंटाइन डे के अगले दिन उन्हें शिवलिंग पर चढ़ा आएं। ऐसा करने से आपको मनचाहा पार्टनर मिलेगा। वैवाहिक जीवन में मधुरता आने लगेगी। रिश्तों में तनाव नहीं रहेगा।



# अपने पार्टनर को दें मेमोरेबल गिफ्ट्स

**अपनी फीलिंग्स को दर्शाने, किसी रूठे हुए को मनाने या फिर किसी को खुश करने में गिफ्ट्स बहुत ही खास भूमिका निभाते हैं। हर खास मौके पर गिफ्ट्स देने का चलन सदियों पुराना है। हर साल इन खास मौकों के लिए बाजार कई तरह के गिफ्ट्स से सज जाता है। किसी भी उपहार का महत्व तब और बढ़ जाता है जब वह व्यक्ति के स्वभाव एवं उसकी आयु के अनुरूप हो। वेलेंटाइन डे के लिए भी बाजार कई सुंदर और आकर्षक उपहारों से सज चुका है। उपहार देने के लिए बाजार में एक से बढ़कर एक विकल्प मौजूद हैं। ये उपहार आपको सभी की उम्र के हिसाब से मिल जाएंगे।**

### टेडी बियर

इस साल आप वेलेंटाइन डे पर किसी को उपहार देने के बारे में सोच रहे हैं तो मार्केट में म्यूजिकल टेडी बियर है। खासियत यह है कि इस टेडी को दबाने पर इसमें से आई लव यू का म्यूजिक बजेगा और इसमें लगा पंखा आई लव यू को प्रदर्शित करेगा।

### ज्वेलरी बॉक्स

इस साल ज्वेलरी बॉक्स कई सारी वैरायटी और डिजाइनों में छाए हुए हैं। इसमें आपको हार्ट, सोफा सेट, बेड सेट के आकार देखने को मिल सकते हैं। कई कलर्स के साथ इसका लुक भी खूबसूरत डिजाइन किया हुआ है।

### कपल शो पीस

इस खूबसूरत शो पीस की बनावट आपको एक बार देखने के बाद खरीदने पर मजबूर कर देगी। वेलेंटाइन डे पर यह सबसे यूनिक पीस है। आप अपने पति या पत्नी को उपहार देने का विचार कर रहे हैं तो इस शो पीस को चुनना सही रहेगा।

### हैंगिंग स्क्रोलर

इसे शाही फरमान की तरह आप कहीं भी लगा सकते हैं। इसमें तरह-तरह के कोटेशन दिए हुए हैं जो काफी प्रभावित भी करते हैं। इस साल का यूनिक उपहार कह सकते हैं। इस बार युवा वर्ग इस स्क्रोलर को काफी पसंद भी कर रहा है।

### लव बेल

आप उपहार में कुछ हटकर देना चाहते हैं तो लव बेल उपयुक्त है। यह तीन डिजाइन में है। एक डिजाइन में बेल के साथ एंजिल को लगाया गया है तो दूसरी डिजाइन में बेल के साथ हार्ट शेप लगा हुआ है। इसकी आवाज भी बहुत ही कर्णप्रिय है।

### गेम ऑफ लव

इस ग्रीटिंग कार्ड में सांप और सीढ़ी की तरह गेम दिया है। कार्ड बड़ा होने के साथ-साथ इसमें सुंदर कोटेशन आप को देखने को मिल सकते हैं। इसके अलावा बुके कार्ड्स एक से बढ़कर एक आए हैं जो बुके डिजाइन में तैयार किए हुए हैं।

### ज्वेलरी कार्ड

यह ऐसा कार्ड है जिसमें कार्ड के अंदर ज्वेलरी भी दी हुई है। वहीं हिन्दी कार्ड्स के चाहने वालों का क्रेज कम नहीं है। हिन्दी कार्ड्स को लेना भी पसंद कर रहे हैं।

### मैसेज कैप्सूल्स

इस साल मार्केट में एक अलग तरह का गिफ्ट आया हुआ है और वह है मैजेस कैप्सूल्स। इसमें एक बॉटल में आपको कई कैप्सूल्स मिलेंगे और हर कैप्सूल्स के अंदर है एक पर्ची जिसमें है आप अपने प्रिय से जो भी कुछ कहना चाहते हैं वह लिखकर वेलेंटाइन डे पर भेंट करें। हर एक कैप्सूल में उनके लिए होगा एक खास संदेश जो बयां करेगा आपके दिल का हाल। इस वेलेंटाइन यह अपने प्रिय तक दिल की बात पहुंचाने का एक बढ़िया तरीका हो सकता है।

### रोज चॉकलेट बंच

इस बार मार्केट में एक खास किस्म का गिफ्ट आया है इसमें रेड रोज के बीच में चॉकलेट है। जिसे आप इस वेलेंटाइन डे पर अपने खास को दे सकते हैं। यह रोज चॉकलेट बंच आपके दिल की बात के साथ-साथ आपके रिश्ते में मिठास भी घोलेगा तो है न यह एक बेहतरीन गिफ्ट।

### हार्ट शेप्ड सॉफ्ट टॉय

हार्ट शेप्ड सॉफ्ट टॉय तो वेलेंटाइन डे पर और अन्य मौकों पर अपने प्यार को देने के लिए सदाबहार गिफ्ट है। इस साल मार्केट में इनकी काफी सारी और सुंदर वैरायटी मौजूद है। आर्चीस पर एक खास किस्म का हार्ट शेप्ड गिफ्ट आया है। जिसमें हार्ट को ओपन करने पर उसके बीच एक छोटा सा टेडीबियर है। इस गिफ्ट को काफी पसंद किया जा रहा है।

### उपहार के साथ चॉकलेट

कार्ड्स हो या फिर गिफ्ट हो उसके साथ मीठा न दें तो उपहार अधूरा सा लगता है। युवा उपहार के साथ चॉकलेट जरूर देते हैं ताकि सामने वाले पर अलग तरह का प्रभाव पड़े। मार्केट में कई तरह की वैरायटी की चॉकलेट आई हैं। बाजार में मलेशियन और इंडियन चॉकलेट मौजूद हैं। इन सबके अलावा वेलेंटाइन डे के लिए स्पेशल टेडीज गिफ्ट, कपल कीरिंग्स, क्रिस्टल कोटेशन, क्रिस्टल रोजेस, कोटेशन्स, लव शो पीस भी मार्केट में मौजूद हैं।






# बॉक्स ऑफिस पर बड़ी ओपनर बन सकती है विक्की कौशल की छावा

दिनेश विजान निर्मित और लक्ष्मण उतेकर निर्देशित ऐतिहासिक फिल्म छावा को लेकर दर्शकों में एक अलग ही उत्साह नजर आ रहा है। इस फिल्म को लेकर दर्शकों में कितनी दीवानगी इस बात का सबूत फिल्म की 9 फरवरी से शुरू हुई एडवांस बुकिंग से चलता है। मराठा योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज पर आधारित यह फिल्म साल 2025 की अब तक की हाईएस्ट ओपनर बॉलीवुड फिल्म बनने की राह पर अग्रसर है। वैलेंटाइन के दिन 14 फरवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने से पहले ही फिल्म एडवांस बुकिंग में नया रिकॉर्ड भी बना सकती है। जब से छावा के लिए सिनेमाघरों की टिकट खिड़कियां खुली हैं तभी से जमकर टिकट बिक रही है। 9 फरवरी को ही छावा की एडवांस बुकिंग शुरू हुई थी और सिर्फ चार दिन के अंदर ही इसने करोड़ों रुपए की कमाई करने में सफलता प्राप्त कर ली है।

ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार (12 फरवरी) को दोपहर 1 बजे तक फिल्म 2,17,629 टिकट सेल हुई हैं। एडवांस बुकिंग के जरिए लक्ष्मण उतेकर की निर्देशित फिल्म ने 6.15 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। जबकि ब्लॉक सीटों के साथ छावा ने 7.68 करोड़ रुपये कमाए हैं। उम्मीद है कि फिल्म पहले दिन 15 से 18 करोड़ रुपये कमा सकती है। मंगलवार को सुबह 11 बजे तक बॉक्स ऑफिस पर इसके एडवांस बुकिंग के पहले दिन करीब 1.48 लाख टिकट बिक चुके थे, जिससे कुल 4.21 करोड़ रुपए की कमाई हुई। ब्लॉक सीट डेटा सहित प्री-सेल्स बिजनेस के साथ फिल्म ने 5.53 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। कमाई के मुताबिक सबसे ज्यादा कारोबार महाराष्ट्र से हो रहा है जहां दर्शक छत्रपति संभाजी राज की यह फिल्म देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उम्मीद है कि फिल्म छावा पहले दिन 15-18 करोड़ रुपए की कमाई कर सकती है। यह फिल्म छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र छत्रपति संभाजी के जीवन और उनकी वीरता पर आधारित है, जिन्होंने मुगल बादशाह औरंगजेब के साथ युद्ध किया था। बॉक्स ऑफिस को उम्मीद है कि छावा अजय देवगन की मराठा योद्धा तान्हाजी के ज्यादा बड़ी और भव्य फिल्म साबित हो सकती है। इस फिल्म को लेकर महाराष्ट्र के दर्शकों में जबरदस्त जुनून नजर आ रहा है। फिल्म के ट्रेलर ने दर्शकों को प्रभावित किया है। हालांकि सेंसर बोर्ड ने फिल्म के कुछ दृश्यों और संवादों को हटाने का निर्देश निर्माताओं को दिया जिसे उन्होंने तुरन्त स्वीकार करते हुए उनमें संशोधन कर दिया है। अजय देवगन की तान्हाजी ने अपने समय में बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ से ज्यादा का कारोबार किया था। छावा अगर उनके इस रिकॉर्ड को तोड़ने में सफल हो जाती है तो यह तय है कि विक्की कौशल हिन्दी सिनेमा के बड़े सितारों में शुमार हो जाएंगे।



# टॉक्सिक की शूटिंग दो भाषाओं में कर रहीं हैं कियारा आडवाणी

**अभिनेत्री कियारा आडवाणी इन दिनों अपनी पहली कन्नड़ फिल्म टॉक्सिक की शूटिंग में व्यस्त हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक गीता मोहनदास के हाथों में है। यह फिल्म एक हाई-ऑक्टेन एक्शन गैंगस्टर ड्रामा है, जिसे अंग्रेजी और कन्नड़ दोनों भाषाओं में एक साथ शूट किया जा रहा है।**

## दो भाषाओं में कियारा कर रहीं शूटिंग

बीते काफी समय से कियारा का करियर कुछ खास नहीं चल रहा है। ऐसे में टॉक्सिक से उन्हें काफी ज्यादा उम्मीदें हैं। इस फिल्म को लेकर वह काफी ज्यादा मेहनत भी कर रही हैं। कियारा आडवाणी इस फिल्म में दोनों भाषाओं (अंग्रेजी और कन्नड़) में अपने संवादों को प्रस्तुत करेंगी, जो उनके करियर में एक महत्वपूर्ण कदम है। फिल्म में यश मुख्य भूमिका में हैं। केजीएफ चैप्टर 2 के बाद यश इस फिल्म से बड़े पर्दे पर वापसी करने जा रहे हैं। यही वजह है कि इस नई जोड़ी को पर्दे पर देखने के लिए फैंस काफी ज्यादा उत्सुक नजर आ रहे हैं।

टॉक्सिक का निर्माण केवीएन प्रोडक्शंस और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स की ओर से किया जा रहा है। यह फिल्म इस साल वैश्विक स्तर पर सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की शूटिंग बेंगलुरु में चल रही है। निर्देशक गीता मोहनदास से दर्शक शानदार एक्शन और कहानी की उम्मीदें लगाए बैठे हैं।

## वॉर में भी जल्द आएंगी नजर

वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में कियारा आडवाणी को फिल्म गेम चेंजर में देखा गया था। इस फिल्म में वह राम चरण के साथ दिखी थीं। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म बुरी तरह फ्लॉप हुई थी। वहीं, उनकी आगामी फिल्म की बात करें तो वह जल्द ही वॉर 2 में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ दिखेंगी।



# विवाद के बीच समय रैना के बचाव में आईं उर्फी

**समय रैना के शो इंडियाज गॉट लैटेंट में अभद्र टिप्पणी को लेकर रणवीर इलाहाबादिया विवादों में हैं। समय रैना पर भी सवाल उठ रहे हैं। इस बीच उर्फी जावेद कथित फ्रेंड समय रैना के बचाव में आई हैं।**

मशहूर यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने हाल ही में समय रैना के शो इंडियाज गॉट लैटेंट में परिवार को लेकर अश्लील टिप्पणी की। उन्होंने जो कुछ भी कहा, उस पर विवाद हो रहा है। रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना सहित कई लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज है। रणवीर की अलोचना हो रही है तो समय रैना पर भी सवाल उठ रहे हैं। यूट्यूब पर आपत्तिजनक कंटेंट दिखाने के लिए समय को जेल भेजने की मांग की जा रही है। इस पर उर्फी जावेद कथित दोस्त के बचाव में आई हैं।

## जेल नहीं भेजना चाहिए

समय रैना के शो इंडियाज गॉट लैटेंट को यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया के साथ पिछले एपिसोड को लेकर कड़ी आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। शो में कथित तौर पर अपमानजनक भाषा के इस्तेमाल को लेकर दोनों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है। रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना की जमकर आलोचना हो रही है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए उर्फी जावेद कहा है, भले ही पैनल पर इस तरह की टिप्पणियां की गईं, जो आपत्तिजनक थीं, लेकिन इसके लिए उन्हें जेल नहीं भेजना चाहिए।

## जो कहा वो गलत था, लेकिन...

उर्फी जावेद ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा है, आपको कुछ लोग पसंद नहीं हैं, आपको उनकी कही या की गई बातें पसंद नहीं हैं, लेकिन इसके लिए आप उन्हें जेल भेजने की मांग कर रहे हैं? क्या वाकई? मुझे नहीं पता। समय दोस्त है, मैं उनका साथ देती हूं, लेकिन पैनल के बाकी लोगों ने जो कहा वह आपत्तिजनक था। वह टिप्पणी आपत्तिजनक थीं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि वे इसके लिए जेल जाने के लायक हैं।



# इमरजेंसी देख मृणाल ठाकुर ने की कंगना रनौत की तारीफ



बॉलीवुड अभिनेत्री मृणाल ठाकुर ने कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी देखी। इसके बाद उन्होंने एक ट्रोल द्वारा इसे प्रोपेगैंडा फिल्म कहे जाने के बाद कंगना का बचाव किया। मृणाल ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कंगना की तारीफ की है।

## मृणाल ठाकुर ने की इमरजेंसी की तारीफ

मृणाल ठाकुर ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कंगना रनौत की तस्वीर शेयर कर उनकी तारीफ की है। उन्होंने लिखा, मैंने अभी-अभी अपने पिता के साथ सिनेमाघरों में इमरजेंसी देखी और मैं अभी भी उस अनुभव से उबर नहीं पाई हूं! कंगना रनौत की बहुत बड़ी प्रशंसक होने के नाते, मैं इस फिल्म को बड़े पर्दे पर देखने का बेसब्री से इंतजार कर रही थी और यह एक बेहतरीन फिल्म थी।

## मृणाल ने की कंगना की तारीफ

मृणाल ने लिखा, गैंगस्टर से लेकर क्वीन, तनु वेड्स मनु से लेकर मणिकर्णिका, थलाइवी और अब इमरजेंसी तक कंगना लगातार अपनी सीमाओं को लांघकर काम करती जाती हैं। इस फिल्म में कंगना का निर्देशन और अदाकारी दोनों शानदार हैं। कंगना, आप सिर्फ एक अभिनेता नहीं हैं। आप एक सच्ची कलाकार और प्रेरणा हैं। उनकी चुनौती पूर्ण भूमिकाएं हमेशा सबको प्रेरित करती हैं। कंगना रनौत और उनकी फिल्म की पूरी टीम ने एक बहुत शानदार मास्टर पीस बनाया है। मैं इसे बड़े पर्दे पर देख सकी, ये मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। मैं आपकी तारीफ करना कभी बंद नहीं करूंगी। कंगना की फिल्म को लेकर मृणाल ने कहा कि पटकथा, संवाद, संगीत और संपादन बहुत अच्छे और अट्रैक्टिव हैं। उन्होंने फिल्म में नजर आए सभी कलाकारों की तारीफ की है। उन्होंने लिखा, अभिनेता ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

# 'विश्वम्भरा' के सॉन्ग सीक्वेंस के लिए शूट करेंगे चिरंजीवी

मेगास्टार चिरंजीवी की तीन फिल्में आने वाली हैं। उन्हीं में से एक है 'विश्वम्भरा', जिसकी शूटिंग अभी चल रही है। इस फिल्म का निर्देशन वशिष्ठ मल्लिदी कर रहे हैं और अभिनेत्री त्रिशा मुख्य भूमिका में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चिरंजीवी फिल्म का एक गाना शूट करने वाले हैं। इस सीक्वेंस में उनके साथ और कौन शामिल होगा इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। इस गाने का म्यूजिक ऑस्कर विजेता एमएम कीरवानी ने तैयार किया है कहा जा रहा है कि फिल्म 9 मई 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी, हालांकि निर्माताओं द्वारा इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है। इसके स्टार कास्ट की बात करें तो फिल्म में चिरंजीवी के अलावा आशिका रंगनाथ, राम्या पसुपुलेटी, ईशा चावला, आश्रिता और अन्य कलाकार शामिल हैं। इस फिल्म में कुणाल कपूर खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं।





# बी प्राक ने कैंसिल किया रणवीर अलाहबादिया का पॉडकास्ट

**पेरेंट्स और महिलाओं पर भद्दे कमेंट मामले के बाद सिंगर बी प्राक ने यूट्यूबर रणवीर अलाहबादिया के पॉडकास्ट में जाने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा- मैं बीयर बाइसेप्स के पॉडकास्ट में जाने वाला था, लेकिन अब इसे कैंसिल कर दिया है। वजह उनकी गिरी हुई मानसिकता है। समय रैना के शो में कैसे शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। यह हमारा इंडियन कल्चर नहीं है। बी प्राक ने यह बातें इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर कर कहीं।**

## 'रणवीर आप सनातन धर्म को प्रमोट करते हैं, लेकिन सोच घटिया'

बी प्राक ने कहा, 'आप (रणवीर) अपने पेरेंट्स की कौन सी स्टोरी बता रहे हैं। आप उनकी कौन सी बातें कर रहे हैं। किस तरीके से यह बातें कर रहे हैं। यह कॉमेडी है? इसे कॉमेडी तो बिल्कुल नहीं कहते। लोगों को गालियां देना, लोगों को गालियां सिखाना स्टैंड-अप कॉमेडी नहीं है। मुझे समझ ही नहीं आ रहा है कि यह कौन सी जनरेशन है। शो में एक सरदार (बलराज घई) जी आते हैं। सरदार जी आप एक सिख हैं, क्या आपको यह चीजें शोभा देती हैं। सरदार जी इंस्टाग्राम के वीडियो में कहते हैं कि मैं गालियां देता हूं, क्या प्रॉब्लम है। हमें प्रॉब्लम है और रहेगी। रणवीर अलाहबादिया आप सनातन धर्म को प्रमोट करते हैं। इतने बड़े-बड़े लोग आपके पॉडकास्ट में आते हैं, बड़े-बड़े संत आते हैं और आपकी इतनी घटिया सोच है। आप इतने फेमस हो गए हैं। आपको तो यह दिखाना चाहिए कि अपने कल्चर को कैसे प्रमोट करें।'

सिंगर कहते हैं, 'दोस्तों मैं आपसे एक ही बात बोलूंगा कि अगर हम यह सारी चीजें नहीं रोक पाए, तो हमारी आने वाली जनरेशन का भविष्य बहुत खराब होगा। मैं समय रैना समेत सभी कॉमेडियन से हाथ जोड़कर विनती करता हूं कि ऐसा मत करिए। हमारे इंडियन कल्चर को बचा कर रखिए और लोगों को मोटिवेट करिए। ऐसा कंटेंट बनाइए कि आने वाली जनरेशन को प्रेरणा मिले। थैंक्यू, राधे-राधे। इंडियाज गॉट लेटेंट स्टैंड-अप कॉमेडियन समय रैना का शो है, जिस पर विवाद हो रहा है। यह एपिसोड 8 फरवरी को यूट्यूब पर रिलीज किया गया था। हालांकि विवाद बढ़ने के बाद एपिसोड को यूट्यूब से हटा दिया गया है। इस शो में पेरेंट्स और महिलाओं को लेकर ऐसी बातें कही गईं। समय रैना के इस शो में बोल्ड कॉमेडी कंटेंट होता है। शो के दुनियाभर में 73 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर हैं। शो के हर एपिसोड को यूट्यूब पर औसतन 20 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिलते हैं। समय और बलराज घई को छोड़कर शो के हर एपिसोड में जज बदलते रहते हैं। हर एपिसोड में नए कंटेस्टेंट को परफॉर्म करने का मौका मिलता है। कंटेस्टेंट को अपना टैलेंट दिखाने के लिए 90 सेकेंड दिया जाता है।



# दर्शकों को नहीं पसंद आई जुनैद-खुशी की कॉमेडी

लवयापा बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप होने की कगार पर पहुंच चुकी है। यह फिल्म अपने बजट का मुश्किल से 10 फीसदी ही कमा सकी है। सप्ताहांत के बाद फिल्म की कमाई अब लाखों तक ही सीमित रह गई है। सोमवार को इस फिल्म ने 55 लाख रुपये का कलेक्शन किया। वहीं, पांचवें दिन इस फिल्म ने 50 लाख रुपये का कलेक्शन किया। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई अब पांच करोड़ 60 लाख रुपये हो गई है।